खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 11°C

लखनऊ, शुक्रवार 27 फरवरी 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 113 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 9 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## नौवां रोज़ा

### ज़कात का ज़ेवर है नौवां रोज़ा

इस्लाम मजहब में ज़कात की बड़ी अहमियत है। कुरआने-पाक के पहले पारे में अल्लाह का इरशाद है, और नमाज कायम रखो और ज़कात दो और रुकूअ करने वालों के साथ रुकूअ करो। ज़कात, दोस्ती का दस्तावेज तो है ही, रोज़े का ज़ेवर भी है। ज़कात का ज़ेवर रोज़े की ज़ैब-ओ-ज़ीनत बढ़ाता है। ज़कात में दिखावा नहीं होना चाहिए। ज़कात का दिखावा, 'दिखावे' की ज़कात बन जाएगा। दिखावा शैतानियत का निशान है, इंसानियत की पहचान नहीं। रोज़ा पाकीज़गी का परचम और इंसानियत का हमदम है। इसलिए इंसानियत भी। रूहानियत की ताकत है रोज़ा, रोज़े की ताकत है ज़कात। हजरत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने फर्माया, रोज़ा रखते हुए शख्स को बुरी बात कहने से बचना चाहिए, यह भी ज़कात है।

# एनसीईआरटी की पुस्तक के पुनर्मुद्रण व डिजिटल प्रसार पर पूर्ण रोक

## सुप्रीम कोर्ट ने प्रचलन में मौजूद सामाजिक विज्ञान की किताबों की प्रतियों को तुरंत जब्त करने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की कक्षा आठ की सामाजिक विज्ञान की उस पाठ्यपुस्तक के पुनर्मुद्रण और डिजिटल प्रसार पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है, जिसमें न्यायपालिका में भ्रष्टाचार का संदर्भ दिया गया था।

न्यायालय ने प्रचलन में मौजूद किताबों की प्रतियों को तुरंत जब्त करने का निर्देश दिया और इस संबंध में दो सप्ताह के भीतर अनुपालन रिपोर्ट मांगी। न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि यह एनसीईआरटी के निदेशक और उन सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी, जहां यह किताब पहुंची है। उन्हें अपने परिसर में मौजूद किताब की सभी प्रतियों को तुरंत जब्त कर सील करना होगा। शीर्ष अदालत ने यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि संबंधित पुस्तक के आधार पर छात्रों को कोई निर्देश या शिक्षा न दी जाए। सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को इस आदेश का पालन करने और दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट भेजने को कहा गया है। शीर्ष अदालत ने चेतावनी दी कि इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों या बदले हुए शीर्षकों के जिरए इस आदेश का उल्लंघन करने की किसी भी कोशिश को अदालत की अवमानना और निर्देशों की सीधी अवहेलना माना जाएगा। इससे पहले बुधवार को मुख्य न्यायाधीश ने पुस्तक की सामग्री पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा था कि वह किसी को भी संस्था को बदनाम करने की अनुमति नहीं देंगे। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के नेतृत्व वाली पीठ ने इसे न्यायपालिका के खिलाफ एक गहरी साजिश करार दिया।



### एनसीईआरटी मामले में न्यायपालिका के आदेश का पालन किया जाएगा : धर्मेन्द्र प्रधान

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने एनसीईआरटी की आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक विवाद पर कहा कि सरकार न्यायपालिका का पूरा सम्मान करती है और उच्चतम न्यायालय के सभी निर्देशों का पालन किया जाएगा। श्री प्रधान ने उच्चतम न्यायालय के एनसीईआरटी की कक्षा आठ की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक के पुनर्मुद्रण और डिजिटल प्रसार पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के आदेश पर गुरूवार को अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम न्यायपालिका का पूरा सम्मान करते हैं। न्यायपालिका ने जो भी कहा है, हम उसका पूरा पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि जो भी हुआ है, उससे मैं दुखी हूं, और मैं इस पर अफसोस जताता हूं।

### युवा कांग्रेस ने संगठन के नेताओं की रिहाई के लिए किया सत्याग्रह

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब तथा संगठन के अन्य कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के विरोध में युवा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को यहां शांतिपूर्ण सत्याग्रह किया। युवा कांग्रेस के प्रवक्ता वरुण पांडे ने गुरुवार को बताया कि सत्याग्रह में देश भर से आए युवा कांग्रेस कार्यकर्ता और राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य तथा युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शामिल हुए। श्री पांडे ने बताया कि सत्याग्रह में कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव आदि शामिल हुए।




### अजित पवार प्लेन क्रैश: भतीजे रोहित व योगेंद्र बारामती पहुंचे

**बारामती।** महाराष्ट्र के पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार के प्लेन क्रैश मामले में अजित के दोनों भतीजे रोहित और योगेंद्र पवार गुरुवार सुबह बारामती पहुंचे। यहां दोनों ने बारामती ग्रामीण पुलिस थाने पहुंचकर क्रैश मामले में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) और एयरक्राफ्ट कंपनी वीएसआर के खिलाफ एफआईआर की मांगी की। नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी-एससीपी) के विधायक रोहित पवार ने थाने से बाहर आकर कहा कि हमारी पुलिस के साथ 2 घंटे बातचीत हुई, पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की है।

# इजरायल में भारतीय UPI चलेगा

## मोदी-नेतन्याहू की बैठक में समझौता, पीएम मोदी बोलेः जल्द फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करेंगे

**तेल अवीव।** प्रधानमंत्री मोदी इजरायल दौरे के दूसरे दिन सबसे पहले यरूशलम के होलोकास्ट मेमोरियल 'याद वाशेम' पहुंचे। यहां उन्होंने हिटलर के नाजी शासन में मारे गए 60 लाख यहूदियों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद इजरायली राष्ट्रपति इसाक हर्जोग से मुलाकात की। इस दौरान इसाक ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ी है, जो पूरी दुनिया का ध्यान खींच रही है।

वहीं, पीएम मोदी ने इजरायली राष्ट्रपति को भारत आने का न्योता दिया। फिर पीएम मोदी और इजरायली पीएम नेतन्याहू ने द्विपक्षीय मीटिंग के बाद जाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान बताया गया है कि इजरायल में भी अब भारत का यूपीआई पेमेंट सिस्टम चलेगा। पीएम मोदी ने कहा कि भारत जल्द इजरायल के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) करेगा। मोदी बुधवार को इजरायल पहुंचे थे। नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा ने एयरपोर्ट पर मोदी को रिसीव किया था। इसके बाद पीएम मोदी ने इजरायली संसद नेसेट को भी संबोधित किया। उन्हें संसद का सर्वोच्च सम्मान 'स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल' दिया गया। मोदी नेसेट को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने। मोदी ने इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू और वहां की जनता का गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए धन्यवाद दिया। नेसेट (इजरायली संसद) से मिले सम्मान को उन्होंने 140 करोड़ भारतीयों और भारत-इजरायल दोस्ती को समर्पित किया। कहा कि दोनों देशों के रिश्ते भरोसे, लोकतंत्र और इंसानी मूल्यों पर बने हैं। अब इस रिश्ते को स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप का दर्जा देने का फैसला हुआ है। यह दोनों देशों के लोगों की उम्मीदों को दर्शाता है। दोनों देश व्यापार और निवेश बढ़ाने पर काम कर रहे हैं। जल्द ही फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पूरा करने की कोशिश होगी। एआई, क्वांटम टेक्नोलॉजी और जरूरी खनिज जैसे क्षेत्रों में साथ काम होगा। इजरायल में यूपीआई इस्तेमाल के लिए समझौता हुआ है। रक्षा, अंतरिक्ष और ऊर्जा सहयोग- रक्षा क्षेत्र में दोनों दोशों का भरोसेमंद सहयोग है, जिसे और बढ़ाया जाएगा। जाइंट डेवलपमेंट, प्रोडक्शन और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर पर काम होगा। सिविल न्यूक्लियर एनर्जी और स्पेस सेक्टर में भी साझेदारी बढ़ेगी। किसानों और गांवों के लिए नई पहल- कृषि क्षेत्र में दोनों देशों का सहयोग पहले से सफल रहा है। भारत में इजरायल की मदद से बने सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस की संख्या 100 तक बढ़ाई जाएगी। गांव-गांव तक नई खेती तकनीक पहुंचाने के लिए 'विलेज ऑफ एक्सीलेंस' बनाए जाएंगे। इससे किसानों की आय और उत्पादन बढ़ेगा। भारतीय कामगारों ने इजरायल में मेहनत से भरोसा जीता है। अब सहयोग को कामर्स और सर्विस सेक्टर तक बढ़ाया जाएगा। युवाओं और रिसर्चर्स को जोड़ने के लिए इंडिया-इजरायल अकादमिक फोरम बनेगा। वैश्विक मुद्दों पर साझेदारी- दोनों देशों ने आईएमईसी कॉरिडोर और आई2यू2 ग्रुप जैसे प्रोजेक्ट आगे बढ़ाने पर चर्चा की।



- इजरायल आना मेरे लिए गर्व की बात: मोदी
- भारत और इजरायल के बीच 16 एमओयू हुए साइन
- फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर बातचीत का पहला दौर पूरा

### पीएम मोदी इंस्टाग्राम पर 10 करोड़ फालोअर्स वाले पहले नेता

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी के इंस्टाग्राम पर 100 मिलियन, यानी 10 करोड़ फालोअर्स हो गए हैं। इस प्लेटफॉर्म पर यह उपलब्धि हासिल करने वाले वे दुनिया के पहले लीडर और पालिटिशियन बन गए हैं। पीएम मोदी 2014 में इंस्टाग्राम से जुड़े थे। यहां उनके अमेरिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रम्प से दोगुने से भी ज्यादा फालोअर्स हैं। ट्रम्प 43.2 मिलियन फालोअर्स के साथ दूसरे नंबर पर हैं। दुनिया के 5 बड़े लीडर्स के कुल फालोअर्स की संख्या मोदी के अकेले फालोअर्स की संख्या से कम है। ट्रम्प के बाद इंडोनेशिया के प्रेसिडेंट प्रबोवो सुबियांटो 15 मिलियन फालोअर्स का नंबर आता है। ब्राजील के प्रेसिडेंट लूला 14.4 मिलियन फालोअर्स के साथ चौथे नंबर पर हैं। तुर्की के प्रेसिडेंट एर्दोगन के 11.6 मिलियन फालोअर्स हैं। पीएम मोदी ने बुधवार देर रात इंस्टाग्राम पर 100 मिलियन फालोअर्स का आंकड़ा छुआ। 2025 में पीएम मोदी के फालोअर्स 95 मिलियन हुए। इसकी के साथ उनका अकाउंट ग्लोबल इन्फ्लुएंसर्स अकाउंट्स की लिस्ट में जोड़ा गया। उनकी पोस्ट को लाखों-करोड़ों लाइक्स मिलना आम बात हुई।

# मियां मुसलमान विवाद पर असम सीएम को हाईकोर्ट का नोटिस

गुवाहाटी, वार्ता

**असम के मुख्यमंत्री** हिमंता बिस्वा सरमा के मियां मुसलमान वाले बयान पर गुवाहाटी हाइकोर्ट ने नोटिस जारी किया है। ये नोटिस राज्य में माइनॉरिटी कम्युनिटी के खिलाफ हेट स्पीच देने से रोकने के लिए निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के बाद जारी किया गया।

याचिका में कहा गया था कि सीएम सरमा के हेट स्पीच के वीडियो वायरल होने के बावजूद, असम पुलिस ने खुद से एफआईआर दर्ज नहीं की है। इसमें दावा किया गया है कि सीएम के खिलाफ कार्रवाई न करने से सजा से बचने का माहौल और डरावना असर होता है। असमिया स्कॉलर डा. हिरेन गोहेन और दो अन्य लोगों ने इसे दायर किया था। इस महीने की शुरुआत में सुप्रीम कोर्ट ने पिटीशनर्स से कहा था कि वे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएं। मामले की सुनवाई के बाद, चीफ जस्टिस आशुतोष कुमार और जस्टिस अरुण देव चौधरी की डिवीजन बेंच ने केंद्र सरकार, असम सरकार, डीजीपी और मुख्यमंत्री को नोटिस जाकी किया। कोर्ट ने अंतरिम राहत की अर्जी पर भी नोटिस जारी किया। कोर्ट ने यह भी कहा कि इस स्टेज पर भाजपा को नोटिस जारी करना जरूरी नहीं है। एक पिटीशनर की ओर से पेश हुए सीनियर वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि इस व्यक्ति के काम की एक जैसी, लगातार और आदतन प्रकृति को देखिए। वह अपने पद की शपथ और आर्टिकल 14, 15 के हर जाने-माने नियम, प्रस्तावना के शब्दों, सेक्युलरिज्म और भाईचारे और बीएनएस के नियमों का उल्लंघन कर रहा है। सिंघवी ने कहा कि जब कोई पब्लिक ऑफिस की शपथ लेता है, खासकर राज्य का सीएम, तो ऐसे मामले मंजूर नहीं हैं। सिंघवी ने 2023 में छत्तीसगढ़ में सरमा की एक कथित टिप्पणी का जिक्र किया।

**याचिका में हिमंता को हेट स्पीच देने से रोकने की मांग की गई थी, कोर्ट ने केंद्र और असम डीजीपी को भी नोटिस भेजा**



### दिल्ली हाईकोर्ट का सैनिकों के हक में फैसला

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि सशस्त्र बलों के कर्मियों की दिव्यांगता पेंशन को सिर्फ यह कहकर नहीं रोका जा सकता कि बीमारी 'लाइफस्टाइल डिसऑर्डर' है या वह पीस एरिया में तैनाती के दौरान हुई।

हाईकोर्ट ने कहा कि गैर-ऑपरेशनल क्षेत्रों में भी सैन्य सेवा तनावपूर्ण होती है और इससे गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। बता दें कि सेना में 'पीस पोस्टिंग' का मतलब है कि सैनिक या अधिकारी की पोस्टिंग बॉर्डर पर नहीं बल्कि शांत और सुरक्षित शहरों या छावनियों में होती है। जस्टिस वी. कामेश्वर राव और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की डिवीजन बेंच ने आर्म्ड फोर्सेज ट्रिब्यूनल (एएफटी) के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें भारतीय वायुसेना के रिटायर्ड अधिकारी की दिव्यांग पेंशन याचिका खारिज कर दी गई थी। वे हाई ब्लड प्रेशर (हाइपरटेंशन) और कोरोनरी आर्टरी डिजीज से पीड़ित हैं। कोर्ट ने साफ कहा कि यह मायने नहीं रखता कि बीमारी फील्ड एरिया में हुई या पीस पोस्टिंग में।

- कहा: लाइफस्टाइल डिसऑर्डर बताकर दिव्यांगता पेंशन नहीं रोक सकते, सैन्य सेवा हर परिस्थिति में तनावपूर्ण

# ईडी ने तीन करोड़ से अधिक की अचल संपत्ति की कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक मामले में 3.35 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति कुर्क की है। ईडी के नागपुर उप-क्षेत्रीय कार्यालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सचिन शत्रुघ्न पांडे और उनके परिवार के सदस्यों की कुर्क की गई संपत्तियों में तीन व्यावसायिक दुकानें और दो भूखंड शामिल हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल 10.37 एकड़ है। पीएमएलए जांच नागपुर के धंतोली और सीताबल्डी पुलिस स्टेशनों में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत सचिन शत्रुघ्न पांडे और उनके सहयोगियों के खिलाफ उनकी कथित आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता के लिए दर्ज प्राथमिकी के आधार पर शुरू की गई थी। जांच में यह खुलासा हुआ कि सचिन शत्रुघ्न पांडे और उनकी पत्नी श्रीमती खुशी सचिन पांडे ने नागपुर में दो संपत्तियों में कोई हिस्सेदारी न होने के बावजूद, उन संपत्तियों को 2.5 करोड़ रुपये में बेचने के लिए शिकायतकर्ता अमित कोठारी के साथ जानबूझकर समझौता किया और 2-2 करोड़ रुपये नकद प्राप्त किए। बाद में जब शिकायतकर्ता के पक्ष में संपत्तियों को स्थानांतरित करने वाला बिक्री विलेख (डीड) निष्पादित नहीं किया गया, तो आरोपियों ने समझौता किया।

- जब्त संपत्ति में तीन व्यावसायिक दुकानें और दो भूखंड शामिल

**तुरन्त आवश्यकता**

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177



## संक्षिप्त समाचार

### मानव सम्पदा पोर्टल पर संपत्ति का विवरण न देने वाले कर्मचारियों को 10 तक मौका

**लखनऊ।** मानव सम्पदा पोर्टल पर सम्पत्ति का विवरण न देने वाले 47 हजार 816 कर्मचारियों को राहत देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने अंतिम मौका दिया है। मुख्य सचिव एसपी गोयल की तरफ से गुरुवार को सभी एसीएस और प्रमुख सचिवों सहित विभागा ध्यक्षों और मण्डलायुक्तों को आदेश जारी कर 10 मार्च तक अपलोड कराने के निर्देश दिया हैं। कर्मचारियों को 31 जनवरी तक सम्पत्ति का विवरण देना था। गोयल द्वारा जारी शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित अवधि तक संपत्ति का विवरण दर्ज न करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। ऐसे कर्मचारियों की पदोन्नति पर विचार नहीं किया जाएगा, उन्हें एसीपी का लाभ नहीं मिलेगा तथा विदेश यात्रा और प्रतिनियुक्ति के लिए विजिलेंस क्लियरेंस भी नहीं दी जाएगी।

### उप्र के हर जिले में विकसित होंगे मॉडल तालाब

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार ने तालाबों के पर्यावरणीय और सामाजिक महत्व को पुनर्स्थापित करने के उद्देश्य से प्रदेश के प्रत्येक जिले में 100-100 तालाबों को 'मॉडल तालाब' के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण समुदाय के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इन मॉडल तालाबों को ग्रे वाटर और प्लास्टिक अपशिष्ट से मुक्त बनाया जाएगा। इससे जल की गुणवत्ता में सुधार होगा तथा मच्छरजिनत रोगों में कमी आने की उम्मीद है। ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब जल संचयन, भूजल रिचार्ज, सिंचाई, जैव विविधता संरक्षण और सामाजिक गति. विधियों के केंद्र रहे हैं।

# मोदी ने किया इजरायल का खुला बचाव: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेल अबीव में इजराइल की संसद में बुधवार को दिए अपने भाषण पूरी तरह से इजरायल का बचाव किया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को यहां एक बयान में कहा कि इजरायल की संसद कनेसेट में मोदी में जो भी बात कही उसमें इजरायल का बचाव था।

कांग्रेस मांग करती रही है कि इजरायली संसद में मोदी गाजा में हुए नरसंहार का मुद्दा भी उठाएं। रमेश ने कहा ष्कल कनेसेट में दिए गए अपने संबोधन में-जो उनके मेजबान का खुला बचाव था। मोदी ने इस तथ्य पर ध्यान दिलाया कि जिस दिन उनका जन्म हुआ था, उसी दिन भारत ने इजरायल



को एक नए राष्ट्र के रूप में मान्यता दी थी। कांग्रेस नेता ने इजरायल की स्थापना को लेकर विस्तृत विवरण देते हुए बताया कि 13 जून 1947 को अल्बर्ट आइंस्टीन ने इजरायल की स्थापना के विषय पर जवाहरलाल नेहरू को पत्र लिखा था। एक महीने बाद नेहरू ने आइंस्टीन को उसका उत्तर दिया। 5 नवम्बर 1949 को दोनों की मुलाकात प्रिसटन स्थित आइंस्टीन के घर पर हुई थी। नवम्बर 1952 में आइंस्टीन को इजरायल के राष्ट्रपति पद का प्रस्ताव दिया गया था, जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया।

### नेहरू ने देश के हितों के साथ कई बार किया था समझौता: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू पर देश के हितों के साथ कई बार समझौता करने का आरोप लगाया और कांग्रेस और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधा। पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में राहुल गांधी पर देश की छवि को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि श्री गांधी द्वारा इस्तेमाल किया जा रहा कंप्रोमाइज्ड (समझौता) शब्द गलत है। असल में देश को कमजोर करने वाले फैसले नेहरू के शासन काल में लिए गए थे।

# कांशीराम के नाम पर राजनीति कर रही है सपा: मायावती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी द्वारा बसपा संस्थापक कांशीराम की जयंती को 'पीडीए दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा पर बहुजन समाज पार्टी द्धबसपाऋ की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने तंज कसते हुए कहा कि सपा का चाल, चरित्र और चेहरा हमेशा से ही दलितों, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और बहुजन समाज विरोधी रहा है। सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा- कांशीराम की जयंती पर 'पीडीए दिवस' मनाने की घोषणा सपा की शुद्ध राजनी. तिक नाटकबाजी है और यह बहुजन समाज के लोगों को भ्रमित करने का प्रयास मात्र है। सपा का इतिहास दलितों और कमजोर वर्गों के साथ अन्याय-अत्याचार से भरा रहा है। उन्होंने 1993 के सपा-बसपा गठबंधन और 2 जून 1995 के लखनऊ स्टेट गेस्ट हाउस कांड का उल्लेख करते हुए कहा कि वह घटना बहुजन समाज के सम्मान पर सीधा हमला थी, जो इतिहास में दर्ज है और जिसे भुलाया नहीं जा सकता। बसपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि सपा सरकारों ने





**कांशीराम की जयंती को 'पीडीए दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा पर दी तीखी प्रतिक्रिया**

कांशीराम और बहुजन महापुरुषों के सम्मान में किए गए कई कार्यों को बदलने या समाप्त करने का काम किया। उन्होंने कहा कि बसपा सरकार द्वारा कांशीराम नगर, संत रविदास नगर और कांशीराम के नाम पर स्थापित संस्थानों के नाम सपा सरकार ने बदल दिए, जो बहुजन समाज के साथ विश्वासघात है। मायावती ने यह भी आरोप लगाया कि सपा ने मुस्लिम समाज के साथ भी वादाखिलाफी की और अपने शासनकाल में साम्प्रदायिक दंगों को रोकने में असफल रही। उन्होंने कहा कि सपा और भाजपा एक-दूसरे की राजनीति को मजबूत करने का काम करती रही हैं, जिससे प्रदेश की जनता को नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि सपा को यह जवाब देना चाहिए कि कांशीराम के निधन के बाद उन्हें उचित राजकीय सम्मान क्यों नहीं दिया गया।

### बसपा विधायक की कंपनी पर आयकर की छापामार कार्रवाई

**कौशांबी।** बहुजन समाज पार्टी विधायक उमाशंकर सिंह की कंपनी छात्रशक्ति इंफ्रा लिमिटेड के कार्यालय पर बुधवार को आयकर विभाग के अधिकारियों ने छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई कई घंटे तक चलती रही। सूत्रों के अनुसार सराय अकिल थाना क्षेत्र के जयंतीपुर गांव में उमाशंकर सिंह का गिट्टी और बालू मिक्सिग प्लांट संचालित है, जिसकी देखरेख प्रोजेक्ट मैनेजर वरुण सिंह करते हैं। बताया गया है कि कौशांबी बौद्ध स्थल तक 42 किलोमीटर सड़क निर्माण का टेंडर उनकी कंपनी को मिला हुआ है। बुधवार को आधा दर्जन वाहनों से पहुंचे आयकर विभाग के अधिकारियों ने जयंतीपुर स्थित प्लांट और संबंधित कार्यालय में गहन छानबीन की।

### जीवन बचाने के लिए सरकार सुरक्षा कारणों की गहनता से पड़ताल कर रही

# शराब पीकर गाड़ी चलाने पर ड्राइविंग लाइसेंस होगा रद्द

**नई दिल्ली, वार्ता**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं में हर साल लाखों लोगों का जीवन बचाने के लिए सरकार सुरक्षा कारणों की गहनता से पड़ताल कर रही है और इसमें रोड इंजीनियरिंग, आटोमोबाइल इंजीनियरिंग, सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करते हुए शिक्षा तथा जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

गडकरी ने गुरुवार को यहां हैबिटेट सेंटर में सीआईआई के तत्वावधान में आयोजित 'नेशनल कन्क्लेव ऑफ रोड सेफ्टी' विषय पर अपने विचार पेश करते हुए गुरुवार को कहा कि देश में हर साल लाखों लोगों की जान सड़क दुर्घटनाओं में जाती है और उसे बचाना आवश्यक है इसलिए सड़क इंजीनियरिंग के साथ ही ड्राइविग लाइसेंस को लेकर सख्त



**सड़क इंजीनियरिंग के साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस को लेकर सख्त रुख नियम बनाए जा रहे: नितिन गडकरी**

रुख नियम बनाए जा रहे हैं। उनका कहना था कि शराब पीकर गाड़ी चलाने की घटनाएं ज्यादा होती हैं इसलिए इस नियम को ज्यादा सख्त किया जा रहा है और बार बार शराब पीकर गाड़ी चलाते हुए पकड़े जाने पर लाइसेंस स्थाई रूप से रद्द कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि ड्राइविग लाइसेंस को ग्रेड सिस्टम में बदला जा रहा है और बार बार गलती होने पर जैसे ही 12 ग्रेड पर पहुंचेगा लाइसेंस को निलंबित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि करीब पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं हर साल होती हैं, जिनमें 1 लाख 80 हजार लोगों की मृत्यु होती है। इनमें 72 प्रतिशत युवा होते हैं जिनकी उम्र 18 से 45 साल के बीच होती है जबकि 18 वर्ष से कम आयु के 10,119 बच्चों की मौत होती है। हेलमेट न पहनने के कारण 54,122 और सीट बेल्ट का उपयोग न करने से 14,466 लोगों की मृत्यु का आंकड़ा है। इसके अलावा तेज गति भी सड़क दुर्घटनाओं का बड़ा कारण है और इससे 1.2 लाख लोगों की मौत होती हैं। गलत दिशा में गाड़ी चलाना, शराब पीकर गाड़ी चलाना, वाहन चलाते समय मोबा. इल फोन का उपयोग करना जैसे कई कारण सड़क दुर्घटनाओं के हैं। सड़क दुर्घटनाओं के चार प्रमुख कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि इसमें रोड इंजीनियरिंग में डीपीआर की गुणवत्ता में कमी भी एक कारण है इसलिए इसमें बदलाव लाया गया है और ठेकेदारों और डीपीआर कंपनियों की रेटिग तय कर दी गई है। इसी तरह ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग में भारत एनसीएपी स्टार रेटिग लागू की गई है और किफायती मॉडलों में भी छह एयरबैग अनिवार्य किए गए हैं। उनका कहना था कि भारत में ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग के मानक अब वैश्विक मानकों के बराबर हैं। इसके साथ ही बस बॉडी कोड को गत सितम्बर से लागू किया गया है और इसके तहत अब टाटा, अशोक लीलैंड और वोल्वो जैसी कंपनियां मानक के अनुसार बस बॉडी बनाएंगी।

### सड़क सुरक्षा कानून के पालन को सख्त करना जरूरी


गडकरी ने कहा कि सड़क सुरक्षा कानून के पालन को सख्त करना जरूरी है। उनका कहना था कि कानून का डर रहेगा तो सड़क सुरक्षा बढ़ेगी। इसके तहत जुर्माना भी बढ़ाया गया है, लेकिन असली समस्या कानून का सम्मान और इसके प्रति डर की है। इसके लिए जन-जागरूकता आवश्यक है। साथ ही ड्राइविग लाइसेंस के लिए ग्रेडेड पॉइंट सिस्टम लाया जा रहा है, जिसमें 12 पॉइंट खत्म होने पर लाइसेंस निलंबित कर दिया जाएगा। बार-बार शराब पीकर ड्राइविग करने पर लाइसेंस स्थाई रूप से रद्द होगा। उन्होंने सड़क सुरक्षा के लिए शिक्षा और जागरूकता को आवश्यक बताया और कहा कि दुर्घटनाएं कम करने के लिए बच्चों और युवाओं पर विशेष ध्यान देना होगा।

# एपस्टीन फाइल्स से ध्यान भटकाने की साजिश

**वाराणसी, वार्ता**

ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने आरोप लगाया है कि उनके खिलाफ झूठा मामला उछालकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित 'एपस्टीन फाइल्स' से ध्यान भटकाने की साजिश की जा रही है।

गुरुवार को मीडिया से बात. चीत में उन्होंने कहा कि शंक. राचार्य को बदनाम करने का कोई अवसर नहीं छोड़ा जा रहा है। उन्होंने प्रश्न उठाया कि आखिर यह सब क्यों किया जा रहा है और स्वयं ही उत्तर देते हुए कहा कि देश की जनता को 'शंकराचार्य विवाद' में उलझाकर दुनिया भर में चर्चा में रही 'एपस्टीन फाइल्स' से ध्यान हटाने का प्रयास किया जा रहा है। आशुतोष ब्रह्मचारी द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जांच रिपोर्ट सार्वजिनक किए जाने पर उन्होंने आपत्ति जताते हुए कहा कि किसी कथित हिस्ट्रीशीटर द्वारा पुलिस जांच



रिपोर्ट साझा किया जाना गंभीर विषय है। उन्होंने सवाल किया कि क्या उत्तर प्रदेश पुलिस ने उन्हें अपना प्रवक्ता बना दिया है। मठ परिसर में 'शीशमहल' होने के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए शंकराचार्य ने कहा कि यदि परिसर में शीशे लगे हैं तो इससे पारदर्शिता ही बढ़ती है और कोई भी अंदर की स्थिति देख सकता है। उन्होंने कहा कि मठ में कुछ भी छिपा नहीं है और यदि सरकार के अधिकारी देखना चाहें तो कभी भी आ सकते हैं।


काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010










## अर्थ व्यापार







# शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव, ऑटो और फार्मा सेक्टरों में लिवाली

**मुंबई, वार्ता**

ऑटो और फार्मा सेक्टरों में लिवाली के बीच घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को प्रमुख सूचकांकों में उतार.चढ़ाव देखा गया। बीएसई का सेंसेक्स सुबह के कारोबार में एक समय 303 अंक की बढ़त में था, लेकिन दोपहर बाद 305 अंक से ज्यादा उतर गया। अंत में यह 27. 46 अंक (0.03 प्रतिशत) टूटकर 82,248.61 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक उतार.चढ़ाव से होता हुआ अंत में 14. 05 अंक यानी 0.06 प्रतिशत ऊपर 25,496.55 अंक पर बंद होने में कामयाब रहा। मझौली कंपनियों में लिवाली का जोर रहा जबकि छोटी कंपनियों में बिकवाली अधिक देखी गई। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.69 प्रतिशत चढ़ गया। निफ्टी स्मॉलकैप-50 सूचकांक में 0.01 प्रतिशत की गिरावट रही। ऑटो, सार्वजिनक बैंक, फार्मा, स्वास्थ्य और रसायन समूहों में ज्यादा तेजी रही। एफएमसीजी, मीडिया और



वित्तीय कंपनियों के सूचकांक लाल निशान में रहे। सेंसेक्स में बीईएल का शेयर करीब सवा दो प्रतिशत चढ़ गया। अडानी पोर्ट्स, सनफार्मा और मारुति सुजुकी के शेयर एक से दो प्रतिशत मजबूत हुए। भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, टाटा स्टील औरर आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी ऊपर रहे। ट्रेंट का डेढ़ प्रतिशत से अधिक टूट गया। इटरनल और पावरग्रिड के शेयर भी एक प्रतिशत से ज्यादा गिरे। एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस और आईटीसी और बजाज फिनसर्व के शेयर भी नीचे बंद हुए।

### दूरसंचार कंपनियों का तीसरी तिमाही का राजस्व 34 अरब डॉलर के पार: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में घरेलू दूरसंचार कंपनियों का राजस्व साल-दर-साल आठ प्रतिशत बढ़कर 34 अरब डॉलर (लगभग तीन लाख करोड़ रुपये) के पार पहुंच गया। पूंजी बाजार एवं निवेश समूह सीएलएसए की एक रिपोर्ट में भारतीय दूरसंचार प्राधिकरण (ट्राई) के आंकड़ों के हवाले से कहा गया है कि तिमाही के दौरान भारती एयरटेल का राजस्व सालाना आधार पर नौ प्रतिशत और वोडाफोन आइडिया का दो प्रतिशत बढ़ा।

रिलायंस जियो के राजस्व में 11 प्रतिशत की सबसे मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। देश के दूरसंचार क्षेत्र के कुल राजस्व में इन तीनों कंपनियों की संयुक्त हिस्सेदारी 95 प्रतिशत रही। एक साल पहले के मुकाबले रिलायंस जियो की राजस्व हिस्सेदारी सबसे अधिक 123 आधार अंक (1. 23 प्रतिशत) बढ़कर 42.5 प्रतिशत हो गई। एयरटेल की राजस्व हिस्सेदारी (39 आधार अंक) बढ़कर 39-5 प्रतिशत पर पहुंच गई जबकि वोडाफोन आइडिया की हिस्सेदारी 83 आधार अंक घटकर 13-फीसदी रह गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि दूरसंचार क्षेत्र में रिलायंस जियो और एयरटेल का वर्चस्व आने वाले समय में और बढ़ेगा। क्षेत्र का राजस्व साल 2028 तक 3-7 लाख करोड़ रुपये (42 अरब डॉलर) पर पहुंचने की संभावना है।

# चावल, चीनी मजबूत, गेहूं के भाव टूटे, दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ चीनी भी मजबूत हुई। गेहूं की कीमतों में गिरावट रही। दालों और खाद्य तेलों में उतार. चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 11 रुपये बढ़कर 3,852 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं का भाव छह रुपये घटकर 2,838 रुपये प्रति क्विंटल रहा। आटा भी सात रुपये सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में मिश्रित रुख देखा गया। तुअर दाल की औसत कीमत 28 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 17 रुपये और मूंग दाल 12 रुपये मजबूत हुई। मसूर दाल की कीमत 15 रुपये और उड़द दाल की नौ रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 48 रिंगिट टूटकर 4,005 रिंगिट प्रति टन पर रहा। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.84 प्रतिशत की गिरावट में 60.16 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में



मूंगफली तेल की औसत कीमत 70 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल भी 14 रुपये महंगा हुआ। सरसों तेल 42 रुपये और वनस्पति 16 रुपये सस्ता हुआ। पाम ऑयल आठ रुपये और सोया तेल चार रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव लगभग स्थिर रहे। चीनी चार रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल.दलहन: दाल चना 7773.94 रुपये, मसूर काली 8071.73 रुपये, मूंग दाल 10131.52 रुपये, उड़द दाल 10700.33 रुपये, तुअर दाल 11173.76 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : गेहूं दड़ा 2838.24 रुपये और चावल 3852.21 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3299.89 रुपये प्रति क्विंटल रहा।


स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800



Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com


# दूसरों की भावनाओं का सम्मान करना लोकतंत्र का मूल आधार : राधाकृष्णन

**नई दिल्ली, वार्ता**

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि लोकतंत्र में दूसरों की भावनाओं का सम्मान करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना अपनी भावनाओं का सम्मान करना और इस तरह के आदान-प्रदान से राष्ट्रीय एकता मजबूत होती है।

राधाकृष्णन ने गुरूवार को श्रीनगर में कश्मीर विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालयों को भले ही बुनियादी ढांचे और अकादमिक उत्कृष्टता के लिए जाना जाता हो, लेकिन उनकी सच्ची विरासत उनके स्नातकों के चरित्र और योगदान में झलकती है। उन्होंने 1948 में स्थापित कश्मीर विश्व. विद्यालय की गौरवशाली विरासत और बढ़ते अकादमिक प्रभाव की



सराहना की। उन्होंने छात्रों से निरंतर अनुकूलन करने, नए कौशल हासिल करने और नवाचार को अपनाने का आग्रह किया। भारत के प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नवप्रवर्तक के रूप में उभरने पर जोर देते हुए उन्होंने युवाओं को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप स्वदेशी नवाचारों को आगे बढ़ाने और विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। उपराष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों जिनमें श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का विस्तार और चेनाब रेल पुल जैसी महत्वपूर्ण अवसंरचना परियोजनाएं शामिल हैं, उन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पहल नए अवसर पैदा करती हैं और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करती हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में श्रीनगर स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत देश का सबसे स्वच्छ शहर बनकर उभरेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लोकतंत्र में दूसरों की भावनाओं का सम्मान करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना अपनी भावनाओं का सम्मान करना, और इस तरह के आदान-प्रदान से राष्ट्रीय एकता मजबूत होती है। उपराष्ट्रपति ने युवाओं से नशे से दूर रहने और सोशल मीडिया का जिम्मेदारी पूर्वक उपयोग करने का आग्रह किया।

# रेल यात्रियों को विवादों में दावा करने की होगी ऑनलाइन सुविधा: वैष्णव

**नई दिल्ली, वार्ता**

रेल यात्रियों को यात्रा के दौरान हादसे, अनहोनी घटनाओं अथवा सामान के नुकसान या चोरी आदि के मामलों में क्षतिपूर्ति के दावों के लिए इलेक्ट्रानिक सुविधा मिलेगी जिससे कोई यात्री ऐसे किसी भी मामले में रेलवे दावा न्यायाधिकरण (आसीटी) के समक्ष कहीं से भी दावा कर सकेगा।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को 52 सप्ताह में 52 सुधार के संकल्प की दिशा में दो नए सुधारों की घोषणा की जिसमें रेल यात्रियों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और सूचना प्रौद्योगिकी आधारित दावे और निपटान की इलेक्ट्रानिक रेलवे दावा न्यायाधिकरण (ई-आरसीटी) की सुविधा शामिल है। रेलमंत्री ने आज घोषित दूसरे सुधार के अंतर्गत स्टार्टअप और नवप्रवर्तों को रेलवे के समक्ष यात्री सुरक्षा, संरक्षा, रेल-ट्रैक निगरानी आदि किसी भी महत्वपूर्ण विषय पर प्राद्योगिकी समाधान या विचार प्रस्तुत करने के लिए एक डिजिटल प्लेटफार्म-'रेलटेक डिजिटल' का अनावरण किया।



रेल यात्रियों को यात्रा के दौरान घटना-दुर्घटना या रेलवे के साथ किराए अथवा अन्य विवाद के संबंध में कहीं से दावा करने की ई-आरसीटी सुविधा के बारे में श्री वैष्णव ने कहा कि आनलाइन दावे की सुविधा चरणबद्ध तरीके से 12 महीने में आरसीटी की सभी शाखाओं में लागू कर कर दिया जाएगा। इस प्रौद्योगिकी आधारित सुधार से आसीटी के देश भर में सभी 23 शाखाओं को दावों की प्रक्रिया और निस्तारण की डिजटलीकृत सुविधाएं कर दी जाएगी। इस अवसर पर आरसीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति कंवलजीत सिंह अहलुवालिया भी उपस्थित थे। उन्होंने इस पहल के लिए रेल मंत्री श्री वैष्णव को बधाई दी और कहा कि उनके पास सूचना प्रौद्योगिकी विभाग भी है जिसके चलते यह सुधार तेजी से होने जा रहा है । उनके नेतृत्व की प्रसंसा करते हुए श्री अहलुवालिया ने कहा कि एआई आधारित ईआरसीटी प्रणाली से रेलवे में लंबित दवों का तेजी से सामाधान करने में बड़ी मदद मिलेगी। रेलवे का कहना है कि ई-आरसीटी चौबीसों घंटे ई-फाइलिग और स्वचालित चेतावी के साथ दावों में तेजी, पारदर्शिता और नागरिक-केंद्रित डिजिटल प्रक्रिया सुनिश्चित करेगी। वैष्णव ने 'रेलटेक' डिटिटल प्लेटफार्म को को 'स्टार्ट द्वारा, स्टार्टअप के लिए खुला मंच बताते हुए कहा कि रेलटेक नीति का मसौदा स्टर्टअप इकाइयों ने ही बना कर दिया था। उन्होंने रेलटेक डिजिटल मंच को बटन दबा कर प्रारंभ करते हुए कहा कि यह सतत खुला रहेगा। इस वेबसाइट पर आप अपने विचार, प्रौद्योगिकी समाधार कभी भी प्रस्तुत कर सकते हैं। इससे पहले श्री वैष्णव ने 14 परवरी को देश के विभिन्न हिस्सों में 500 कार्गो टर्मिनल बनाने तथा बिना आरक्षण वाले डिब्बों में आरक्षित डिब्बों की तरह सफाई की व्यवस्था करने की घोषणा की थी। श्री वैष्णव ने संवाददाताओं से बात. चीत में कहा कि रेल टेक नीति के तहत एक रेल टेक वेबसाइट बनाई जाएगी, जहां कोई भी नवप्रवर्तक अपना आइडिया सीधे रेल मंत्रालय और सरकार के दो सकेगा। उन्होंने बताया कि यह नीति रक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी और बायोटेक क्षेत्र की सफल नीतियों से सीख लेकर तैयार की गई है। पूरी प्रक्रिया डिजिटल और उपभोक्ताओं के अनुकूल होगी। अच्छे सुझावाओं पर रेलवे आगे के काम के लिए 50 प्रतिशत तक वित्तीय सहायता देगा। वाणिज्य उपयोग के लिए रेलवे द्वारा चयनित तकनीकी समाधानों के लिए रेलवे बड़े आर्डर प्रस्तुत कर सकती है। इसके अलवा प्रौद्योगिकी विकासकरने वाली इकाइयां प्रौद्योगिकी-उत्पाद का निर्यात भी कर सकेंगी। रेल मंत्री ने कहा, ष्उदाहरण के लिए कोई इकाई हाथियों के ट्रैक पर आने के जोखिम की पूर्व सूचना देने वाला एआई आधारित तकनीकी उपाय प्रस्तुत कर सकती है तो कोई ट्रेन के डिब्बों में बिजली की तार गरम होने से आग के खतरे का एआई आधार अलर्ट विकसित कर सकती है। कोई हमें ड्रोन रेल लाइन में फैक्चर की निगरानी करने वाला समाधान दे सकता है। कुछ स्टार्टअप ऐसे समाधानों पर काम कर रहे हैं।

# सीएम योगी का जापान दौरा

### यह पहल प्रधानमंत्री मोदी के नेट जीरो लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदमः मुख्यमंत्री



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**( जापान )/लखनऊ।** जापान दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। यूपी सरकार ने जापान के यामानाशी प्रांत के साथ ग्रीन हाइड्रोजन तकनीक को लेकर ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं,

जिसके तहत भारतीय छात्रों को जापान में उच्चस्तरीय प्रशिक्षण मिलेगा। मुख्यमंत्री ने यामानाशी में आयोजित यूपी इन्वेस्टमेंट रोड शो में प्रदेश की नई विकास नीति और निवेश संभावनाओं को वैश्विक उद्योग जगत के सामने प्रमुखता से प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने संबा. ेधन में स्पष्ट कहा कि उत्तर प्रदेश ने शासन की कार्यशैली को रिएक्टिव से बदलकर प्रोएक्टिव बनाया है और यही परिवर्तन आज प्रदेश की तेज आर्थिक प्रगति का आधार बना है। ग्रीन हाइड्रोजन पर ऐतिहासिक समझौता कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश व यामानाशी के बीच ग्रीन हाइड्रोजन तकनीक को लेकर ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए हैं। इसके तहत उत्तर प्रदेश के उच्च तकनीकी संस्थानों के छात्र जापान में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और इस तकनीक को प्रदेश की इंडस्ट्री, पब्लिक ट्रांसपोर्ट और ऊर्जा क्षेत्र में लागू किया जाएगा। यह पहल प्रधानमंत्री मोदी के नेट जीरो लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे प्रतिनिधिमंडल ने टोक्यो में कई जी2जी (गवर्नमेंट टू गवर्नमेंट) और जी2बी (गवर्नमेंट टू बिजनेस) स्तर की बैठकों में भाग लिया, जहां भारतीय दूतावास के सहयोग से जापानी उद्योग समूहों से व्यापक संवाद हुआ।

उन्होंने यामानाशी प्रशासन को सक्रिय पहल कर निवेश संवाद को आगे बढ़ाने के लिए विशेष धन्यवाद दिया। तकनीक और भविष्य के क्षेत्रों पर जोर मुख्यमंत्री ने रोबोटिक्स को भविष्य की प्रमुख तकनीक बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने बजट में रोबोटिक्स के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने की व्यवस्था की है। हमें विश्वास है कि उत्तर प्रदेश और यामानाशी के बीच सहयोग भारत-जापान संबंधों को नई ऊंचाई तक ले जाएगा और ऊर्जा आत्मनिर्भरता तथा तकनीक को आम जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उत्तर प्रदेश की ताकत को दुनिया के सामने रखा मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 25 करोड़ की आबादी वाला उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा राज्य है, जहां प्रकृति की विशेष कृपा है। भारत की सबसे उर्वर भूमि, सर्वाधिक जल संसाधन, विशाल मानव संसाधन और आध्यात्मिक-सांस्कृतिक विरासत उत्तर प्रदेश को विशेष पहचान देते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है और पिछले नौ वर्षों में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय तथा अर्थव्यवस्था तीन गुना करने में सफलता मिली है। आज उत्तर प्रदेश भारत की सबसे तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। रिएक्टिव से प्रोएक्टिव' मॉडल बना विकास का आधार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शासन व्यवस्था में आए परिवर्तन का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले समस्याओं पर प्रतिक्रिया देने वाली व्यवस्था थी, जबकि अब उत्तर प्रदेश ने प्रोएक्टिव गवर्नेंस मॉडल अपनाया है। निवेश आकर्षित करने, उद्योगों को सुविधा देने, नई तकनीक अपनाने और वैश्विक साझेदारी बढ़ाने की दिशा में सरकार लगातार पहल कर रही है। इसी सोच के साथ उत्तर प्रदेश का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल जापान की यात्रा पर आया है ताकि संभावनाओं को अवसर में बदला जा सके। यामानाशी से गहरे होते संबंध मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यामानाशी प्रांत के राज्यपाल एवं उनकी टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जापान सरकार और यामानाशी प्रशासन ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल को उनके विशिष्ट क्षेत्रों को नजदीक से समझने और उद्योग जगत से सीधे संवाद का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया है। सीएम योगी ने उपस्थित इंडस्ट्री लीडर्स तथा भारतीय समुदाय के लोगों का भी स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिसंबर 2024 में यामानाशी के राज्यपाल उत्तर प्रदेश आए थे और उसके बाद दोनों सरकारों के बीच निरंतर संवाद, फॉलो-अप तथा प्रतिनिधिमंडलों के आदान-प्रदान से यह सहयोग नई दिशा में आगे बढ़ा। उन्होंने कहा कि बिजनेस डेलीगेशन के अध्ययन और रिपोर्ट के बाद आज राज्यपाल के आमंत्रण पर उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल यामानाशी पहुंचा है, जहां सहयोग को ठोस रूप मिला है। इस अवसर पर यामानाशी प्रांत के राज्यपाल कोटारो नागासाकी, उपराज्यपाल जुनिचि इशिदरा उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', जापान में भारत की राजदूत नगमा मलिक समेत यूपी सरकार के प्रतिनिधिमंडल के अधिकारीगण, यामानाशी के इंडस्ट्री लीडर्स तथा भारतीय समुदाय से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

# अभिनव भारत पार्टी चुनावी मैदान में उतरेगी : चेतन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** क्रान्तिकारी स्वातंय वीर विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि पर आज यहां इन्दिरागांधी प्रतिष्ठान में आयोजित हुये अभिनव भारत पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन में अगले वर्ष उत्तर प्रदेश में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में उतरने की घोषणा करते हुये कहा है कि केन्द्र सरकार वीर सावरकर को भारत-रत्न देने के लिये गंभीर नहीं है। अधिवेशन में पार्टी के सर्वसम्मति से नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष चेतन शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि वीर सावरकर ने अपने युवावस्था में ही अभिनव भारत संगठन की स्थापना कर पराधीन भारत में क्रान्ति की ज्वाला प्रज्जवलित की थी।

उन्होंने केवल स्वतंत्रता का स्वप्न नहीं देखा बल्कि उसके लिये कालकोठरी में अमानवीय यातनायें सही। अंडमान की सेल्युलर जेल की दीवारें आज भी उस तप, त्याग और तेज की साक्षी है, ऐसे व्यक्तित्व को लेकर संघ प्रमुख मोहन भागवत भी वीर सावरकर को भारत रत्न दिये जाने को लेकर कह चुके है कि सावरकर के योगदान को देखते हुये यदि उन्हें भारत-रत्न मिलता है तो इससे भारत-रत्न का सम्मान होगा।

श्री शर्मा ने अधिवेशन में पारित प्रस्तावों को लेकर कहा कि देश में गाय की सुरक्षा के लिये माता का दर्जा देने के साथ-साथ उसे राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए, तभी जाकर देश में गाय माता को बचाया जा सकता है। गौ माता को राष्ट्रीय पशु का दर्जा केवल भावनात्मक निर्णय नहीं होगा बल्कि यह एक ठोस कानूनी संरक्षण का मार्ग प्रशस्त होगा। उत्तर प्रदेश विधानसभा के आगामी चुनाव को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष चेतन शर्मा ने कहा कि अभिनव भारत पार्टी राज्य के चुनावी रणभूमि में उतरने के लिये पूरी तरह तैयार है,

और लगभग तीन सौ सीटों पर प्रत्याशी उतारने की तैयारी है। चुनावी रणनीति को लेकर अभिनव भारत पार्टी जल्द ही अन्तिम रूप देकर उत्तर प्रदेश के चुनावी मैदान में उतर जाएगी। इससे पहले इन्दिरागांधी प्रतिष्ठान में अधिवेशन का शुभारम्भ भारत माता की स्तुति और वन्देभारत गीत के साथ दीप प्रज्जवलित कर हुआ।

### रायबरेली में फांसी से लटका मिला युवती का शव

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश में रायबरेली जिले के लालगंज क्षेत्र में गुरुवार को एक युवती का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटका मिला। पुलिस ने बताया कि के रण गांव निवासी मृतका के पिता एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। उन्होंने पुत्री की मौत को संदिग्ध बताते हुए अपने साथ काम करने वाले कुछ कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि युवती पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में थी और उसके साथ प्रताड़ना किए जाने की आशंका है। अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि रण गांव में युवती के फांसी से लटके होने की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर भेजी गई थी। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।

# 38 जनपदों के नाविकों को मिलेगी 66077 लाइफ जैकेट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश की नदियों में संचालित पंजीकृत नावों के नाविकों तथा यात्रियों की सुरक्षा हेतु उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा पी.ए.सी. के माध्यम से 38 जनपदों के पंजीकृत नौकाओं के स्वामियों को लाइफ जैकेट वितरित किए जाएंगे। इस हेतु संबंधित जनपदों के जिलाधिकारी के नियंत्रण में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) को नोडल अधिकारी नामित करते हुए 15 दिनों के भीतर स्थानीय जन प्रति. निधियों के समक्ष लाइफ जैकेट वितरित करने का निर्देश राहत आयुक्त द्वारा जारी किया गया है।

राहत आयुक्त/अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ0 हृषिकेश भास्कर यशोद ने बताया कि पी0ए0सी0 द्वारा निविदा आमंत्रित करते हुए 38 जनपदों के 811 घाटों पर संचालित 4175 पंजीकृत नौकाओं के लिए 66077 लाइफ जैकेट क्रय किया गया है। इस कार्य के लिए उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राज्य आपदा मोचक निधि से पी.ए. सी. को 13 करोड़ 21 लाख 54 हजार रूपये की धनराशि निर्गत की गई है। उन्होंने बताया कि लाइफ जैकेट वितरित करने के लिए पी0ए0सी0 तथा यू.पी.एस.डी.एम.ए. द्वारा समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। लाइफ जैकेट वितरण के सम्बन्ध में पी0ए0सी0 से पत्राचार करते हुए 15 दिनों के भीतर लाइफ जैकेट वितरित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि पी. ए.सी. तथा उ.प्र. राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों की टीम द्वारा लाइफ जैकेट की गुणवत्ता की जांच नियमानुसार लैब से करायी गई है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में बढ़ते जल परिवहन एवं पर्यटन के ख्रष्टिगत आम जनमानस व यात्रियों की जीवन सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है, राहत आयुक्त द्वारा यह भी बताया गया है कि उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा संचालित बोट सेफ्टी मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर नावें पंजीकृत हैं।

# लखनऊ के प्रख्यात अर्थशास्त्री डा. पी. सी. गुप्ता को भारतीय डिजाइन पेटेंट प्राप्त



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रख्यात अर्थशास्त्री एवं विभागाध्यक्ष (अर्थशास्त्र) महाकौशल विश्वविद्यालय, जबल. पुर, मध्य प्रदेश डॉ. पी. सी. गुप्ता को शीर्षक से विकसित नवाचार हेतु भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा डिजाइन पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है।

यह पंजीकरण डिजाइन अधि. नियम, 2000 एवं डिजाइन नियम, 2001 के अंतर्गत प्रदान किया गया है द्य यह अभिनव डिजाइन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित उपकरण से संबंधित है, जो व्यवसायिक रणनीति निर्माण एवं जोखिम पूर्वानुमान में सहायक है। यह उपकरण आधुनिक आर्थिक विश्लेषण, डेटा आधारित निर्णय-निर्माण तथा संस्थागत प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस उपलब्धि में डॉ. पी. सी. गुप्ता के साथ अन्य सह-आविष्कारकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

इनमें डॉ. महेन्द्र कुमार नामदेव, डॉ. मुस्ताक आलम, पूजा उपाध्याय, डॉ. किरण सचदेवा, डॉ. श्वेता सिंह, सुमोना घोष, विशाल मिश्रा, अवधेश यादव एवं अपराजिता श्रीवास्तव शामिल हैं।

डॉ. पी. सी. गुप्ता, जो कि लखनऊ के एक सुप्रसिद्ध शिक्षाविद् एवं अर्थशास्त्री हैं, एवं डॉ. मनमोहन सिंह पूर्व प्रधानमंत्री एवं वरिष्ठ अर्थशात्री द्वारा भी अपनी अर्थशास्त्र पर पुस्तकों हेतु सराहना पत्र एवं मार्गदर्शन पा चुके है ने इस उपलब्धि को शिक्षण, अनुसंधान एवं नवाचार के समन्वय का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि यह डिजाइन भविष्य में उद्योग, शिक्षा एवं नीति-निर्माण के क्षेत्र में रणनीतिक निर्णय लेने की प्रक्रिया को अधिक वैज्ञानिक एवं प्रभावी बनाएगा।

### बांदा में हिस्ट्रीशीटर चोरी के ई रिक्शा समेत गिरफ्तार

**बांदा।** उत्तर प्रदेश में बांदा जिले के मटौन्ध थाना क्षेत्र में गुरुवार को पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर को चोरी गए ई-रिक्शा सहित गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि बांदा नगर कोतवाली क्षेत्र के अलीगंज निवासी अजय का ई- रिक्शा विगत 17 जनवरी को तब चोरी हो गया था, जब वह सवारियां लेकर मटौन्ध गया था और पेट्रोल पंप पर रिक्शा खड़ा कर सो गया था। घटना की सूचना पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर ई-रिक्शा की तलाश के साथ आरोपी की पहचान के प्रयास शुरू किया। जिसके बाद आज पुलिस ने गोयरा मुगली गांव निवासी हिस्ट्रीशीटर अमानत को चोरी गए ई- रिक्शा सहित गिरफ्तार का घटना का अनावरण किया।

# मुजफ्फरनगर हिंसा के दोषियों को बरी करना न्याय का मजाकः शाहनवाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज आलम ने मुजफ्फरनगर सांप्रदायिक हिंसा के दोषियों के बरी कर दिए जाने को न्याय का मजाक बताया है. उन्होंने इसके लिए सरकार के प्रभाव में अभियोजन पक्ष द्वारा जानबूझ कर की गई कमजोर पैरवी को जिम्मेदार ठहराया है।

शाहनवाज आलम ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि न्यायपालिका की मौजूदा स्थिति को देखते हुए इस फैसले पर आश्चर्य नहीं किया जा सकता कि कुटबा गांव के 8 मुसलमानों के सभी 37 हत्यारोपियों को बरी कर दिया गया है. उन्होंने कहा कि 2013 के मुजफ्फरनगर मुस्लिम विरोधी हिंसा मामलों के फैसलों में एक स्पष्ट पैटर्न देखा जा सकता है जहां पिछले महीने ही मुजफ्फरनगर की एक और कोर्ट ने मोहम्मदपुर रायसिंह गांव में रईसुद्दीन नामक व्यक्ति की हत्या के सभी 22 आरोपियों को बरी कर दिया था। उन्होंने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि इस जघन्य हत्याकांड के अधिकतर अभियुक्त जमानत पर थे जो कमजोर आर्थिक और सामाजिक पृष्ठभूमि वाले मुस्लिम गवाहों को डराने-धमकाने में सक्षम थे। शाहनवाज आलम ने कहा कि यह पैटर्न बिल्कुल 2002 के गुजरात के राज्य प्रायोजित मुस्लिम विरोधी जनसंहार जैसा है जिसके लगभग सारे आरोपियों को कोर्ट द्वारा बरी कर दिया गया है. उनके बरी किए जाने में पीएम नरेंद्र मोदी की भूमिका को खुद दोषियों ने तहलका के स्टिंग ऑपरेशन में स्वीकार किया था। शाहनवाज आलम ने कहा कि मुजफ्फरनगर हिंसा की असलियत तभी सामने आ पाएगी जब अमित शाह की भूमिका की जांच होगी क्योंकि वो हिंसा से ठीक पहले वहां गए थे और उनकी कई गुप्त मीटिनिंग्स की खबरे उस समय अखबारों में छपी थीं. जिसके बाद सुरेश राणा, संगीत सोम और पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह के भड़काऊ भाषणों के बाद हिंसा हुई थी. जिसका मकसद मुस्लिम वोटों पर टिके जाट समुदाय की स्वतंत्र राजनी. तिक हैसियत को समाप्त करना था. उन्होंने कहा कि यह उस हिंसा का ही नतीजा है कि आरएलडी के पास आज अपना स्वतंत्र वजूद खो कर भाजपा की गोद में बैठने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

# संपत्ति का ब्योरा न भरने पर कर्मचारियों के वेतन रोके जाने पर आक्रोश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उ प्र के महामंत्री अतुल मिश्रा ने मुख्यमंत्री को एवं मुख्य सचिव को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि कतिपय अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा मानव संपदा पोर्टल पर चल-अचल संपत्ति का ब्योरा न भर पाने के कारण उनका विगत माह का वेतन रोक दिया गया है जो न्यायोचित नहीं है। मिश्रा ने कहा कि कतिपय कर्मचारियों को कम्प्यूटर का ज्ञान न होने के कारण वे अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा नहीं भर पाये।

ये वे कर्मचारी है जो कि या तो फील्ड/रूरल में सर्विस कर रहे है और आज भी की पैड वाला फोन का इस्तेमाल कर रहे है। जिसके कारण वे भरने में असमर्थ रहे। उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा कर्मचारियों की सुविधा के लिये दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिसका लाभ कार्ड बनवाकर प्राप्त कर सकते हैं, परन्तु आज भी अधिकांश कर्मचारियों का कैशलेस कार्ड नहीं बन पाया है और वे इससे वांछित है। चूकी साधन व जानकारी का अभाव है। ऐसी परिस्थिति में वेतन रोकने जैसा कृत मानवीय दृष्टिकोण से कदापि उचित नही है। आज के परिवेश में यदि कर्मचारी का वेतन कुछ दिन विलम्ब होता है तो उसको और उसके परिवार को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा है। ऐसी परिस्थिति में वेतन रोक देने से कर्मचारी व उसका परिवार भुखमरी की कगार पर है। बोर्ड सहित समस्त कक्षाओ की परीक्षाएं चल रही है इनके बच्चों को उसमें भी समस्यायें आ रही है साथ ही होली जैसे पर्व पर वेतन न मिलना एक तरह से सरकार के द्वारा शोषण की श्रेणी में आता है। मिश्रा ने बताया कि परिषद द्वारा कैशलेस इलाज की सुविधा कर्मचारियों को प्राप्त हो, इसके लिए मुख्य सचिव स्तर पर हुई बैठकों में सुझााव दिया गया था कि प्रत्येक जनपदीय कार्यालयों में कैम्प लगाकर उनका कार्ड बनवाया जाए, परन्तु सहमति व्याप्त होने के बावजूद भी यह संभव नहीं हो पाया। अतएव मानव संपदा पोर्टल पर जिन कर्मचारियों का ब्योरा उपलब्ध नहीं है।

### फतेहपुर में दो बाइकों की भिड़ंत में चार मरे, एक गंभीर

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश में फतेहपुर जिले के सुल्तानपुर घोष क्षेत्र में दो बाइकों की हुई आमने-सामने की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। उप जिलाधिकारी खागा अभिनित कुमार ने गुरुवार को बताया कि सुल्तानपुर घोष के रहने वाले दुर्गेश (30) ,कमलेश (18) और मोतीलाल (20) एक ही बाइक पर सवार होकर खागा थाना क्षेत्र के कलना का पुरवा में एक तिलक समारोह में गए थे । जहां से वह देर रात वापस अपने घर लौट रहे थे कि सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के ग्राम ऐराया मस्याफ के पास सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। इस हादसे में दूसरी बाइक पर हुसैनगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले रामू (40) और अरविद (26) के अलावा दुर्गेश, कमलेश और मोतीलाल घायल हो गए।

# नेटवर्किंग व सहयोग के महत्व पर छात्राओं से संवाद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेन्द्र नगर, लखनऊ में बियोंड आर्डिनरी स्ट्रक्चर्ड डिसीजन मेकिंग एंड करियर स्ट्रेटजी फॉर इमर्जिंग वूमेन स्कॉलर्स विषय पर विशेष अंतर्राष्ट्रीय व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में अमेरिका से डॉ. अनामिका बाजपेई, फाउंडर डायरेक्टर वेदांता सेंटर फॉर अकाद. मिक एंड प्रोफेशनल मेंटरशिप एक्सीलेंस (वी केप मेंटरशिप) उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का स्वागत भाषण महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संरक्षिका प्रो. मंजुला उपाध्याय ने दिया तथा मंच संचालन डॉ. विनीता सिंह ने किया। इस आयोजन को सफल बनाने में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) तथा मिशन शक्ति टीम का विशेष योगदान रहा। किसी ने वैज्ञानिक संप्रेषण को अपनाने की इच्छा जताई, किसी ने औषधि कंपनियों में चिकित्सकीय लेखन को अपना लक्ष्य बताया, तो किसी ने न्यायालयिक विज्ञान, जैव- प्रौद्योगिकी, जैव-चिकित्सा स्नातकोत्तर कार्यक्रम, एफ.एस.एल. प्रयोगशालाएं, अनुसंधान कार्यक्रम तथा मोबाइल न्यायालयिक इकाइयां को अपने भविष्य का मार्ग बताया।

# होली से पहले कर्मचारियों को मिलेगा वेतन और पेंशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों और पेंशनरों को बड़ी राहत देते हुए 28 फरवरी तक वेतन व पेंशन का भुगतान करने के निर्देश दिए हैं वेतन मिलने से कर्मचारी व रिटायर कर्मियों में खुशी की लहर है।

प्रदेश सरकार की ओर से जारी आदेश के अनुसार फरवरी माह का वेतन अब 28 फरवरी को ही जारी कर दिया जाएगा। इसी दिन पेंशन और पारिवारिक पेंशन का भुगतान भी सुनिश्चित किया जाएगा। सरकार ने यह निर्णय आगामी अवकाशों को देखते हुए लिया है। 1 मार्च को सामान्य अवकाश तथा 2 मार्च को होलिका दहन का अवक. ाश घोषित है। अवकाश के कारण वेतन वितरण में किसी प्रकार की देरी न हो, इसके लिए भुगतान तिथि में बदलाव किया गया है।बताया जा रहा है कि यह शासनादेश राज्यपाल की स्वीख्रति से जारी किया गया है। वित्त विभाग के वित्त लेखा अनुभाग-1 द्वारा आदेश निर्गत करते हुए सभी जिलाधिकारियों एवं कोषाधिकारियों को त्वरित अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# लाल बारादरी में पारदर्शिता की मांग को लेकर मार्च, पुलिस ने बीच रास्ते में रोका




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** छात्र, युवा, महिला, मजदूर और नागरिक संगठनों के व्यापक गठबंधन एआईएसए, एआईपीडब्ल्यूए, एआइसीसीटीयू, बीएपीएसए, ठैड, सीपीआइ (एमएल) लिबरेशन, जन संस्कृति मंच, आरवाइए, रिहाई मंच, सोशलिस्ट पार्टी और नेशनलिस्ट यूथ पार्टी ने आज परिवर्तन चौक से जिला. धिकारी कार्यालय तक प्रतिरोध मार्च निकाला। पुलिस ने इस मार्च को बीच रास्ते में ही रोक दिया।

यह मार्च 23 फरवरी को विश्वविद्यालय प्रशासन को दिए गए 48 घंटे के अल्टीमेटम के बाद आयोजित किया गया था, जिसमें लाल बारादरी को सील किए जाने के संबंध में पारदर्शिता की मांग की गई थी। 48 घंटे बीत जाने के बाद भी प्रशासन की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया। 22 फरवरी को लगभग 200 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक संरचना लाल बारादरी को बिना किसी सार्वजनिक कार्यपालक आदेश, बिना संरचनात्मक सुरक्षा रिपोर्ट और बिना विधिक औचित्य के सील कर दिया गया। जिन छात्रों ने केवल दस्तावेज दिखाने की मांग की, उन्हें भारी पुलिस तैनाती, कारण बताओ नोटिस और आपरा. धिक मुकदमों का सामना करना पड़ा। प्रशासन की चुप्पी अब भी जारी है। राज्यपाल को जिलाधिक. ारी के माध्यम से संबोधित ज्ञापन में गंभीर संवैधानिक प्रश्न उठाए गए हैं। गठबंधन ने अपनी मुख्य मांगों को दोहराया। लाल बारादरी को सील करने से संबंधित कारणयुक्त कार्यपालक आदेश तत्काल सार्वजनिक किया जाए। स्वतंत्र संरचनात्मक तकनीकी निरीक्षण रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। प्रधानमंत्री-उषा योजना के अंतर्गत स्वीकृत 5 करोड़ रुपये के उपयोग का विस्तृत लेखा-जोखा सार्वजनिक किया जाए।छात्रों के विरुद्ध दर्ज सभी मुकदमे, कारण बताओ नोटिस और दंडात्मक कार्रवाइयां तत्काल वापस ली जाएं। छात्र प्रतिनिधियों, तकनीकी विशेषज्ञों और नागरिक समाज के सदस्यों को शामिल करते हुए एक स्वतंत्र समीक्षा समिति गठित की जाए। यदि कोई तात्कालिक संरचनात्मक खतरा सिद्ध नहीं होता है, तो आवश्यक सुरक्षा उपायों के साथ लाल बारादरी को पुनः खोला जाए। इस मौके पर मुख्य रूप से मनीष कुमार, अहमद रजा खान, छात्र, सरोजिनी बिष्ट, मधुसूदन मगन, मानव रावत, आकांक्षा आजाद, रमेश सिंह सेंगर, फरजाना मेहदी, राजीव गुप्ता, राजीव यादव,संदीप पांडेय, राजकुमार आदि लोग मौजूद थे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# वैल्डिंग दुकान पर हमला चार पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नौगावां फाटक स्थित वेल्डिंग की दुकान पर लाठी-डंडों और बेल्ट से लैस युवकों द्वारा हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर चार नामजद आरोपियों सहित 4-5 अज्ञात के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया है।

पीड़ित राजीव कुमार निवासी ग्राम दौलतपुर, थाना नौगावां सादात का आरोप है की बीते मंगलवार को वह अपनी दुकान पर मौजूद था। उसी समय गजरौला निवासी दीपक, आकाश पुत्र बोबी निवासी शेरपुर, मंदीप निवासी बछरायूं और आजाद निवासी गजरौला अपने 4-5 अज्ञात साथियों के साथ दुकान पर पहुंचे। सभी लोग लाठी-डंडों और बेल्ट से लैस थे। आरोप है कि गाली-गलौज करते हुए आरोपियों ने एकराय होकर राजीव पर हमला कर दिया। जान से मारने की नीयत से की गई मारपीट में उसके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई और वह लहूलुहान हो गया। शोर मचाने पर आसपास के दुकानदार और राहगीर जुट गए, जिन्हें देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मोटरसाइकिलों पर सवार होकर फरार हो गए। घायल राजीव का सीएचसी धनौरा में चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है, जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

# होली को लेकर सजीं पिचकारी व रंग-गुलाल की दुकानें

## बच्चों को लुभा रहीं धनुष, त्रिशूल व एरोप्लेन के लुक वाली पिचकारियां

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** होली के त्यौहार को लेकर बाजार में रंग-गुलाल और पिचकारियों की दुकानें सज गई हैं। धनुष, त्रिशूल, एरोप्लेन, और तलवार के साथ-साथ अन्य डिजाइन की पिचकारियां बच्चों को खूब भा रही हैं।

इस बार बाजार में पारंपरिक पिचकारियों के साथ नए डिजाइन बच्चों को खासा लुभा रहे हैं। धनुष, त्रिशूल और तलवार पिचकारी विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। इनकी बनावट और आकार अलग होने के कारण बच्चे ही नहीं, युवा वर्ग भी इन्हें पसंद कर रहा है। दुकानदारों के अनुसार इनकी मांग अन्य पिचकारियों की तुलना में अधिक देखी जा रही है। होली को देखते हुए बाजार में इस बार मैजिक गन, सायरन पिचकारी, मैजिक तलवार, शिवाजी का बिगुल,



शिवजी का त्रिशूल, परशुराम का फरसा, विग, भूतों की माला और मैजिक ग्लास जैसी पिचकारियां भी उपलब्ध हैं। इसके अलावा होली खेलने के लिए विशेष डिजाइन की टी-शर्ट भी दुकानों पर आई हैं। दस रूपये से लेकर पांच सौ रुपए तक पिचकारियों की रेंज दुकानों पर मौजूद है। बस्ती रोड पर पिचकारी की दुकान लगाने वाले दुकानदार मुनीश गर्ग ने बताया कि धनुष, त्रिशूल, एरोप्लेन आदि के डिजाइन वाली पिचकारियों की खूब बिक्री हो रही है। खुश्बू वाले गुलाल के साथ साथ पक्का रंग के काफी डिमांड है।

# पड़ौसियों पर लगाया मारपीट का आरोप

## महिला समेत तीन घायल, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के ग्राम देवीपुरा उर्फ मोहसमपुर में पड़ोसियों द्वारा गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर चार नामजद आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गांव देवीपुरा उर्फ मौहसमपुर निवासी पीड़िता गुड्डी का आरोप है कि बुधवार को उसके पड़ोस में रहने वाले तनवीर, सोविन्द्र, ओमवेश और नरेश ने उसे गंदी-गंदी गालियां देनी शुरू कर दीं। जब उसने गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से उसके साथ मारपीट कर दी। शोर सुनकर उसे बचाने उसके ससुर सुमेर सिंह और जेठ के बेटे मोहित मौके पर पहुंचे, तो आरोपियों ने उनके साथ भी गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। इस हमले में गुड्डी, सुमेर सिंह और मोहित को चोटें आईं। साथ ही आरो. पियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। घायलों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# दौड़ में शिवम व सलोनी ने सबको पछाड़ा

## जेएस कालेज में खेल प्रतियोगिता सम्पन्न



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जे.एस हिंदू पीजी कॉलेज के कैलसा रोड स्थित परिसर में बुधवार को महाविद्यालय स्तरीय दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

समापन समारोह में खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र व पुरस्कार प्रदान करते हुए प्राचार्य प्रो. वीर वीरेंद्र सिंह ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। वार्षिक खेल प्रतियोगिताएं होनहार खिलाड़ियों के चयन का महत्वपूर्ण माध्यम हैं, जिससे खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है। आज सम्पन्न हुई प्रतियोगिताओं में पुरुष वर्ग की 10 किलोमीटर दौड़ में सत्यम कुमार प्रथम, हिमांशु कुमार द्वितीय तथा चमन तृतीय स्थान पर रहे। 400 मीटर दौड़ में दीपांशु प्रथम, धर्मपाल द्वितीय और आदित्य मौर्य तृतीय रहे। 800 मीटर दौड़ में शिवम कुमार ने प्रथम, वासु सागर ने द्वितीय और अक्षय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में भी छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। 800 मीटर दौड़ में सलोनी प्रथम, हंसिका द्वितीय तथा दिव्यांशी तृतीय रहीं। 400 मीटर दौड़ में सलोनी ने प्रथम, नेहा रानी ने द्वितीय और पायल प्रजापति ने तृतीय स्थान हासिल किया। समापन समारोह में सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, प्रशिक्षक संदीप चौधरी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# युवक के सिर में सरिया मारकर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** साले व सलहज ने युवक के सिर पर सरिया मारकर घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरो. पितों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार नगर के मुहल्ला फाजलपुर निवासी कृष्ण कुमार अपने घर पर था। आरोप है कि हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव माछरा निवासी उसका साला हेम सिंह व उसकी पत्नी धनवती यहां पर आए और कृष्ण कुमार के साथ मारपीट की। उसके सिर में भी सरिया मारकर घायल कर दिया। कृष्ण कुमार के भाई दीपक कुमार की तहरीर पर पुलिस हेम सिंह व उसकी पत्नी धनवती के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

## सलेमपुर गौसाई में शादी समारोह में हुआ झगड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर गौसाईं में एक वैवाहिक समारोह के दौरान डीजे पर नाचने को लेकर विवाद हो गया। दोनों पक्षों के बीच मारपीट भी हुई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, हालांकि बाद में दोनों पक्षों के बीच में समझौता हो गया।बताते हैं कि बीती रात सलेमपुर गौसाईं में एक युवती की बारात आई थी। आरोप है कि शादी समारोह के दौरान डीजे पर नाचने को लेकर दोनों पक्षों के कुछ लोगों के बीच विवाद हो गया। गाली गलौच के बाद मारपीट भी हुई। इससे कुछ देर तक वैवाहिक समारोह में शोर शराबे की स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, हालांकि बाद में दोनों पक्षों के बीच में समझौता हो गया।

# आदर्श स्कूलों में शिक्षक व प्रधानों का अहम योगदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** विकास क्षेत्र गंगेश्वरी के तहत आने वाले परिषदीय विद्यालयों की दशा सुधारने और शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

गुरुवार को हाकमपुर स्थित अवध फार्म हाउस में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का मुख्य एजेंडा ग्राम पंचायतों और विद्यालयों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा। इस दौरान विधायक पुत्र एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य देवेन्द्र सिंह खड़गवंशी ने दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि एक आदर्श विद्यालय के निर्माण में ग्राम प्रधान और शिक्षकों का आपसी तालमेल रीढ़ की हड्डी के समान है। इस अवसर पर उन ग्राम प्रधानों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। जिन्होंने अपने ग्राम सभा के विद्यालयों की सूरत बदलने में अनुकरणीय योगदान दिया है। प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह, जिला मंत्री जगवीर सिंह, और प्रधान संघ अध्यक्ष यशपाल सिंह ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में भाजपा नेत्री सरोज गूर्जर, महेश ठाकुर, एआरपी संजीव मौर्य, मौहम्मद असलम, कमल दीपेन्द्र, महीपाल सिंह, जयवीर सिंह, हरिओम सिंह, प्रमोद कुमार, बिजेंद्र सिंह, गौतम सिंह, संजय सिंह, महताबउद्दीन, राघवेन्द्र सिंह, करणवीर सिंह मौजूद रहे।

# अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश

## डीआईजी मुनिराज ने जनसनुवाई कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिये निर्देश, देहात थाने का किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** डीआईजी मुनिराज जी गुरुवार को अमरोहा पहुंचे। पुलिस कार्यालय में गार्द की सलामी लेने के बाद विभिन्न शाखाओं का वार्षिक निरीक्षण किया। संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डीआईजी ने वाचक कार्यालय, आंकिक शाखा, प्रधान लिपिक शाखा, डीसीआरबी, शिकायत प्रकोष्ठ, सोशल मीडिया सेल एवं विशेष जांच प्रकोष्ठ आदि शाखाओं का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न रजिस्टरों व अभिलेखों का सूक्ष्म अवलोकन कर उनके सुव्यवस्थित रख-रखाव, समयबद्ध निस्तारण एवं अभिलेखों को अद्यावधिक रखने को लेकर निर्देश दिए। पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई भी की। फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही सुनिश्चित करने पर बल दिया कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध एवं पारदर्शी समाधान किया जाए। समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों से निष्ठा, मेहनत, लगन एवं समर्पण की भावना से अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने, कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने तथा शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य करने की बात कही। इस दौरान एसपी अमित कुमार आनंद, एएसपी अखिलेश भदौरिया समेत अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** डीआईजी मुनिराज जी ने एसपी अमित कुमार आनंद के साथ थाना अमरोहा देहात का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय/परिसर, हवालात, भोजनालय, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, थाने की राजकीय संपत्ति व अभिलेख चेक किए। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत स्थापित सीसीटीवी कंट्रोल रुम का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मिशन शक्ति केंद्र में नियुक्त पुलिसकर्मियों को महिला संबंधी शिकायतों एवं अपराधों पर प्राथमिकता के आधार पर निष्पक्ष, त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। अपराध व त्योहार रजिस्टर आदि का अवलोकन करते हुए दस्तावेजों को अद्यावधिक रखने व रख-रखाव को दुरस्त करने के दिशा-निर्देश दिए। मालखाने में रखे शस्त्रों, दंगा नियंत्रण उपकरणों की साफ सफाई व रख रखाव का जायजा लिया, पुलिस कर्मियों से शस्त्र हेंडलिंग कराई तथा थाना परिसर में खड़े माल मुकदमाती एवं लावा. रिस वाहनों के शीघ्र निस्तारण को लेकर निर्देशित किया। टॉप-10 अपराधियों की सूची का अवलोकन कर अपराधियों पर और अधिक प्रभावी कार्रवाई करने की बात कही। वांछित, ईनामी अपराधियों एवं गैर जमानती वारंटियों की गिरफ्तारी के अभियान की समीक्षा की, अधिक से अधिक कार्रवाई कर गिरफ्तारी के निर्देश दिए। इस दौरान एएसपी अखिलेश भदौरिया, सीओ अवधभान सिंह भदौरिया व प्रभारी निरीक्षक शोकेंद्र सिंह बालियान मौजूद रहे।

# चेयरपर्सन ने देखा पुलिया का निर्माण कार्य

## मानक अनुरूप और समय से कार्य पूरा कराने के लिए ठेकेदार को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर पालिका की अध्यक्षा राजेंद्री उर्फ उमा देवी ने इंदि. रा चौक पर निर्माणाधीन पुलिया का किया स्थलीय निरीक्षण करके ठेकेदार को कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूरा कराने के निर्देश दिए।

**■ 'लाइफलाइन' साबित होगी यह पुलिया : राजेन्द्री**



गुरूवार को नगर पालिका परिषद गजरौला की अध्यक्षा राजेंद्री उर्फ उमा देवी ने इंदिरा चौक पर निर्माणाधीन पुलिया का सघन स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति का अवलोकन करते हुए कार्यदायी संस्था को कड़े निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री उच्चतम मानकों के अनुरूप ही होनी चाहिए। जनहित को सर्वोपरि रखते हुए पुलिया का निर्माण निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। यह पुलिया क्षेत्र की जल निकासी और सुगम यातायात के लिए 'लाइफलाइन' साबित होगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक व नगर स्वच्छता प्रेरक हरपाल सिंह जी, रवि सैनी, दीपक कुमार, अशोक शर्मा, अचित शर्मा आदि मौजूद रहे।

# अवैध खनन का काला कारोबार धड़ल्ले से पूरे शबाब पर

**रामपुर मनिहारान।** कोतवाली क्षेत्र में इन दिनों अवैध खनन का काला कारोबार पूरे शबाब पर है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि रात के अँधेरे में रेत-बजरी से लदे वाहन बिना किसी भय के सड़कों पर फर्राटा भरते नजर आते हैं। सवाल यह नहीं है कि अवैध खनन हो रहा है, बल्कि असली सवाल यह है कि इतनी खुली छूट आखिर किसके इशारे पर दी जा रही है?सरकार भले ही अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई के दावे करती हो, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। खनन के लिए स्पष्ट नियम-कानून बनाए गए हैं, बिना अनुमति खनन अपराध की श्रेणी में आता है और ऐसे मामलों में वाहनों की जब्ती व कड़ी कार्रवाई का प्रावधान भी है। इसके बावजूद खनन माफिया निडर होकर अपने नेटवर्क को चला रहे हैं। स्थानीय लोगों और विश्वसनीय सूत्रों की मानें तो रामपुर मनिहारान में अवैध खनन का खेल बेहद योजनाबद्ध तरीके से खेला जा रहा है। रात के समय बड़े वाहनों के साथ-साथ मैजिक (छोटा हाथी) जैसे छोटे वाहनों में भी रेत और बजरी भरकर सप्लाई की जा रही है। यह सब यूँ ही संभव नहीं लगता। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि ये वाहन कोतवाली क्षेत्र से होकर गुजरते हैं, फिर भी किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं देती। ऐसे में यह सवाल उठना लाजमी है कि क्या अवैध खनन को किसी का संरक्षण प्राप्त है? या फिर संबंधित विभागों की घोर लापरवाही इस कारोबार को बढ़ावा दे रही है? अवैध खनन से न केवल सरकार को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है, बल्कि पर्यावरण को भी गंभीर क्षति पहुँच रही है। नदियों और खनन क्षेत्रों का संतुलन बिगड़ रहा है, सड़कों की हालत खराब हो रही है और भारी वाहनों की आवाजाही से आम जनता की जान जोखिम में पड़ रही है। अब क्षेत्रीय जनता की माँग है कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए।

# तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू की। गांव कातला खुर्द निवासी महिला ने तहरीर देते हुए बताया कि उसका पति घर से बाहर रह कर काश्तकार के पास खेती का काम करता है। उसके घर में सीढ़ी बनाने के लिए मिस्त्री काम कर रहे हैं। महिला ने अपने अपने पड़ोस निवासी विपक्षियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्षी शाहिद पुत्र आफताब निवासी ग्राम कातला खुर्द सीढ़ी बनाने को लेकर कहासुनी करने लगा। आरोप है कि दोनों के बीच कहासुनी होते समय वहां पर गुलनवाज व अब्दुल्ला भी पहुंच गये और तीनों मिलकर पीड़िता के साथ मारपीट करने लगे।

# कराया हवन यज्ञ

**तीतरों।** भाजपा नेता चौधरी कुलबीर सिंह की पहली पुण्यतिथि पर हवन यज्ञ किया गया। हवन यज्ञ में चौधरी कंवर सिंह, मेजपाल सिंह, गजेंद्र चौधरी, कर्मवीर सिंह, पूर्व सभासद धर्मवीर चौधरी, सुरेश कुमार, रकम सिंह आदि सहित अनेक समर्थकों ने आहुति डाली। इस दौरान भाजपा नेता चौधरी देवराज सिंह ने कहा कि कुलबीर सिंह ने क्षेत्र में कई बड़े आंदोलन में बढ़-कर कर हिस्सा लिया।

# 2 मार्च को निकाली जाएगी होली महोत्सव यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** व्यापारी सुरक्षा स्वयं संस्थान 74 /22 की नगर इकाई की बैठक का आयोजन किया गया। गुरुवार को संस्था के नगर अध्यक्ष तरुण अग्रवाल के आवास पर आयोजित बैठक में 2 मार्च दिन सोमवार को गत वर्षो की भांति होली महोत्सव की शोभायात्रा निकालना के बारे में होने वाली चर्चा को अंतिम रूप दिया गया। यह यात्रा रहरा अड्डे के तिराहे से प्रारंभ हो कर मुख्य बाजारों से होती हुई नगर पालिका के मुख्य द्वार पर संपन्न होगी बैठक में मुख्य रूप से मुकेश गुप्ता जी पंकज भटनागर जी सचिन गुप्ता जी लोकेश अग्रवाल प्रशांत शर्मा जी रानू रस्तोगी जी सौरभ गुप्ता राहुल गुप्ता भारत लाल प्रजापत कृष्ण कुमार विजय पारछा प्रमोद अग्रवाल के साथ व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान 74/22 के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# भागीरथी देवी में डिजिटल शिक्षा की नई शुरुआत

## फाउंडेशन से हुआ समझौता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** भागीरथी देवी महाविद्यालय ने अपने छात्र-छात्राओं को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। महाविद्यालय ने शूटिंग स्टार्स फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।



महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार, इस योजना का उद्देश्य छात्रों को आधुनिक और रोजगार से जुड़े कौशल सिखाना है, ताकि वे आगे चलकर प्रतिस्पर्धी रोजगार बाजार में बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम के अंतर्गत एक हजार से अधिक नि:शुल्क ऑनलाइन पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए जाएंगे। पाठ्यक्रम पूरा करने पर छात्रों को आईबीएम डिजिटल बैज और प्रमाणपत्र दिए जाएंगे। पढ़ाई की सुविधा चौबीस घंटे ऑनलाइन रहेगी, जिससे छात्र अपनी सुविधा और गति के अनुसार अध्ययन कर सकेंगे। इसके साथ ही ऑनलाइन संगोष्ठी (वेबिनार) और तकनीकी प्रतियोगिताओं (हैकाथॉन) में भाग लेने के अवसर भी मिलेंगे।

# रमजान में गंदेवडा की सफाई व्यवस्था ठप्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** पुंवारका विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गंदेवड़ा में पवित्र रमजान के महीने में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। गांव में सड़कों के किनारे, गलियों और नालों में कचरे के ढेर लगे हुए हैं। नालों में घास-फूस और कचरे का जमावड़ा होने से बारिश का पानी सड़कों पर भर जाता है, जिससे आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों को रोजमर्रा की जिंदगी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान पूरी तरह लापरवाह हैं। कई ग्रामीणों जैसे हाजी शाहिद, मोहम्मद फुरकान, मोहम्मद शमीम, मुस्तकीम, जाहिर, नौशाद, अहसान, फैजान, शहजाद, बुरहान, नशीम, बिलाल, इमरान, हामिद और मोहम्मद अफजाल ने बताया कि उन्होंने प्रधान से बार-बार सफाई कराने की मांग की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। फोन करने पर भी जवाब नहीं मिलता। गंदगी के कारण मच्छरों की संख्या बढ़ गई है और बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। जलभराव से सड़कें कीचड़युक्त हो गई हैं, जिससे बच्चों और



बुजुर्गों के लिए चलना-फिरना मुश्किल हो गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि रमजान के रोजों में यह स्थिति और भी तकलीफदेह है। उन्होंने कई बार शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

अब नाराज ग्रामीण उच्च अधिकारियों से शिकायत करने की तैयारी कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि जल्द नालों की सफाई, कचरा हटाने और स्वच्छता व्यवस्था नहीं सुधारी गई, तो वे सड़कों पर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि स्वच्छ भारत अभियान के दावों के बावजूद ग्रामीण इलाकों में हालात दयनीय बने हुए हैं। प्रशासन को इस मामले में संज्ञान लेकर गांव में तुरंत सफाई अभियान चलाना चाहिए, ताकि रमजान का पवित्र माह शांति और स्वच्छता से गुजर सके।

# पुलिस मुठभेड में दो लुटेरे गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने मात्र 24 घंटे के भीतर एक बड़ी सफलता हासिल की है।

मंगलवार रात रजापुर निवासी पशु व्यापारी परवेज से 5 लाख 8 हजार रुपये की लूट की वारदात में शामिल दो बदमाशों को बुधवार रात मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से दो तमंचे 315 बोर चार जिंदा और दो खोखा कारतूस लूटी गई 2 लाख 80 हजार रुपये की नगदी तथा घटना में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद की है।घटना के अनुसार, पुलिस टीम



गंगाली मोड़ पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। सूचना मिली कि लूट में शामिल बदमाश उसी दिशा से आ रहे हैं। तभी बाइक पर सवार दो व्यक्ति दिखे। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया लेकिन वे मोटरसाइकिल मोड़कर भागने लगे पीछा करने पर बदमाशों ने पुलिस पर जानलेवा फायरिंग की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश शुभम पुत्र धन प्रकाश निवासी ग्राम लडवा थाना कोतवाली देहात के पैर में गोली लगी।

# फूट डालो व राज करो की नीति के तहत लाया गया प्रस्तावित यूजीसी कानून: आप सांसद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूजीसी बिल से जुड़े प्रस्तावित बिल को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार यह बिल समाज में दलित, पिछड़े, आदिवासी और सवर्ण वर्गों के बीच विभाजन पैदा करने के उद्देश्य से लाई है।



उन्होंने कहा कि यदि सरकार की नीयत साफ होती तो विश्वविद्यालयों में दो स्वतंत्र समितियों का गठन किया जाता-एक समिति जाति आधारित भेदभाव की शिकायतों की जांच कर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करती और दूसरी समिति आपसी विवादों को सुलझाने का काम करती। उनका दावा था कि ऐसे ठोस और पारदर्शी प्रावधानों से किसी भी प्रकार के सामाजिक टकराव को रोका जा सकता था। सिंह ने कहा कि प्रस्तावित व्यवस्था में स्पष्ट जवाबदेही और स्वतंत्र निगरानी तंत्र का अभाव है। संजय सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा फूट डालो और राज करो की नीति पर काम कर रही है और उसी रणनीति के तहत यूजीसी बिल लाया गया है। उन्होंने कहा कि बिल पेश करने के बाद सरकार की ओर से इस विषय पर स्पष्ट संवाद का अभाव उसकी मंशा पर सवाल खड़े करता है। संजय सिंह ने आगामी चुनावों और टिकट वितरण को लेकर भी टिप्पणी की।

उन्होंने कहा कि चुनाव के समय सभी राजनीतिक दल सक्रिय हो जाते हैं, लेकिन टिकट किसे मिलेगा और अंतिम समय में क्या बदलाव होंगे, यह आखिरी क्षण तक तय नहीं होता। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि किसी भी संभावित घोषणा को लेकर अत्यधिक उत्साहित होने के बजाय संगठनात्मक अनुशासन बनाए रखें। अंत में उन्होंने कहा कि जनता को सरकार की नीतियों और उसके वास्तविक इरादों को समझने की आवश्यकता है, ताकि लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक सौहार्द की रक्षा की जा सके।

## रायबरेली में कार पेड़ से टकराई, तीन की मौत

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश में रायबरेली जिले के भदोखर थाना क्षेत्र के फतेहपुर मोहलिया इलाके में बुधवार देर रात एक तेज रफ्तार कार के पेड़ से टकराने से तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जिस घर में तिलक समारोह की तैयारियां चल रही थीं, वहां खुशियां मातम में बदल गईं। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतकों की पहचान धनंजय सिंह (32), आशुतोष मौर्य (35) और संदीप सिंह (35) के रूप में हुई है। बताया गया है कि संदीप सिंह की बहन का तिलक समारोह 26 फरवरी को निर्धारित था। इसी कार्यक्रम की तैयारियों के सिलसिले में तीनों मित्र बुधवार शाम खरीदारी करने रायबरेली आए थे। खरीदारी के बाद रात करीब नौ बजे तक बाजार में रुकने के उपरांत उन्होंने एक होटल में भोजन किया और घर के लिए रवाना हो गए। रात लगभग 11:10 बजे लखनऊ- प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर उनकी इंडिगो सीएस कार अचानक अनियंत्रित हो गई।

# राज्यपाल ने किया विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आंनदी बेन पटेल ने गुरुवार को जिले के मड़िहान में निर्माणाधीन मां विध्यवासिनी विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। श्रीमती पटेल ने कार्यदाई संस्था को गुणवत्तापूर्ण बनाते हुए समयब( कार्य पूरा करने का निर्देश दिए। आंनदी बेन ने अधिकारियों के साथ समीक्षा भी की। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। राज्यपाल सोनभद्र जाने से पहले मड़िहान क्षेत्र के देवरी कलां गांव मिर्जापुर पहुंची। उन्होंने मां विध्यवासिनी विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया तथा कुलपति प्रो शोभा गौड़ एवं अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। कुलाधिपति ने परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



विश्वविद्यालय में बच्चों को सम्मानित किया। राज्यपाल के यहां पहुंचने पर प्रदेश सरकार के मंत्री आशीष पटेल एवं स्थानीय विधायक रमाशंकर पटेल, विधायक रत्नाकर मिश्र सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने प्रशासन की ओर उनका स्वागत किया। विश्वविद्यालय की कुलपति शोभा गौड़ ने बताया कि इस विश्वविद्यालय से मिर्जापुर, सोनभद्र और संत रविदास नगर भदोही के 171 महाविद्यायल सम्बद्ध है। उन्होंने बताया कि इस सत्र से विश्वविद्यालय में परीक्षा आदि कार्य शुरू हो चुका है। उन्होंने बताया कि महामहिम ने समीक्षा बैठक में निर्माण कार्य के साथ हाल ही में प्रदेश सरकार द्वारा विश्वविद्यालय के लिए आधारभूत ढांचा तैयार करने के लिए मिले पचास करोड़ रुपये से होने वाले कार्यों की भी चर्चा की।

## सड़क हादसे में तीन महिलाओं की मौत, दो गंभीर

**महोबा।** उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र में बुधवार रात हुए भीषण सड़क हादसे में तेज रफ्तार पिकअप वाहन से कुचलकर तीन महिलाओं की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों में एक की हालत नाजुक होने पर उसे उपचार के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने बताया कि मुख्यालय के छतरपुर रोड स्थित एक निजी गेस्ट हाउस में आयोजित शादी समारोह में भोजन बनाने गई मजदूर महिलाओं का दल देर रात काम खत्म कर घर लौट रहा था। तभी तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर उन्हें कुचलता हुआ निकल गया। घटना से मौके पर अफरा-तफरी और कोहराम मच गया। शोर सुनकर आसपास के मकानों से लोग बाहर निकल आए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। दुर्घटना में 50 वर्षीय भागवती, 35 वर्षीय गीता देवी और 40 वर्षीय श्याम रानी की मौत हो गई। तीनों भटीपुरा क्षेत्र की निवासी थीं। श्याम रानी की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि गीता देवी और भागवती ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घायल महिलाओं तुलसा और राजकुमारी की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने उन्हें उच्च केंद्र के लिए रेफर कर दिया।

# आशुतोष ब्रह्मचारी के बयान पर बृजेश पाठक ने नहीं दी प्रतिक्रिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने हरदोई में आशुतोष ब्रह्मचारी और यूजीसी को लेकर भाजपा सांसद साक्षी महाराज के बयान पर टिप्पणी करने से परहेज किया। उन्होंने कहा कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है, इसलिए इस पर कुछ भी कहना उचित नहीं होगा।

श्री पाठक नेहरू डिग्री कॉलेज में आयोजित हीरक जयंती समारोह में भाग लेने पहुंचे थे। पत्रकारों द्वारा जब उनसे प्रयागराज के माघ मेले में शंकराचार्य विवाद और उसमें एक उपमुख्यमंत्री की कथित भूमिका को लेकर पूछे गए सवाल पर प्रतिक्रिया मांगी गई तो उन्होंने कहा



कि पूरा मामला न्यायालय में है और न्यायालय के प्रकरणों पर टिप्पणी करना उचित नहीं है।

इसी प्रकार साक्षी महाराज के बयान को लेकर पूछे गए प्रश्न पर भी उन्होंने कहा कि जो मामले न्यायालय में लंबित हैं, उन पर कोई टिप्पणी नहीं की जाएगी और न्यायालय के निर्णय की प्रतीक्षा की जाएगी। समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने हरदोई की स्थानीय बोली में विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि देश को चंद्रशेखर आजाद और महादेवी वर्मा जैसे व्यक्तित्वों की आवश्यकता है और ऐसे युवा इन्हीं छात्रों में से निकलेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक लाख युवाओं को राजनीति में आगे लाने की बात कही है, जिनका पारिवारिक पृष्ठभूमि राजनीतिक न हो। उन्होंने छात्रों को राजनीति, प्रशासन और अन्य क्षेत्रों में आगे आने के लिए प्रेरित करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। समारोह में भाजपा एमएलसी संतोष सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमवती सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### वाराणसी में 20 करोड़ से मॉडल बनेंगी पद्म अवॉर्डियों की गलियां

**वाराणसी।** वाराणसी के विकास को लेकर नगर निगम द्वारा लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार शाम को कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक में शहर के विकास को नई रफ्तार देने के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित 2533.33 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दे दी गई है। इसमें नगर निगम का 2262.42 करोड़ रुपये तथा जलकल विभाग का 270-91 करोड़ रुपये शामिल है। बजट में पहली बार पद्म पुरस्कार विजेताओं और सेवा बस्तियों (मलिन बस्तियों) के लिए विशेष धनराशि का प्रावधान किया गया है। महापौर अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि काशी की कला और संस्कृति का मान बढ़ाने वाले पद्म पुरस्कार विज.ेताओं के सम्मान में नगर निगम ने बड़ी पहल की है। उनके आवास की गलियों को 'मॉडल गली' के रूप में विकसित करने के लिए बजट में 20 करोड़ रुपये का विशेष प्रावधान किया गया है। इन गलियों को कलात्मक स्वरूप देने के साथ-साथ आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। शहर की सेवा बस्तियों में रहने वाले नागरिकों के जीवन-स्तर को सुधारने के लिए बजट में 30 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इस राशि से इन क्षेत्रों में सीवर लाइन, शुद्ध पेयजल, आधुनिक स्ट्रीट लाइट और अन्य मूलभूत सुविधाओं का जाल बिछाया जाएगा। मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी (सीएफओ) मनीष शुक्ल ने नगर निगम तथा जलकल के महाप्रबंधक अनूप सिंह ने जलकल विभाग के वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित तथा 2025-26 के पुनरीक्षित आय-व्यय का ब्यौरा कार्यकारिणी में प्रस्तुत किया। पिछले तीन वर्षों में नगर निगम के बजट में 2-69 गुने की वृद्धि हुई है। वहीं, पिछले साल की तुलना में यह सीधे तौर पर 1-7 गुना (लगभग 938 करोड़ अधिक) है, जो शहर की बदलती तस्वीर और राजस्व संग्रहण में हुई वृद्धि को दर्शाता है। वर्ष 2023-24 में जहां बजट 840-90 करोड़ रुपये था, वहीं 2026-27 में यह बढ़कर 2262-42 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर और सुविधाओं पर होने वाले खर्च में बड़ी बढ़ोतरी का संकेत है।

### कचहरी को बम से उड़ाने की मिली धमकी

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के विभिन्न न्यायालयों को बम से उड़ाने की धमकियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामले में बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य श्रीनाथ त्रिपाठी को मोबाइल पर एसएमएस भेजकर जान से मारने और कचहरी परिसर को उड़ाने की धमकी दी गई है। श्री त्रिपाठी ने बताया कि गुरुवार सुबह जब उन्होंने अपना मोबाइल चेक किया, तो एक अज्ञात नंबर से संदेश मिला। संदेश में लिखा था कि कचहरी को बम से उड़ा देंगे और तुम्हें भी।ष इसकी गंभीरता को देखते हुए उन्होंने तत्काल पुलिस प्रशासन और जिला जज को सूचित किया। श्री त्रिपाठी ने मांग की है कि पुलिस प्रशासन गहराई से जांच करे, क्योंकि यह धमकी न केवल उनके व्यक्तिगत जीवन बल्कि पूरे कचहरी परिसर की सुरक्षा से जुड़ी है। सहायक पुलिस आयुक्त (कैंट) नितिन तनेजा के नेतृत्व में भारी पुलिस बल, डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंच गया। पूरे कचहरी परिसर में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस और साइबर सेल उस मोबाइल नंबर और स्थान (लोकेशन) को ट्रेस करने में जुटी है, जिससे संदेश भेजा गया था। गौरतलब है कि इससे पहले भी जिला जज को ईमेल के जिरए कचहरी उड़ाने की धमकी दी गई थी। एजेंसियां इस बात की जांच कर रही हैं कि क्या इन दोनों घटनाओं के तार आपस में जुड़े हैं। स्थानीय पुलिस के साथ-साथ खुफिया एजेंसियां भी संद.ेश भेजने वाले की पहचान करने में जुट गई हैं।

### अवैध खनन में लिप्त 16 ट्रक सीज

**महोबा।** उत्तर प्रदेश के महोबा जिले के कबरई क्षेत्र में गुरुवार को खनिज, परिवहन विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त 16 ट्रकों को पकड़कर सीज कर दिया गया। टीम ने दो स्टोन क्रेशर इकाइयों पर छापा मारकर भारी मात्रा में फर्जी दस्तावेज और रॉयल्टी चोरी से जुड़े मामले भी पकड़े हैं। पुलिस उपाधीक्षक ए-के- सिंह ने बताया कि खनिज राजस्व चोरी की शासन स्तर पर पहुंची शिकायतों के बाद जिलाधिकारी घ्प्ल भारद्वाज के निर्देश पर गठित संयुक्त टीम ने उटियां गांव के निकट कार्रवाई की। यहां ओवरलोड गिट्टी लादकर निकल रहे ट्रकों की जांच की गई, जिनके पास खनिज परिवहन के वैध प्रपत्र मौके पर उपलब्ध नहीं थे। बिना रॉयल्टी दस्तावेज के स्टोन क्रेशरों से ग्रिट लोड कर एनआर निकाला जा रहा था। सभी 16 ट्रकों को सीज कर पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया है। संयुक्त टीम ने मंडी क्षेत्र स्थित शक्तिमान ग्रेनाइट और एस-एस- स्टोन क्रेशर में भी छापामारी कर सघन जांच की। जांच में प्रपत्रों में भारी अनियमितताएं पाई गईं। प्रारंभिक जांच में शासन को लाखों रुपये के राजस्व नुकसान की आशंका जताई गई है। खनिज विभाग द्वारा जब्त दस्तावेजों की विस्तृत जांच की जा रही है। मामला सही पाए जाने पर क्रेशर प्लांट सील करने तथा खनन पट्टे निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि कबरई खनिज मंडी में राजस्व चोरी रोकने के लिए दो दिनों के भीतर यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है। मंडी से प्रतिदिन लगभग पांच हजार ट्रक गिट्टी महानगरों को भेजे जाते हैं। आरोप है कि कुछ रसूखदार तत्वों के संरक्षण में दलालों एवं तथाकथित लोकेशन गैंग द्वारा बड़ी संख्या में वाहनों को बिना रॉयल्टी एनआर निकाला जाता है, जिससे शासन को भारी राजस्व क्षति होती है।

### श्रावस्ती में सीसीटीवी कैमरों की खरीद मामले की जांच शुरू

**श्रावस्ती।** उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जिले में ग्राम पंचायतों में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से चलाए गए ष्ऑपरेशन त्रिनेत्रष के तहत लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की खरीद में कथित अनियमितताओं का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने के बाद जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। शिकायत के अनुसार जिले की 397 ग्राम पंचायतों में सुरक्षा के नाम पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। आरोप है कि जिन कैमरों की बाजार कीमत लगभग 5,299 रुपये बताई जा रही है, उन्हें 23,500 रुपये प्रति कैमरा की दर से खरीदा गया। आरोप में अधिकारियों और ठेकेदारों की कथित मिलीभगत से सरकारी धन के दुरुपयोग की बात कही गई है। इस मामले में लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज पाठक ने पंचायती राज मंत्री से शिकायत कर उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। शिकायत में खरीद प्रक्रिया में भारी अनियमितता तथा दरों में अत्यधिक अंतर का उल्लेख किया गया है। शिकायत के बाद पंचायती राज मंत्री ने प्रकरण की जांच के निर्देश जारी किए हैं।

# डा. अभिनीत गुप्ता ने हृदय विफलता प्रबंधन पर चर्चा की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कानपुर।** डॉ. अभिनीत गुप्ता, हृदय रोग विशेषज्ञ ने कानपुर फिजिशियन एसोसिएशन के तत्वावधान में हृदय विफलता पर एक महत्वपूर्ण सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य चिकित्सकों को हृदय विफलता देखभाल में आधुनिक उपचार रणनीतियों, उभरती हुई तकनीकों और बेहतर रोगी प्रबंधन ख्रष्टिकोणों पर अद्यतन करना था। डॉ. गुप्ता ने कहा कि बदलती जीवनशैली, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा और बढ़ते तनाव स्तर के कारण हृदय विफलता के रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रारंभिक निदान और उचित उपचार से इस गंभीर स्थिति को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है और रोगी के परिणामों में सुधार किया जा सकता है। ईसीजी और इकोकार्डियोग्राफी जैसे पारंपरिक जांचों के अलावा, उन्नत निदान उपकरण अब महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



एनटी- प्रोबीएनपी, 3डी इकोकार्डियो ग्राफी, ग्लोबल लॉन्गिट्यूडिनल स्ट्रेन (जीएलएस), और कार्डियाक एमआरआई जैसे बायोमार्कर परीक्षण हृदय पंपिंग कार्य और सूक्ष्म म्योकार्डियल डिस्टफंक्शन के सटीक मूल्यांकन में मदद करते हैं। चयनित रोगियों में, कार्डियाक सीटी स्कैन और रिमोट मॉनिटरिंग डिवाइस का उपयोग हृदय कार्य की निरंतर निगरानी के लिए भी किया जाता है। उन्होंने फाइनरेनोन, एआरएनआई, और एसजीएलटी2 अवरोधक जैसे नए पीढ़ी की दवाओं सहित उन्नत उपचार विकल्पों पर विस्तार से चर्चा की। लेफ्ट बंडल ब्रांच ब्लॉक (एलबीबीबी) पेसिंग, इम्प्लेंटेबल कार्डियोवर्टर डिफिब्रिलेटर (आईसीडी), कार्डियाक रेसिंक्रो नाइजेशन थेरेपी (सीआरटी), और लेफ्ट वेंट्रिकुलर असिस्ट डिवाइस (एलवीएडी) जैसी इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी तकनीकों पर भी चर्चा की गई, साथ ही उन्नत मामलों में हृदय प्रत्यारोपण पर भी चर्चा की गई। डॉ. गुप्ता ने कहा कि ये आधुनिक उपचार और तकनीक हृदय विफलता के रोगियों के जीवन की गुणवत्ता में काफी सुधार कर सकते हैं और बार-बार अस्पताल में भर्ती होने को कम कर सकते हैं। उन्होंने नमक प्रतिबंध, संतुलित आहार, मापित तरल पदार्थ का सेवन, नियमित रक्तचाप और रक्त शर्करा की निगरानी, निर्धारित दवाओं का सख्त पालन, और हल्के नियमित व्यायाम सहित आवश्यक सावधानियों पर भी जोर दिया। रोगियों को श्वास की कठिनाई, पैरों में सूजन, या अचानक वजन बढ़ने जैसे चेतावनी संकेतों को नजरअंदाज नहीं करने की सलाह दी गई थी।

## वाराणसी में 50 हजार का इनामी पशु तस्कर गिरफ्तार

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में वाराणसी जिले के लोहता क्षेत्र में पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने 50 हजार रुपये के इनामी शातिर अपराधी मोहम्मद अरशद को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी चन्दौली जिले में दर्ज गोवध निवारण अधिनियम और पशु क्रूरता अधिनियम के मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था। एसटीएफ के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त लहंगपुरा औरंगाबाद थाना सिगरा, जनपद वाराणसी का रहने वाला है। उसे बुधवार रात करीब 10:10 बजे थाना लोहता क्षेत्र के धमरियों मैदान के पास से गिरफ्तार किया गया। एसटीएफ को सूचना मिली थी कि अरशद वाराणसी और आसपास के क्षेत्रों में छिपकर रह रहा है। इस सूचना पर पुलिस उपाधीक्षक शैलेश प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण और निरीक्षक अमित श्रीवास्तव के नेतृत्व में एसटीएफ टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे दबोच लिया। पूछताछ में पता चला कि मोहम्मद अरशद दबंग और शातिर किस्म का अपराधी है, जो पहले मारपीट और धमकी जैसे मामलों में भी शामिल रहा है। वर्ष 2024 में चन्दौली जिले में 34 गोवंशीय पशुओं की तस्करी के मामले में उसका नाम सामने आया था, जिसके बाद से वह फरार चल रहा था।

## पूर्वोत्तर रेलवे चलाएगा 80 होली स्पेशल ट्रेन

**गोरखपुर।** होली पर्व के अवसर पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से होकर कुल 80 होली विशेष ट्रेनें 400 फेरों में चलाई जाएंगी।

पूर्वोत्तर रेलवे के प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि देश के महानगरों और प्रमुख नगरों के लिए यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। इसे ध्यान में रखते हुए होली के अवसर पर विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इन विशेष ट्रेनों का संच.ालन अम्बाला, अमृतसर, चंडीगढ़, कोलकाता, सियालदह, धनबाद, आसनसोल, नई दिल्ली, हैदराबाद, पुणे, मुम्बई, गोंदिया, पुरी, राजकोट, वलसाड, वडोदरा, गुवाहाटी, रांची, श्रीगंगानगर, जयपुर, जोधपुर आदि प्रमुख नगरों के लिए किया जा रहा है। प्रवक्ता के अनुसार, होली के बाद वापसी यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए 54 होली विशेष ट्रेनें 250 फेरों में चलाई जा रही हैं।

# मुलायम परिवार की अनदेखी पर सपा कार्यकर्ता नाराज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा स्थित उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई के स्थापना दिवस समारोह में समाजवादी पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव के परिवार की कथित अनदेखी को लेकर सपा ने कड़ा विरोध जताया है।

विश्वविद्यालय प्रबंधन की ओर से आरोपों पर अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। सिविल लाइन स्थित सपा कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य और प्रदेश सचिव गोपाल यादव ने संयुक्त रूप से विश्वविद्यालय प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने अपने संबोधन में 'नेताजी' मुलायम सिंह यादव का नाम तक नहीं लिया, जबकि विश्वविद्यालय की स्थापना उनके कार्यकाल में हुई थी। सपा नेताओं का कहना है कि कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक शिवपाल सिंह यादव और मैनपुरी की सांसद डिपल यादव को आमंत्रित नहीं किया गया। आरोप है कि प्रोफाइल फिल्म में भी नेताजी की तस्वीर शामिल नहीं की गई। जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य ने कहा कि मुलायम सिंह यादव तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और दो बार देश के रक्षा मंत्री रहे तथा उन्हें केंद्र सरकार द्वारा पद्म विभूषण से सम्मानित किया जा चुका है। ऐसे में स्थापना दिवस समारोह में उनका उल्लेख न होना अपमानजनक है। प्रदेश सचिव गोपाल यादव ने इसे भारतीय जनता पार्टी की ष्छोटी सोचष करार देते हुए कहा कि इस तरह के कृत्य से नेताजी का कद कम नहीं हो सकता, लेकिन इससे इटावा जनपद और प्रदेश की जनता में नाराजगी है। सपा नेताओं ने चेतावनी दी कि विश्वविद्यालय प्रबंधन की कथित कार्यप्रणाली के विरोध में पार्टी कार्यकर्ता जनजागरण अभियान चलाएंगे और मामले को व्यापक स्तर पर उठाएंगे।

# युवक से 9 लाख की साइबर ठगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश में अमेठी जिले के जायस थाना क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय नंबर से व्हाट्सऐप कॉल कर खुद को विदेश में रहने वाला व्यक्ति बताने वाले ठगों ने युवक को झांसे में लेकर करीब आठ से नौ लाख रुपये की ठगी कर ली। क्लियरेंस और डॉलर को रुपये में बदलने के नाम पर क्यूआर कोड भेजकर अलग-अलग खातों में रकम ट्रांसफर कराई गई।

पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जायस थाना क्षेत्र के मोहल्ला बड़ा गोरियाना निवासी रिजवान अहमद सुत अमानुल हक़ ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में आरा.ेप लगाया कि वह चार माह से साइबर अपराधियों के जाल में फंसा हुआ है।

साइबर अपराधियों ने उसे इतनी चालाकी से फंसाया कि उसे तनिक भी अहसास नहीं हो पाया कि उसके साथ फ्रड हो रहा है। पीड़ित ने एक अंतर्राष्ट्रीय नंबर शेयर करते हुए बताया कि उसके मोबाइल पर सबसे पहले साल 2025 में 19 नवम्बर को एक इंटरनेशनल नम्बर से व्हाटअप काल आई। काल करने वाले व्यक्ति ने आपना नाम सुलेमान अयूब बताया। उसने अपना आधार और एक यूके कार्ड भी वाट्सअप के जिरए साझा किया। पीड़ित ने बताया कि उसने मुझे पूर्ण विश्वास में लेने के पश्चात मुझसे मेरे अकाउंट का डिटेल मांगा तो मैंने अपनी भाभी अफसरी बेगम का खाता डिटेल व्हाटसअप से भेज दिया। उस खाते में शून्य बैलेंस था। तत्पश्चात उसने मुझे बैंक ऑफ़ अमेरिका की एक डिपाजिट स्लिप भेजी जिसपर मेरी भाभी का खाता नंबर था। उस खाते में दस हजार की डिपाजिट करने का डिटेल था। उसमें एक मोबइल नम्बर दिया गया था। उसने बताया कि यह मोबाइल नंबर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मुम्बई ब्रांच का है। कथित तौर बताए गए एस बी आई ब्रांच के नम्बर पर बात करने पर पता चला कि अपने डालर को रूपए में परिवर्तित करवा ले। ताकि ए आप के खाते में जमा हो सके। मगर क्लियरेंस से पहले पांच हजार रूपए भेजने के लिए बोला। जब हमने यूपीआईए के जिरए पैसा ट्रांसफर किया तो सैफ अली नाम लिख कर आ रहा था। उसके पश्चात मुझे एक मोबइल नम्बर और दिया गया। उस नंबर से मुझे क्यू आर कोड प्राप्त हे रहे थे। क्लियरेंस के नाम पर दस दिसम्बर तक अलग अलग डिपार्टमेंट में क्लियरेन्स के नाम पर मुझसे थोड़ा-थोड़ा कर के लगभग आठ से नौ लाख रुपये दिए गए क्यू आर कोड पर पेमेंट करवा लिया गया द्य ए सभी पेमेंट मैंने आपने पुत्र, और आपने परिवारिक मित्रों से करवाई थी। तभी एक मित्र ने मुझे सचेत किया की आप साइबर ठगी का शिकार हो रहे है।

## बुजुर्ग महिला का शव मिला, हत्या की आशंका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**महोबा।** उत्तर प्रदेश में महोबा के सदर कोतवाली क्षेत्र में बुधवार रात एक वृद्ध महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद होने से हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही है।

अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने बताया कि सुभाष चौकी अंतर्गत कादीपुरा मोहल्ला निवासी संतोष पुरवार की 65 वर्षीय पत्नी किरन का शव उसके मकान में बिस्तर पर पड़ा मिला। देर रात तक घर का दरवाजा खुला देख पड़ोसियों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। घटना के समय महिला घर में अकेली थी, जबकि उसका पति किसी कार्य से बाहर गया हुआ था। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रारंभिक जांच में महिला की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। उसके गले में मंगलसूत्र मिला, लेकिन कान के कुंडल गायब थे। शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। हालांकि स्थानीय लोगों ने हत्या की आशंका जताई है।

पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया है कि मृतका के घर पर कामकाज के सिलसिले में प्रतिदिन कुछ लोगों का आना-जाना रहता था। पुलिस सभी बिदुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

# शिक्षकों की सेवा सुरक्षा को लेकर धरना, डीएम के माध्यम से पीएम को ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा शिक्षकों की सेवा सुरक्षा, सम्मान और भविष्य को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। जिलाध्यक्ष शिवस्वरूप शर्मा के नेतृत्व में संघ पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने जिलाधिकारी के माध्यम से पीएम नरेंद्र मोदी को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में आरटीई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से मुक्त रखने तथा पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की प्रमुख मांग उठाई गई।

वक्ताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने वर्ष 1921 से लेकर अब तक कभी भी हवा-हवाई या फोटोबाजी की लड़ाई नहीं लड़ी, बल्कि हमेशा तथ्यों और साक्ष्यों के साथ शिक्षकों का पक्ष मजबूती से रखा है और हर बार सफलता मिली है।

धरना प्रदर्शन के दौरान मंडलीय मंत्री मुकेश सिंह चौहान, जिला मंत्री रोहित सिंह, कोषाध्यक्ष अजरार हुसैन आगा, मीडिया प्रभारी संजय कुमार शर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। सभी ने एकजुट होकर मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की और न्याय मिलने का भरोसा जताया।

# लंबे समय से अनुपस्थित चिकित्सकों पर मण्डलायुक्त सख्त

- **कार्रवाई करते हुए सेवा समाप्ति के दिए निर्देश**
- **मण्डलीय समीक्षा बैठक में विकास योजनाओं, स्वास्थ्य सेवाओं और राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मण्डलायुक्त भूपेन्द्र एस. चौधरी की अध्यक्षता में गुरुवार को विकास भवन सभागार में मण्डलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें बरेली मंडल के चारों जनपदों में संचालित विकास योजनाओं, स्वास्थ्य सेवाओं, राजस्व कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। मण्डलायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए, तथा किसी भी स्तर पर लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त ने सभी जनपदों को अपनी रैंकिंग में सुधार लाने और मंडल की समग्र स्थिति को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। बरेली जनपद को विभिन्न मानकों पर डी ग्रेड मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए संबंधित




अधिकारियों को तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए।

कृषि विभाग की समीक्षा में संयुक्त कृषि निदेशक ने बताया कि डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। फार्मर रजिस्ट्री में सभी जनपदों को राज्य औसत से ऊपर बनाए रखने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत बरेली में लक्ष्य पूर्ण हो चुका है, जबकि बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर में शेष कार्य को 28 फरवरी तक पूरा करने के निर्देश दिए गए।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान लंबे समय से अनुपस्थित चिकित्सकों के मामले को गंभीरता से लेते हुए मण्डलायुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई। बताया गया कि बरेली में 20, बदायूं और पीलीभीत में 9-9 तथा शाहजहांपुर में 5 चिकित्सक लंबे समय से अनुपस्थित हैं। इस पर मण्डलायुक्त ने निर्देश दिए कि ऐसे चिकित्सकों से तत्काल संपर्क किया जाए और समाच. ार पत्रों के माध्यम से सूचना प्रकाशित कर उन्हें सेवाएं देने के लिए बुलाया जाए। यदि इसके बाद भी वे कार्य पर उपस्थित नहीं होते हैं, तो उनकी सेवाएं समाप्त करने की कार्रवाई की जाए, जिससे रिक्त पदों पर नई नियुक्तियां की जा सकें।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के निरीक्षण में कुछ स्थानों पर इंफ्रास्ट्रक्चर और फायर एनओसी से संबंधित कमियां पाई गईं, जिन्हें शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए गए। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की समीक्षा में पोषक आहार की गुणवत्ता बनाए रखने और रिक्त पदों को भरने पर जोर दिया गया।

उद्योग, परिवहन, विद्युत, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन तथा राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने राजस्व वसूली बढ़ाने, लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करने और जनशिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को जनसुनवाई के दौरान कार्यालय में उपस्थित रहकर जनता की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समाधान करने और शिकायतकर्ताओं को निस्तारण की प्रति उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

बैठक में मंडल के सभी जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मीरगंज में लापता तीन छात्राएं बरामद, पुलिस ने सर्विलांस से ट्रेस कर किया खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** गत 23 फरवरी को एक ही कॉलेज की कक्षा 11 की छात्राएं गायब हो गई थीं। तीनों की उम्र लगभग 15 वर्ष है। तीनों सहेलियां हैं। तीनों के परिजनों ने उनके घर न लौटने पर पुलिस को तहरीर दीं। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस छात्राओं को ढूंढने में जुट गई। पुलिस ने सर्विलांस टीम की मदद से उनकी लोकेशन ट्रेस कर ली। पुलिस टीम ने छापा मार कर तीनों छात्राओं को बरामद कर लिया।

छात्राओं के बरामद होने पर उनके परिजन थाने पहुंच गए। पुलिस ने छात्राओं से पूछताछ कर उनके बयान दर्ज किए। पुलिस उनका कोर्ट में बयान दर्ज कराने की तैयारी कर रही है। गांव की छात्रा 23 फरवरी को 9.20 बजे कालेज जाने को घर से निकली। वह कालेज न जाकर सहेली के घर पहुंच गई। दोनों तीसरी सहेली के घर पहुंचीं। उसके घर ड्रेस बदलकर दोनों कहीं चली गईं। तीन माह पूर्व भी तीनों छात्राएं कहीं चली गईं। लेकिन कालेज की छुट्टी के समय घर पहुंच गई थीं। एसओ संजय तोमर ने बताया पुलिस ने गायब छात्राओं को बरामद कर लिया है।

### अवैध तमंचे के साथ युवक को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मीरगंज।** थाना प्रभारी संजय तोमर एवं चौकी प्रभारी पंकज कुमार ने पुलिस टीम के साथ नगर क्षेत्र में छापेमारी कर एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार पकड़ा गया आरोपी रिजवान पुत्र इलियास, निवासी गांव जनैटा थाना बनियाठेर, जिला संभल है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किए गए।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है और उसके आपराधिक इतिहास की भी जानकारी जुटाई जा रही है।

### तेज रफ्तार एर्टिगा कार पिकअप से टकराई एक ही परिवार के पांच लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्विमिंग पूल के पास शनिवार दोपहर एक एर्टिगा कार सड़क किनारे खड़ी पिकअप में जा घुसी। हादसे में कार सवार एक ही परिवार के पांच लोग घायल हो गए, जबकि पिकअप चालक को भी चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।



मिली जानकारी के अनुसार कार चालक कय्यूम अली अपने गांव के एक परिवार के साथ पासपोर्ट कार्यालय, बरेली से काम निपटाकर दोपहर बाद घर टांडा मुड़िया लौट रहे थे। जैसे ही कार फतेहगंज पश्चिमी बाईपास पर स्विमिंग पूल के पास पहुंची, सड़क किनारे खड़ी पिकअप फास्टैग रिचार्ज करा रही थी। पिकअप से टकरा गई और अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी।हादसे में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार मल्लू हसन पुत्र इस्माइल निवासी टांडा मुड़िया, थाना भगतपुर, मुरादाबाद, उनकी पत्नी इमामद, बेटी शावना, नातिन रेहाना और नाती फरहान घायल हो गए।वहीं पिकअप चालक कृष्ण सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी सिंधौली, शाहजहांपुर से रामपुर जा रहे थे। टक्कर में उन्हें भी चोटें आईं। पिकअप में लदा दहेज का सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर थाने में खड़ा करा दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से दवा लेकर घर लौट रहे बाइक सवार व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराकर मोपेड को कब्जे में ले लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार मीरपुर गांव निवासी भगवान दास पुत्र मंगलसेन खिरका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से दवा लेकर अपनी मोपेड से घर वापस जा रहे थे। जैसे ही वह दीपक भट्टा के पास पहुंचे तभी रामपुर की ओर से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही भगवान दास सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि उनकी मोपेड भी क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा और मोपेड को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा करा दिया है।

### बीडीएम पब्लिक स्कूल का भव्य ग्रेजुएशन समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** बी डी एम पब्लिक स्कूल में नन्हें विद्यार्थियों के लिए आकर्षक और भावनात्मक ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किंडरगार्टन के बच्चों को औपचारिक रूप से ग्रेजुएशन प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों की मासूम मुस्कान और उत्साह ने समारोह को उत्सवमय बना दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और गणेश वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात बच्चों की पासिंग आउट परेड ने उपस्थित अभिभावकों को भावुक कर दिया। नन्हें विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। विशेष रूप से "बम बम बोले" गीत पर बच्चों के नृत्य प्रदर्शन ने खूब तालियां बटोरीं।समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के वाइस प्रेसिडेंट अचल मिश्रा ने कहा कि आज के दौर में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अनुशासन और अभिभावकों का सकारात्मक मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने और स्वयं उनके लिए आदर्श बनने की अपील की।कार्यक्रम के सफल संचालन में कल्चरल कोऑर्डिनेटर श्री कृष्णा, अनामिका गुप्ता, नीतू गंगवार सहित किंडरगार्टन के समस्त शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

### बार एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष के परिजनों पर जानलेवा हमला, महिला जिला अस्पताल रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** बार एसोसिएशन मीरगंज के निवर्तमान कोषाध्यक्ष एडवोकेट अरविंद कुमार के परिवार पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। घटना में उनके छोटे भाई मिथुन कुमार की पत्नी रचना गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बरेली रेफर किया गया है।मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे रचना छत पर कपड़े डालने गई थीं। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाली एक महिला ने पीछे से लोहे की रॉड से उनके सिर पर हमला कर दिया। वार इतना गंभीर था कि रचना लहूलुहान होकर बेहोश हो गईं। परिजनों का कहना है कि इसके बाद अन्य महिलाओं ने भी उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।बताया जा रहा है कि हमलावर पक्ष के परिजनों के खिलाफ दर्ज मुकदमे को वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा था। सूचना पर थाना मीरगंज पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सीएचसी ले गई। हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां स्थिति चिंताजनक बनी है। पुलिस ने तीन महिला आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### समूह की रकम हड़पने का आरोप महिला ने थाने में दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** ग्राम हरदुआ किफायतुल्ला निवासी प्रवेश पत्नी राम औतार ने थाना नवाबगंज में तहरीर देकर 1.25 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

प्रवेश ने बताया कि वह गांव-गांव जाकर स्वयं सहायता समूह बनाने का कार्य करती है। इसी दौरान ईधजागीर निवासी गौरी भी समूह संचालन का काम करती थी। कुछ समय पूर्व गौरी के समूह की 1,25,000 रुपये की धनराशि त्रुटिवश प्रवेश के समूह खाते में आ गई थी। ब्लॉक कर्मचारियों के निर्देश पर उक्त रकम वापस करने की बात कही गई।

आरोप है कि गौरी ने समूह संचालन बंद करने की बात कहते हुए अपनी रकम लौटाने को कहा। इस पर 1.25 लाख रुपये प्रवेश के निजी खाते में ट्रांसफर कर दिए गए। बाद में गौरी की भतीजी किरन उसके पास आई और कहा कि बुआ ने रुपये मंगवाए हैं। विश्वास में लेकर प्रवेश ने 1.25 लाख रुपये नकद किरन को दे दिए।

प्रवेश का कहना है कि जब वह बाद में ईधजागीर पहुंची और गौरी से रुपये मिलने की पुष्टि की, तो गौरी ने साफ इनकार कर दिया। वहीं, किरन से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। पीड़िता ने आशंका जताई है कि उसके साथ धोखाधड़ी कर रुपये हड़प लिए गए हैं। पीड़िता ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

# शाही में 25 लाख की नकबजनी का खुलासा, मुठभेड़ में दो शातिर दबोचे

- **चोरी के जेवर बेचकर दिल्ली भागने की फिराक में थे आरोपी, एक के पैर में लगी गोली**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** शाही थाना क्षेत्र में हुई 25 लाख रुपये की नकबजनी का पुलिस ने खुलासा करते हुए मुठभेड़ के बाद दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगी है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 3,00,320 रुपये नकद, दो तमंचे .315 बोर, कारतूस तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की है। चोरी के जेवर खरीदने के आरोप में एक सुनार को भी गिरफ्तार किया गया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार बैंसला के अनुसार 5/6 फरवरी की रात



कस्बा शाही के मोहल्ला आजमनगर निवासी चांद बाबू के घर ताला तोड़कर नकबजनी की वारदात को अंजाम दिया गया था। चोर घर से सोने-चांदी के आभूषण और नकदी ले गए थे। इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम को खुलासे के निर्देश दिए गए थे।

बुधवार रात पुलिस टीम गश्त और



चेकिंग पर थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि घटना में शामिल आरोपी चोरी के जेवर बेचकर मिले रुपये लेकर मोटरसाइकिल से दिल्ली भागने की फिराक में हैं। सूचना पर पुलिस ने बीएसएनएल चौराहे के पास घेराबंदी की। संदिग्ध बाइक को रुकने का इशारा किया गया तो आरोपी भागने लगे। पीछा करने पर शाही-मिर्जापुर रोड स्थित श्मशान के पास कच्चे रास्ते में उनकी मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई।

इसके बाद दोनों बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें इमरान नामक आरोपी के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने दोनों को मौके से दबोच लिया और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा।गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान इमरान पुत्र वाहिद उर्फ बब्लू निवासी मोहल्ला आजमनगर, थाना शाही तथा तौफीक पुत्र अली अहमद निवासी ग्राम बसई, थाना शाही के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक इमरान पर 13 और तौफीक पर 8 आपराधिक मुकदमे पहले से दर्ज हैं।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वारदात से पहले घर की रेकी की गई थी। बुर्का और मास्क पहनकर चोरी की गई तथा जेवर कस्बे के कुछ सुनारों को बेच दिए गए, जिन्होंने उन्हें गलाकर सोने-चांदी की टिक्कियां बना लीं। बिक्री से मिले करीब तीन लाख रुपये लेकर दोनों दिल्ली भागने की योजना बना रहे थे। पुलिस ने मुठभेड़ और बरामदगी के संबंध में अलग से मुक. दमा दर्ज कर लिया है तथा पूर्व दर्ज मुकदमे में भी धाराएं बढ़ा दी गई हैं।

# अग्निवीर सेना भर्ती: 12 जनपदों के हजारों युवा जाट रेजीमेंट केंद्र में लगाएंगे दौड़

- **11 से 23 मार्च तक होगी भर्ती रैली, पारदर्शिता और सुरक्षा के लिए प्रशासन ने किए व्यापक इंतजाम**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** भारतीय सेना की अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर भर्ती रैली को लेकर जिला प्रशासन और सेना ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। जाट रेजीमेंट केंद्र, बरेली परिसर में 11 मार्च से 23 मार्च 2026 तक भर्ती रैली आयोजित की जाएगी, जिसमें उत्तर प्रदेश के 12 जनपदों के हजारों अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है। भर्ती को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन और सेना के अधिकारी लगातार व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे हैं।

भर्ती की तैयारियों के संबंध में जाट रेजीमेंट केंद्र के सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, सेना भर्ती कार्यालय के निदेशक, पुलिस क्षेत्राधिकारी आशुतोष शिवम सहित जिला प्रशासन, सेना और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने भर्ती स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस भर्ती रैली में बरेली के अलावा बहराईच, बलरामपुर, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर, सीतापुर, संभल, पीलीभीत, हरदोई, फर्रुखाबाद और बदायूं जनपदों के अभ्यर्थी भाग लेंगे। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए पेयजल, अस्थायी शौचालय, विश्राम स्थल, चिकित्सा शिविर, एंबुलेंस, प्रकाश व्यवस्था और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की जा रही है। कानून व्यवस्था बनाए रखने और भीड़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

परिवहन विभाग को यातायात व्यवस्था सुचारु रखने और जाम की स्थिति से निपटने के निर्देश दिए गए हैं, जबकि स्वास्थ्य विभाग को मेडिकल टीम और आपातकालीन सेवाएं तैयार रखने को कहा गया है। नगर विकास विभाग को स्वच्छता और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

सेना भर्ती कार्यालय के निदेशक ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ सम्पन्न कराई जाएगी। उन्होंने अभ्यर्थियों से अपील की कि वे समय से पहले भर्ती स्थल पर पहुंचें, अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर साथ रखें और सभी आवश्यक दस्तावेज अवश्य लेकर आएं। यदि किसी अभ्यर्थी को एडमिट कार्ड डाउनलोड करने में समस्या हो रही है, तो वह सेना भर्ती कार्यालय, बरेली में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच संपर्क कर सकता है। साथ ही अभ्यर्थियों को किसी भी दलाल या अफवाह से दूर रहने की सलाह दी गई है।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 11 मार्च को अग्निवीर (टेक्निकल), 12 मार्च को अग्निवीर (ट्रेड्समेन) और अग्निवीर (क्लर्क/एसकेटी) के अभ्यर्थियों की भर्ती होगी। 13 मार्च को बहराईच, बलरामपुर, श्रावस्ती और लखीमपुर खीरी, 14 मार्च को शाहजहांपुर और सीतापुर, 15 मार्च को संभल और पीलीभीत, 16 मार्च को हरदोई, 17 मार्च को फर्रुखाबाद, 18 मार्च को बदायूं तथा 19 मार्च को बरेली जनपद के अभ्यर्थियों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी की भर्ती आयोजित की जाएगी।

# ध्वस्त किया 80 दुकानों का अतिक्रमण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम ने आज बाजार मोरगंज में नाला सफाई अभियान में बाधक बन रहा करीब 80 दुकानों का अतिक्रमण जेसीबी व पोकलेन की मदद से ध्वस्त कर दिया। व्यापारियों ने जिलाधिकारी के साथ एक बैठक में बाजार मोरग. ंज में नालों की सफाई न होने का मामला उठाया था।

नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर निगम के नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह के नेत्त्व में नगर निगम का



अतिक्रमण दस्ता आज जब जेसीबी, पोकलेन और चार ट्रैक्टर ट्रालियों के साथ बाजार मोरगंज पहुंचा तो दुक. ानदारों में खलबली मच गयी। नाला सफाई में भगतसिंह चौक से दालमण्डी चौक तक जिन 80 दुकानों के बाहर बने थले व सीढ़ियां बाधा बन रहे थे, उन्हें पोकलेन व जेसीबी से ध्वस्त कर नाला सफाई अभियान का रास्ता साफ किया गया।

प्रवर्तन दल प्रभारी ने बताया कि गत दिनों जिलाधिकारी के साथ व्यापार बंधु की एक बैठक में बाजार मोरगंज के नालों की सफाई न होने का मुद्दा उठाया गया था। उसी के संदर्भ में आज निगम द्वारा यह कार्रवाई की गयी। उन्होंने बताया कि कार्रवाई के संदर्भ में कल शाम ही बाजार में एनाउंस भी करा दिया गया था। ध्वस्त किये गए थलों का मलवा साथ के साथ ट्रैक्टर ट्रालियों में भरकर मौके से उठवाया गया। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग, हरिप्रकाश कसाना सहित प्रवर्तन दल की पूरी टीम तथा सफाई निरीक्षक सुधाकर आदि शामिल रहे।

# धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** सोफिया इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव परिवर्तनष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लोकसेवा आयोग उत्तराखंड के चेयरमैन प्रहलाद चौधरी, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. नरेश नौसरान, संस्था के चेयरमैन चौधरी शेरसिंह ,प्रधानाचार्य मनोज अवस्थी, डायरेक्टर कोणार्क चौधरी द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. नरेश नौसरान ने कहा कि क्षेत्र वासियों के लिए यह गौरव की बात है उनको इतनी अच्छी संस्था मिली जिसमे महानगरों की तरह शैक्षिक वातावरण है। संस्था के चेयरमैन चौधरी शेरसिंह ने कहा कि उनका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चो का सर्वांगीण शैक्षिक, बौद्धिक विकास हो और समय के साथ साथ परिवर्तन करना है। कक्षा नौ के छात्र छात्राओं द्वारा प्लास्टिक से मानव व जीव जंतुओ में होने वाले दुष्प्रभाव पर प्रोग्राम करते हुए सभी से प्लास्टिक व कचरे को खुले में न डालने की शपथ दिलाई। नन्हे मुन्हें बच्चों द्वारा माता पिता के द्वारा बच्चों के प्रति किए समर्पण को उकेरा गया और पेड़ तथा जल बचाने के साथ ही बच्चों द्वारा माता पिता का सम्मान करने और वृद्धावस्था में उनकी अधिक देखभाल करने तथा उन्हें वृद्धाश्रम में न भेजने की प्रस्तुति देकर सभी को भावविभोर कर दिया। भारत देश की विभिन्न राज्यों की भाषाई संस्कृति और पहचान से अवगत कराते हुए देश की एकता, अखंडता व भाईचारे से अवगत कराया और देशभक्ति के संगम से देशप्रेम की भावना भरी। इस अवसर पर राजबीर चौधरी, राजसिंह यादव, चौधरी कर्णसिंह, राजेश सिंह, अमर त्यागी, डॉ. अनुज चौधरी, स्कूल की डिप्टी डायरेक्टर सोफिया चौधरी, डॉ. आकांक्षा चौधरी, कॉर्डिनेटर अर्पिता विजन, राजेश कुमार, केशव अग्रवाल, किरण, स्वाति, पूनम, रजनी, वैशाली, सुनीता, बंदना, निधि, शगुन, हेमा, पारुल, मीनाक्षी, गरिमा, उर्वशी, शिवानी, सोनिया, शिवांशु, अजय, सौरभ, अभिषेक, दलजीत, प्रदीप, रोहित, पूजा, सहित समस्त स्टाफ और अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# बरेली से बौद्ध श्रद्धालुओं का दल श्रीलंका रवाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक उत्साह के साथ बरेली के कई बौद्ध परिवार श्रीलंका की दस दिवसीय तीर्थ यात्रा पर रवाना हुए। यात्रा के दौरान श्रद्धालु वहां स्थित प्राचीन बौद्ध मठों और ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन कर धर्म लाभ अर्जित करेंगे तथा अपने परिवार और समाज की सुख-शांति के लिए प्रार्थना करेंगे।

रवाना होने से पूर्व शहर में तीर्थ यात्रियों का स्वागत किया गया। कर्मचारी नगर निवासी ठाकुर दास प्रेमी ने बताया कि वे अपने परिवार के सदस्यों के साथ इस पावन यात्रा पर जा रहे हैं। उनके अनुसार श्रीलंका में स्थित बौद्ध धरोहर स्थलों के दर्शन जीवन का एक विशेष अवसर है, जिसे वे सौभाग्य मानते हैं। यात्रा के दौरान श्रद्धालु श्रीलंका के ऐतिहासिक शहर अनुराधापुर सहित विभिन्न पवित्र स्थलों के दर्शन करेंगे। जिन प्रमुख स्थानों को कार्यक्रम में शामिल किया गया है, उनमें जेतवनराम, रुवानवे. लिसया, मिरीसावेती स्तूप, जया श्री महा बोधि, लोवामहापाया, थुपरमैया, अभयगिरि दगाबा और लंकरामा शामिल हैं। इन स्थलों का संबंध बौद्ध परंपरा और प्राचीन इतिहास से जुड़ा माना जाता है। श्रद्धालुओं ने बताया कि यह यात्रा केवल दर्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि आत्मिक शांति, धर्म चिंतन और सद्भाव का संदेश लेकर लौटने का संकल्प भी है। उनका कहना है कि ऐसे तीर्थ अनुभव समाज में एकता, करुणा और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने में सहायक होते हैं।

# आईआईएमटी में अंतर्राष्ट्रीय वेबीनार सम्पन्न, सारगर्भित चर्चा की गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय वेबीनार ने शोध, नवाचार एवं अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को प्रभावशाली रूप से व्यक्त किया गया।

वेबीनार में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शिक्षाविद् डॉ. प्रदीप कुमार साहू, सीनियर लेक्चरर, यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्ट इंडीज ने मुख्य वक्ता के रूप में अनुसंधान की संपूर्ण प्रक्रिया पर अत्यंत सारगर्भित एवं विश्लेषणात्मक व्याख्यान प्रस्तुत




किया। उन्होंने विषय चयन की वैज्ञानिक दृष्टि, शोध पद्धति की गहनता, डेटा विश्लेषण की विश्वसनीयता तथा शोध प्रकाशन की रणनीतियों को स्पष्ट करते हुए प्रतिभागियों को अनुसंधान के गुणात्मक मानकों की सुदृढ़ समझ प्रदान की। विशिष्ट वक्ता टाटा ग्रुप के रिटायर्ड सी इ ओ गुरपाल सिंह रतन ने अपने समृद्ध अनुभवों के माध्यम से अनुसंधान, नवाचार एवं व्यावसायिक उत्कृष्टता के अंतर्संबंधों पर प्रकाश डाला। वेबीनार की वक्ता श्रीमती हरमिंदर सेठी ने प्रतिभागियों के साथ संवाद स्थापित करते हुए अनुसंधान की व्यावहारिक चुनौतियों, नैतिक आयामों एवं अकादमिक उत्तरदायित्व पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए। संस्था की निदेशक डॉ. अंजू वालिया ने कहा कि उच्च शिक्षा में अनुसंधान केवल अकादमिक अनिवार्यता नहीं, बल्कि बौद्धिक विकास, नवाचार और सामाजिक प्रगति का आधार है। अनुसंधान की गुणवत्ता, मौलिकता एवं नैतिकता ही वास्तविक अकाद. मिक उत्कृष्टता की पहचान है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. नेहा त्यागी एवं श्रुति धीमान ने किया। कार्यक्रम समन्वयक अश्विनी कुमार रहे।

# महाराष्ट्र क्राइम ब्रांच की धामपुर में दबिश

## सराफा बाजार से दो संदिग्ध हिरासत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** महाराष्ट्र में हुई चोरी की एक बड़ी घटना के मामले में जांच को आगे बढ़ाते हुए महाराष्ट्र क्राइम ब्रांच की टीम ने एक बार फिर धामपुर में दबिश दी। गुरुवार को मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम धामपुर के फल चौक स्थित सराफा बाजार पहुंची, जहां से दो संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए साथ ले गई।

बताया गया है कि यह कार्रवाई महाराष्ट्र में दर्ज एक पुराने चोरी के मामले से जुड़ी हुई है। क्राइम ब्रांच को पहले हिरासत में लिए गए कुछ आरोपियों से पूछताछ के दौरान अहम सुराग मिले थे, जिनकी निशानदेही पर धामपुर में यह दबिश दी गई। टीम के प्रभारी सुनील जनशौर्य ने बताया कि मामले की जांच कई कड़ियों में चल रही है और इसी सिलसिले में धामपुर से दो संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है।

सुनील जनशौर्य के अनुसार, पूछताछ के दौरान कई अहम जानकारियां सामने आई हैं। जांच अभी प्रारंभिक चरण में है, इसलिए फिलहाल ज्यादा विवरण सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि यदि पूछताछ में ठोस साक्ष्य सामने आते हैं तो आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

क्राइम ब्रांच की इस कार्रवाई से सराफा बाजार में कुछ समय के लिए हड़कंप की स्थिति बनी रही। स्थानीय व्यापारियों और राहगीरों में अचानक पहुंची बाहरी पुलिस टीम को लेकर चर्चा का माहौल रहा। हालांकि स्थानीय पुलिस प्रशासन ने स्थिति पर नजर बनाए रखी और सहयोग किया।

सूत्रों के अनुसार, महाराष्ट्र क्राइम ब्रांच इस मामले में प्रदेश के अन्य जिलों में भी दबिश दे सकती है। पुलिस टीम की सक्रियता से यह संकेत मिल रहे हैं कि मामला संगठित गिरोह से जुड़ा हो सकता है, जिसकी जड़ें उत्तर प्रदेश तक फैली हुई हैं। फिलहाल दोनों संदिग्धों से कोतवाली धामपुर में पूछताछ जारी है और आगे की कार्रवाई जांच रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी।

# प्रियंका का परीक्षा परिणाम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्रियंका मॉडर्न स्कूल में सत्र 2025-26 के कक्षा 9 वीं और 11वीं के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। विद्यार्थियों को उनके माता-पिता/अभिभावकों की उपस्थिति में प्रियंका मॉडर्न स्कूल के जूनियर विंग में रिपोर्ट-कॉर्ड वितरित किये गये। इस वर्ष भी विगत वर्षो की भांति प्रियंका मॉडर्न स्कूल के कक्षा-9वीं और 11वीं के विद्यार्थियों ने शानदार कीर्तिमान स्थापित कर स्कूल को गौरवान्वित किया है।

इस वर्ष कक्षा-11 में पीसीएम ग्रुप में स्नेहा चौहान ने 95.6% अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी ग्रुप में सूर्या गहलौत ने 91.8% और वंशिका सैनी ने 90.3% अंक प्राप्त कर क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह पीसीबी ग्रुप में जतिन चौहान 88.3% खुशी राजपूत 84.9% और वैष्णवी ने 81.4% अंक प्राप्त कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स ग्रुप में जानवी अरोड़ा ने 92.3% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं स्वास्तिक अग्रवाल ने 91.6% और परी कपूर ने 91.4% अंक पाकर क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा-9 में प्रणवी राठी ने 94.7% अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वंश चौहान 94.6% अंक के साथ दूसरे और अर्जुन अहलावत 93.4% अंक अर्जित कर तीसरे स्थान पर रहे।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डीएस नेगी ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम और अनुशासन के बल पर व्यक्ति बड़े से बड़े लक्ष्य को हासिल कर सकता है। प्रधानाचार्य ने उपस्थित प्रबन्धन वर्ग, अभिभावकों और शिक्षकों का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के मागदर्शन और सहयोग से हम निरन्तर सफलता की ओर बढ़ रहे हैं। उनके द्वारा आगामी एक सप्ताह के भीतर ही कक्षा-9 और 11 के विद्यार्थियों की बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी हेतु विधिवत् कक्षाओं के संचालन की बात भी बताई गई। प्रबन्धन वर्ग की ओर से निदेशक प्रियंकर राणा और प्रशासिका अदिती सिंह ने भी सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। परीक्षा प्रभारी तबरेज खान व उनकी टीम एसके देवरा, रूपराज सिंह, कमल भट्ट, कामेन्द्र चौहान, रीता राणा, किरन शर्मा, हेमा सिंह, सलोनी अग्रवाल आदि का विशेष योगदान रहा।



मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

# नहर में कूदे युवक का शव छह दिन बाद मिला

## पांच दिन से चल रहा था सर्च अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** छह दिन पूर्व खो बैराज नहर में कूदे युवक का शव छठे दिन स्योहारा-धामपुर मार्ग स्थित पुल के नीचे से बरामद हुआ। शव मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

गौरतलब है कि 21 फरवरी को शेरकोट खो बैराज पुल से धामपुर निवासी योगेश (25 वर्ष) ने खो नहर में छलांग लगा दी थी। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और खोजबीन शुरू कर दी गई थी। युवक की तलाश के लिए 23वीं बटालियन पीएसी मुरादाबाद की टीम द्वारा लगातार पांच दिनों तक सर्च अभियान चलाया गया, लेकिन शुरुआती दिनों में कोई सफलता हाथ नहीं लगी। छठे दिन बृहस्पतिवार को सुबह दस बजे स्योहारा-धामपुर मार्ग स्थित पुल के



नीचे नहर में युवक का शव दिखाई दिया, जिसे बाहर निकालकर कब्जे में लिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस व परिजन मौके पर पहुंच गए। शव की पहचान योगेश सैनी के रूप में होने पर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि बृहस्पतिवार को सुबह दस बजे लगभग योगेश सैनी का शव बरामद किया गया हैं तथा तहरीर के आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# छोटे दुकानदारों पर कार्रवाई बड़े मिलावटखोर बेखौफ

## खाद्य विभाग पर उठे सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। दो दिन पहले विभाग की टीम ने नगर की दो किराना दुकानों पर छापा मारकर खाद्य पदार्थों के सैंपल भरने की कार्रवाई की, लेकिन नगर में बड़े पैमाने पर हो रही मिलावट पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आई।

नगर में खुलेआम रसगुल्ले, सिंथेटिक दूध, नकली मिठाइयों और मिर्च-मसालों में मिलावट की शिकायतें लंबे समय से सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन मिलावटखोरों के खिलाफ कोई प्रभावी जांच या कार्रवाई नहीं की जा रही है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या विभाग की कार्रवाई केवल छोटे दुकानदारों तक ही सीमित है? क्या बड़े स्तर पर मिलावटी खाद्य पदार्थों का कारोबार करने वालों पर कार्रवाई करने से विभाग बच रहा है? कुछ लोगों का यह भी कहना है कि अगर खाद्य सुरक्षा विभाग वास्तव में मिलावट के खिलाफ गंभीर है तो नगर व क्षेत्र में चल रहे सिंथेटिक दूध और नकली मिठाइयों के कारोबार पर भी सख्त अभियान चलाया जाना चाहिए।

स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि विभाग केवल औपचारिक कार्रवाई करने के बजाय पूरे क्षेत्र में व्यापक जांच अभियान चलाए, ताकि मिलावटखोरों पर लगाम लग सके और लोगों के स्वास्थ्य के साथ हो रहे खिलवाड़ को रोका जा सके।

नागरिकों का कहना है कि क्या कार्रवाई सिर्फ छोटे दुकानदारों तक ही सीमित है? नगर में बड़े स्तर पर मिलावट की शिकायतें होने के बावजूद कार्रवाई छोटी दुकानों तक ही क्यों सिमट जाती है? बड़े मिलावटखोरों पर आखिर डंडा कब चलेगा। सिंथेटिक दूध और नकली मिठाइयों के कारोबार पर छापा क्यों नहीं मारा जाता है।

# संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम

## मिशन कायाकल्प और निपुण भारत पर विशेषज्ञों ने विचार रखे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** ब्लॉक स्तरीय स्थानीय प्राधिकरण ग्राम प्रधानों के लिए एक संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, ग्राम प्रधान जिलाध्यक्ष प्रशांत सिंह और खंड शिक्षा अधिकारी राजमोहन ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।

कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक विद्यालय जटपुरा बोंडा की छात्राओं ने भ्रूण हत्या पर एक नाटक प्रस्तुत किया। इसके बाद, एआरपी डॉ. राहुल वर्मा ने सरकार द्वारा संचालित मिशन कायाकल्प के 19 बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी। एआरपी रितेश भाटिया ने निपुण भारत पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जबकि एआरपी



सूची राणा ने डीबीटी से प्राप्त होने वाली सुविधाओं पर आंकड़ों सहित प्रस्तुति दी।

मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख ने परिषदीय विद्यालयों के अध्यापकों को ग्राम प्रधानों से अपेक्षित सहयोग का आश्वासन दिया। खंड शिक्षा अधिकारी ने संपूर्ण गोष्ठी का सार प्रस्तुत करते हुए समीक्षात्मक बिंदुओं पर चर्चा की।

उन्होंने उपस्थित मुख्य अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। कार्यक्रम का सफल संचालन मुकेश शर्मा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मंजू पचहरा, हर्षा पाल, किरण राजपूत, नीतू शर्मा, नीता तोमर, सुनील शर्मा, शिवम कुमार, ग्राम प्रधान ब्लॉक अध्यक्ष राहुल हुड्डा, ग्राम प्रधान लाहक राकेश, देवेंद्र शर्मा, रामनाथ सिंह, महेंद्र सिंह, अभय राम, अमित त्यागी, भुवनेश्वरी, पीतांबर सिंह, जयप्रकाश और तनवीर अहमद सहित कई शिक्षक व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# उत्तम शुगर मिल ने 28 करोड़ का भुगतान किया

**नांगल सोती।** उत्तम शुगर मिल बरकतपुर के संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह ने बताया कि गुरुवार को 13 फरवरी से 22 फरवरी तक खरीदे गए गन्ने का 28 करोड़ का भुगतान किसानों को उनकी संबंधित समितियों को भेज दिया गया है। जल्द ही यह भुगतान समितियों के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में पहुंच जाएगा।

इसके साथ ही मिल ने अब 359.14 का भुगतान किसानों को समय पर कर दिया है। उन्होंने किसानों से अपील की सभी किसान अपना गन्ना मिल को ही बेचे और अपना बेसिक कोटा सुरक्षित रखे। साथ ही किसान ताजा और साफ सुथरा गन्ना लेकर ही मिल में आए ताकि मिल और किसानों का हित सुरक्षित रह सके। उन्होंने किसानों से रोगग्रस्त गन्ना प्रजाति 0238 कदापि न बोने की अपील की।

# स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची काशीरामपुर

## एसीएमओ के रवैये से ग्रामीणों में नाराजगी, तालाब की सफाई के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** भागूवाला क्षेत्र के काशीरामपुर ग्राम में कैंसर के मामलों को लेकर उठ रही चिंताओं के बीच स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्राम का दौरा किया। हाल ही में एक महिला की कैंसर से मौत के बाद ग्रामीणों में दहशत और आक्रोश दोनों का माहौल है। आज सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एसीएमओ) अरविंद कुमार विश्वकर्मा ग्राम पहुंचे, लेकिन उनके रवैये को लेकर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई।

ग्राम में पिछले कुछ समय से कैंसर के मामलों को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं चल रही थीं। ग्रामीणों का कहना है कि कई लोग गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं, लेकिन अब तक कोई उच्च स्वास्थ्य अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा था। हाल में एक महिला की मौत के बाद यह मुद्दा और ज्यादा



गरमा गया, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ग्राम पहुंची। दौरे के दौरान एसीएमओ अरविंद कुमार विश्वकर्मा के साथ लेखपाल अजब सिंह और ग्राम सचिव महेश कुमार भी मौजूद रहे। टीम ने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने बीमारी के संभावित कारणों पर चर्चा करते हुए ग्राम के तालाब की खराब स्थिति की ओर भी ध्यान आकर्षित कराया।

ग्रामीणों की शिकायत पर लेखपाल और ग्राम सचिव ने तालाब के किनारे जमा कूड़े को हटाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने ग्रामीणों को अगले दिन तक सफाई करने का समय दिया और चेतावनी दी कि यदि कूड़ा नहीं हटाया गया, तो जेसीबी मशीन लगाकर सफाई कराई जाएगी। अधिकारियों ने साफ-सफाई को बीमारी की रोकथाम के लिए जरूरी बताया।

उच्च अधिकारियों के दौरे और उनके रवैये को लेकर कई ग्रामीणों ने नाराजगी जताई। आलम राठी, संसार राठी, होशियार सिंह, धनीराम सिंह, संजीव कुमार, शौकीन सिंह, विजेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, चंद्रशेखर और प्रीतम सिंह सहित अन्य लोगों ने कहा कि गांव में कैंसर जैसे गंभीर मुद्दे पर ठोस जांच और स्वास्थ्य शिविर की जरूरत है।

ग्रामीणों ने मांग की कि ग्राम में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया जाए और पानी व पर्यावरण की जांच कराई जाए, ताकि बीमारी के वास्तविक कारणों का पता चल सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## एक नजर

### वैज्ञानिक विधियों को अपनाने पर जोर



**शेरकोट।** सहकारी गन्ना विकास समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक में क्षेत्र में गन्ने की पैदावार बढ़ाने तथा रोगमुक्त गन्ना बीज के प्रयोग को बढ़ावा देने पर विस्तृत चर्चा की गई। मौहल्ला समना सराय स्थित शेरकोट सर्किल के डायरेक्टर रणजीत सिंह के आवास पर बैठक में अधिकारियों ने किसानों को उन्नत एवं प्रमाणित बीज का उपयोग करने, समय से बुवाई करने तथा गन्ने में लगने वाले प्रमुख रोगों की रोकथाम के लिए वैज्ञानिक विधियों को अपनाने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया। गन्ना महाप्रबंधकों ने बताया कि यदि किसान रोगमुक्त बीज एवं आधुनिक तकनीक का प्रयोग करें तो उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है।साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाकर किसानों को उन्नत प्रजातियों की जानकारी दी जाएगी और उन्हें अधिक उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि गन्ना क्षेत्र की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, इसलिए उत्पादन बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। बैठक में अमित पांडे (एस.सी.डी.आई.), विनोद कुमार सिंह (सचिव, गन्ना समिति धामपुर), शूरवीर सिंह (डायरेक्टर, बिरला ग्रुप), राजवीर सिंह गहलौत (डायरेक्टर, जिला सहकारी संघ बिजनौर), उमेश बिसेन (गन्ना महाप्रबंधक, द्वारकेश शुगर मिल अफजलगढ़), सतीश चौहान (पूर्व सभासद), शिव कुमार (मंडल महामंत्री, शेरकोट मंडल), चंद्रप्रकाश उर्फ बिट्टू चौहान सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता डायरेक्टर रणजीत सिंह व संचालन रोहिताश सिंह ने किया।

### दो दिवसीय पंजीकरण अभियान



**चांदपुर।** स्थानीय गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय विशेष पंजीकरण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी मौहम्मद आरिफ एवं डॉ. उदिता राजपूत के कुशल निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार द्वारा संचालित माय भारत पोर्टल पर युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना था। अभियान के दौरान महाविद्यालय के सभी स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं का पोर्टल पर शत-प्रतिशत पंजीकरण कराया गया। इस प्रक्रिया को सफल बनाने में महाविद्यालय के शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

### रमजान में अभी तक नहीं जागे समाजसेवी



**चांदपुर।** रमजान शरीफ के पावन महीने में जहां रोजगारों के रोजे अच्छे चल रहे हैं। हालांकि बाजारों में महंगे फल बिक रहे हैं, फिर भी रमजान के इस महीने में ऊपर वाले की रहमत बरस रही ह। लेकिन न जाने क्यों इस रमजान के महीने में वह समाजसेवी भी जो अपने आप को अखबारों की सुर्खियों में समाजसेवी लिखवाते नहीं थकते चुप्पी साधे हुए हैं या फिर कोई फ्री की समाज सेवा करने को तैयार नहीं है। लेकिन उन लोगों के बारे में सोचना चाहिए जो हर रमजान के महीने में फ्री की और हराम की खाने को उतावले हुए फिरते है। इस बारे मे चांदपुर में चर्चा जोरों पर है कि इस बार किसी भी समाजसेवी ने सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी नहीं कराई, जिसमें ऐसे खाऊ पीर भाईयों का भी भला हो जाता है जो पूरे रमजान इस उम्मीद पर कायम रहते हैं कि कहीं से रोजा इफ्तार की दावत आए और वह दो दिन पहले खाना छोड़ दें। लेकिन ऐसा अभी तक तो नजर नहीं आ रहा। आने वाले दिनों में शायद एक दो समाजसेवी की आंखें खुले और वह सामूहिक रोजा इफ्तारी करा पाये, अन्यथा तो इस बार भी खाऊ पीर भाईयों की दाल गलने वाली नहीं लग रही है। गौरतलब है कि चांदपुर में अनेक समाजसेवी पिछले 2 वर्षों से हर रमजान में सामूहिक रोजा इफ्तार करने से बचते चले आ रहे हैं। हालांकि यहां यह भी स्पष्ट है कि अभी कोई चुनाव तो है नहीं जो कोई नेता या समाजसेवी खाऊ पीर भय्यो के लिए रोजा इफ्तार कराये।

## एक नजर

### कृष्णा में सीएमई कार्यक्रम



**बिजनौर।** कृष्णा आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हास्पिटल में एक दिवसीय सीएमई कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृष्णा आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हास्पिटल के संस्थापक राजीव कुमार, अध्यक्ष मनोज कुमार एवं निदेशक पवन कुमार की उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ी। इस शैक्षणिक कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में वैद्य संदीप उपस्थित रहे। उन्होनें अपने व्याख्यान में आयुर्वेद में औषधियों की महत्व, द्रव्यों के गुण धर्म निर्माण प्रक्रिया, व्यावहारिक उपयोग और शास्त्रीय सिद्धान्तों को समझाया। वैद्य जी ने विद्यार्थियों को सरल एवं व्यवहारिक उदाहरणों से बीपीएच (गुदूद रोग) के कारण, लक्षण एवं बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की और विशेष रूप से बिजनौर जनपद को बीपीएच (गुदूद रोग) मुक्त बनाने की सामूहिक प्रतिज्ञा की। साथ ही इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में कृष्णा आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हास्पिटल के समस्त शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित रहे। डा. अजीत कुमार, डा. तमन्ना, डा. अमोल, डा. सुनीता, डा. इमरान, डा. बुश्रा, डा. शालिनी, डा. गौरव, डा. मुदित, आचार्य अरविंद एवं डा. शिखा का मुख्य योगदान रहा। मंच का संचालन संस्थान के डीन एकेडमिक डा. विशाल ने किया और वासु फार्मासुटिकल कम्पनी के पंकज त्यागी और गौरव वर्मा का भी इस कार्यक्रम में विषेश योगदान रहा।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जागरूक



**धामपुर।** लोकल व्यापार को बढ़ावा देने का संदेश में दुर्गा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा 'अपना बाजार, अपना सामान' विषय पर जागरूकता फैलाने हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। यह नुक्कड़ नाटक शहर के प्रमुख स्थानों भगत सिंह चौक, बड़ी मंडी तथा पुराने धामपुर की चुंगी पर प्रस्तुत किया गया। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को ऑनलाइन खरीदारी के बजाय अपने स्थानीय बाजार से सामान खरीदने के लिए प्रेरित करना था। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया कि ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते चलन से छोटे दुकानदारों और स्थानीय रोजगार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। भावपूर्ण अभिनय और सशक्त संवादों के जरिए यह भी बताया गया कि लोकल बाजार से खरीदारी करने से न केवल स्थानीय व्यापार को मजबूती मिलती है, बल्कि अपने ही क्षेत्र की आर्थिक उन्नति होती है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय दुकानदारों और आम नागरिकों ने विद्यार्थियों के इस प्रयास की सराहना की और इस सामाजिक संदेश को सराहनीय पहल बताया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि 'अपना बाजार, अपना सामान' अपनाकर हम अपने ही शहर और समाज को मजबूत बना सकते हैं। इस नुक्कड़ नाटक में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में हंशिका चौहान, शगुन, दीपाली राजपूत, अनुष्का शर्मा, संयम, अरशियान, शादान, सुमित, भाव्या, अदीबा, इति श्री, सोबिया, जैबा, यामन, सुनिधि और जुनैरा शामिल रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षिका आयशा तथा शिक्षक मोहित एवं कार्तिक मुद्‌गल के मार्गदर्शन में किया गया।

### रंग एकादशी के सदस्य सम्मानित



**धामपुर।** हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति की संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक, संस्था के संरक्षक डॉ. जितेन्द्र कौशिक निर्मला कौशिक, संगठन मंत्री डॉ. राजमोहन विश्वास आदि सदस्यों द्वारा धामपुर की ऐतिहासिक आदर्श होली हवन समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र भटनागर, महामंत्री बिल्लू शर्मा, कोषाध्यक्ष अंकित सैनी, सयंम जैन, सचिन पंडित, तपिश शर्मा, आशीष शर्मा, शुभम छाबड़ा, प्रथम चौहान आदि कार्यकर्ताओं व रंग एकादशी समिति के अध्यक्ष विभु बंसल, महामंत्री पवन अग्रवाल एडवोकेट को हंगामा लोक सामाजिक साहित्य समिति द्वारा सम्मान पत्र भेंट कर सनातन सारथी सम्मान से सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के संरक्षक डॉ. जितेन्द्र कौशिक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आदर्श होली हवन समिति के व रंग एकादशी के कार्यकर्ताओं द्वारा धामपुर की ऐतिहासिक होली के बारे में बताया। समिति के संगठन सचिव डॉ. राजमोहन विश्वास ने बताया कि समिति द्वारा ऐतिहासिक होली हवन जुलूस व रंग एकादशी जुलूस जो की धामपुर की शान है, उसके लिए आदर्श होली हवन समिति व रंग एकादशी के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम के समापन में समिति के संरक्षक डॉ. जितेन्द्र कौशिक द्वारा सभी को गुलाल का तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

### नहर में गोवंश के शव मिले




**नजीबाबाद।** सरवनपुर नहर में गौवंशीय पशुओं के शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी थी, जिसके बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद पशु चिकित्सक को बुलाया गया। नजीबाबाद के पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस को सरवनपुर नहर और उसके आसपास गौवंश के शव व अवशेष मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर जांच के दौरान इसकी पुष्टि हुई। प्रारंभिक जांच में ऐसा प्रतीत होता है कि गौवंश की मौत के बाद उनके शवों को यहां फेंका गया था। पोस्टमार्टम के बाद सभी गौवंश के शवों और अवशेषों का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

आकिब यूनुस एड.
युवा भाजपा नेता
बिजनौर



मुकद्दस रमजान की बधाई

मूल निवासी भीम सिंह
जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।
भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।
Mob-9389945824, 8868001224



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

मकसूद अहमद अंसारी
(ठेकेदार)
संभावित प्रत्याशी
प्रधान पद
राजा का ताजपुर



# टीईटी के विरोध में शिक्षकों ने निकाला पैदल मार्च

## संसद में जल्द कानून बनाए सरकार, प्रदर्शन कर कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध में शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय पर धरना दिया तथा कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकालकर कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा।

टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के नेतृत्व में मान्यता प्राप्त संगठनों के द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय अमरोहा पर धरना प्रदर्शन किया गया। टीएफआई के राष्ट्रीय सचिव एवं जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह ने कहा कि आज समय आ गया है कि हम सभी शिक्षकों को संगठित रहकर टीईटी परीक्षा का विरोध करना होगा तथा केंद्र सरकार पर दबाव बनाना होगा। केंद्र सरकार जल्द ही टीईटी परीक्षा के विरोध में संसद में कानून बनाएं। विकास चौहान अध्यक्ष जूनियर स्कूल शिक्षक संघ कहा कि 2011 से पूर्व नियुक्ति हुई थी उन सभी ने सभी मानकों को पूर्ण करके नियुक्त किए गए थे, वह आज आयोग्य कैसे हो गये। आज के धरने में बोलते हुए महिला शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नीतू सिंह ने कहा कि शिक्षक भाइयों के साथ-साथ सभी महिलाएं शिक्षिकाएं बहने भी इस लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर साथ है। जिला अध्यक्ष उर्दू वेलफेयर एसोसिएशन इमरान पाशा ने कहा कि सरकार ने बेसिक शिक्षा को प्रयोगशाला बना रखा है, जिसका हम सब शिक्षक विरोध करते हैं तथा करते रहेंगे। जिला अध्यक्ष सौरभ सक्सेना ने कहा कि जिन जिन सरक. ारों ने शिक्षकों का उत्पीड़न किया है उसके परिणाम सरकारों के विरुद्ध ही आए हैं। संचालन मुकेश चौधरी जिला मंत्री ने किया। यहां से सभी शिक्षक एकजुट होकर कलेक्ट्रेट पैदल मार्च के रूप में पहुंचे तथा यहां जोरदार प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर जिला महामंत्री राजदीप सिंह, हरिओम त्रिवेदी, डॉ प्रथी सिंह, विपिन पंघाल, विनोद कुमार गौतम, रामवीर सिंह, हीरा सिंह, पीतम सिंह, अनिल कुमार, जगवीर सिंह, धनीराम सिंह, धर्मेंद्र सिंह, धर्मेश कुमार, निर्देश कुमार,चरन सिंह,उज्जवल वर्मा, कविराज सिंह, रीता यादव आदि मौजूद रहे।



# थाने में युवक लिटाकर ठोकरों से पीटा

## तीन वीडियो वायरल होने से मचा हड़कम्प, एसपी ने किया लाइनहाजिर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** थाने से जुड़े तीन वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। 14, 20 और 36 सेकेंड के इन वीडियो में एक हेड मोहर्रिर कथित तौर पर एक युवक के साथ मारपीट करता नजर आ रहा है। मामला सामने आते ही पुलिस अधीक्षक ने लाइन हाजिर कर जांच के आदेश दे दिए हैं।



गुरुवार को वायरल हुए इन वीडियो को करीब पांच से छह महीने पुराना बताया जा रहा है। पहले वीडियो में दो पुलिसकर्मी एक युवक को हिरासत में लेकर कार्यालय में बैठाते दिखाई दे रहे हैं। इसी दौरान पीछे से आए एक पुलिसकर्मी ने अचानक युवक पर हमला कर दिया। वह पहले थप्पड़ मारता है, फिर लात-घूंसे बरसाते हुए उसे धक्का देकर कमरे के अंदर ले जाता है। अन्य वीडियो में वही पुलिस कर्मी कार्यालय में अपनी कुर्सी के पास जमीन पर बैठे युवक को बार-बार ठोकर मारता नजर आ रहा है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। बताया जा रहा है कि पीड़ित युवक क्षेत्र के गांव आलमपुर कैंच का निवासी है। आरोप है कि उसे किसी बहाने से होमगार्डों के माध्यम से थाने बुलाया गया था। हालांकि युवक की ओर से अभी तक किसी भी स्तर पर औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। मामले की जानकारी मिलने पर एसपी अमित कुमार आनंद ने हेड मोहर्रिर दिनेश यादव को लाइन हाजिर कर दिया जबकि पूरे प्रकरण की जांच बैठा दी है। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# उधार के पैसों को लेकर दो पक्षों में संघर्ष

## दोनों ओर से पांच पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** क्षेत्र के गांव रामपुर जुन्नारदार में उधार के रुपये को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमला कर दिया। जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों पक्षों के पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

पहले पक्ष से उमेश सिंह का आरोप है कि 25 फरवरी की सुबह करीब सात बजे गांव के ही हरीश सिंह अपनी पत्नी पूजा के साथ उनके घर उधार के रुपये मांगने आए। उस समय रुपये नहीं होने की बात कहने पर दोनों गाली-गलौज करने लगे और मारपीट की। उमेश सिंह का कहना है कि इस दौरान उन्हें और उनकी पुत्री आकांक्षा घायल हो गई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, बीच-बचाव कराया। वहीं, दूसरे पक्ष के हरीश कुमार का कहना है कि उमेश सिंह पर उनके 17 हजार रुपये उधार थे। रुपये मांगने पर उमेश, उसकी पत्नी और बेटी ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट करते हुए गाली-गलौज की, धमकी दी। सीओ अवधभान भदौरिया ने मामले में हरीश सिंह, पूजा, उमेश सिंह, आकांक्षा और बबीता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# चोरी का सामान छिपाने के दोषी को तीन साल की सजा

## कोर्ट ने डेढ़ हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** चोरी का सामान छिपाने के मामले में कोर्ट ने दोषी को तीन साल जेल की सजा सुनाई तथा 1500 रुपये का जुर्माना लगाया।

23 जनवरी 2016 को आदमपुर थाने के तत्कालीन दरोगा राकेश कुमार ने संभल जिले के बहजोई थाना क्षेत्र के गांव चकरपुर निवासी शरीफ को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से चोरी का सामान बरामद हुआ था। साथ ही एक अवैध तमंचा भी मिला था, जिसके संबंध में अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। मुकदमे की सुनवाई एडीजे तृतीय की कोर्ट में विचाराधीन थी। बुधवार को अंतिम सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पत्रावली का गहन अवलोकन किया। साक्ष्यों के आधार पर शरीफ को दोषी करार देते हुए तीन साल जेल की सजा सुनाई तथा 1500 रुपये जुर्माना लगाया।

# मौत के लिए भाई व भाभी को ठहराया जिम्मेदार

## संविदा स्वास्थ्य कर्मी के कमरे से मिला सुसाइड नोट, बीते दिन सीएचसी में लगायी थी फांसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** सरकारी अस्पताल में संविदा पर तैनात युवक अंकुर ने अपनी मौत के लिए भाई और भाभी को जिम्मेदार ठहराया है। कमरे से मिले दो पेज के सुसाइड नोट के बाद पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने पिता, भाई और भाभी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जोया सीएचसी में संविदा पर तैनात अंकुर ने रात्रि ड्यूटी करने के बाद बुधवार सुबह में अस्पताल परिसर स्थित अपने कमरे में ही फांसी लगाकर जान दे दी थी। उसका शव पंखे पर फंदे से लटका मिला था। अंकुर 24 घंटे पहले ही पत्नी के पास से अस्पताल आया था। दरअसल, पत्नी गरिमा चौधरी शिक्षक हैं तथा तैनाती बलरामपुर जिले में है। वहां पर वह एक साल के बेटे के साथ रहती हैं। अंकुर 16 फरवरी को पत्नी व बच्चों के पास गया था। पुलिस के मुताबिक गांव में उनके पिता मंगल सिंह, मां इंद्रवती तथा भाई सुमित कुमार तथा भाभी शानू रहते हैं। छानबीन के दौरान अंकुर के कमरे से दो पेज का सुसाइड नोट मिला था। जिसमें उसने अपनी मौत का जिम्मेदार भाई व भाभी को ठहराया था। वहीं, देर शाम बलरामपुर से अमरोहा पहुंची पत्नी ने मामले में थाने में तहरीर दी थी। आरोप लगाया कि पति को बड़े भाई सुमित कुमार, भाभी शानू और ससुर मंगल सिंह द्वारा लंबे समय से मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। जमीनी विवाद को लेकर पहले भी कई बार मारपीट की जा चुकी थी। मामले में पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर मृतक के पिता, भाई व भाभी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं, बुधवार रात मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बालियान ने बताया कि सुसाइड नोट के आधार पर सारे मामले की जांच की जा रही है।

# राजमिस्त्री ने फांसी लगाकर जान दी

## बीमारी के चलते मानसिक रूप से था परेशान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मानसिक रूप से परेशान युवक ने कमरे में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर दी। युवक द्वारा उठाये इस कदम से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है जबकि फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर साक्ष्य जुटाये।



देहात थाना क्षेत्र के गांव पिलक सराय निवासी राजेश कुमार का बेटा गोलू राजमिस्त्री का काम करता था। उनके परिवार में पत्नी के अलावा अन्य बेटी-बेटा भी हैं। जिनमें मंझले बेटे गोलू की बीते काफी दिनों से तबियत खराब थी। वह मानसिक रूप से बीमार था, उसका इलाज चल रहा था। डिप्रेशन में रहने की वजह से गोलू गुमसुम रहने के साथ परिजनों, रिश्तेदारों और दोस्तों से अलग-थलग रहने लगा था। परिजनों के मुताबिक बुधवार रात सोनू खाना खाकर सोने के लिए कमरे में चला गया। उसी दौरान उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थोड़ी देर बाद राजेश किसी काम से कमरे में गए तो गोलू का शव फंदे पर लटका देख उनके होश उड़ गए। गोलू के इस कदम से परिजनों में हड़कंप मच गया। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई, सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व परिजनों की तहरीर के आधार पर जांच व अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# महिला से छेड़छाड़ के आरोपी पर कार्रवाई की मांग

## एसपी को सौंपा शिकायती पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** धनौरा बस स्टैंड के पास महिला के साथ छेड़छाड़ और मारपीट कर कपड़े फाड़ने की घटना सामने आई है। एसपी को शिकायती पत्र सौंप पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

19 फरवरी की शाम करीब पांच बजे नौगवा सादात क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती रमजान का सामान खरीदने शहर आई थी। आरोप है धनौरा रोड पर पहले से घात लगाए खड़े गांव के ही एक युवक ने अपने तीन साथियों को साथ मिला। पीड़िता का कहना है कि युवक ने अशोभनीय इशारे किए जब उसने इसका विरोध किया तो आरो. पियों ने मारपीट शुरू कर दी। मुख्य आरोपी ने इस दौरान जबरदस्ती खींचतान करते कपड़े फाड़ दिए और अभद्रता की शोर मचाने पर आस पास के लोग जमा होने लगे उसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते फरार हो गए। घटना के बाद दहशत ओर घबराहट के कारण तुंरत वह थाने नहीं जा सकी। पीड़िता ने एसपी को शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

# ट्रैक्टर को लेकर विवाद, दो सगे भाईयों पर हमला

## तीन नामजद पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** ट्रैक्टर को लेकर हुए विवाद में दो सगे भाइयों पर लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पीड़ित आकिल निवासी ग्राम ढयौटी थाना बछरायूं ने बताया कि बुधवार की देर रात वह अपने सगे भाई अकरम के साथ किसी काम से हीरा धर्म कांटे पर गया था। वहां उन्हें बाबू, अमजद और आजम मिले, जो उनके ही गांव के रहने वाले हैं और उनका ट्रैक्टर लेकर आए थे। जब दोनों भाइयों ने पूछा कि उनका ट्रैक्टर क्यों लेकर आए हो, तो तीनों लोग गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि गाली देने से मना करने पर बाबू, अमजद और आजम ने लाठी-डंडों और धारदार हथियार से दोनों भाइयों पर हमला कर दिया। इस हमले में आकिल को चोटें आईं, जबकि उसके भाई अकरम के सिर और शरीर में गंभीर चोटें आईं, जिससे उसका सिर फट गया। शोर मचाने पर आसपास के लोग जुटने लगे, तभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# अखिलेश पर टिप्पणी के विरोध में गरजे सपाई

## रिपोर्ट दर्ज कराने को एसपी कार्यालय में सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सपा द्वारा न्यूज चैनल द लखनऊ एक्सप्रेस द्वारा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के संबंध में अभद्र व आपत्तिजनक टिप्पणी प्रसारित करने के विरोध में एसपी कार्यालय पर प्रदर्शन कर आरोपियों पर तुरन्त कार्यवाही करने की मांग की। जिला उपाध्यक्ष नवनीत कुमार गोला के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि दीपावली के फ्लेक्सी बोर्ड को लेकर प्रसारित टिप्पणी से न केवल अखिलेश यादव की व्यक्तिगत और राजनीतिक गरिमा को ठेस पहुंची है, बल्कि पार्टी कार्यकर्ताओं व समर्थकों की भावनाएं भी आहत हुई हैं। सपाइयों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित चैनल द लखनऊ एक्सप्रेस व जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ विधिक धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन पर मौहम्मद आदिल, मोहम्मद हारिस, सतेन्द्र सिंह, बासित अली, शुभम, दिनेश कुमार, अनीस अहमद, मौहम्मद इजहार आदि के हस्ताक्षर हैं।

# फायरिंग करने का मुख्य आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** रमजान के पवित्र महीने में फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले आरोपी को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। मंगलवार की सुबह नगर के मोहल्ला कायस्थान चामुंडा रोड पर बच्चों के विवाद में दबंग पक्ष के तौफीक पुत्र तमकीन उसके पुत्रों रिहान व फैजान ने दूसरे पक्ष के इब्ने अली के घर पर धावा बोल दिया था। तौफीक के पुत्र रिहान ने अवैध तमंचे से फायरिंग कर दी थी। जिससे इब्ने अली पुत्र शौकत अली, अब्दुल समद पुत्र अल्लू, नईमा पत्नी शमीम व सलमा पत्नी इब्ने अली के शरीर पर छर्रा लग गये थे। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गये थे। इब्ने अली के भाई फिरासत के चेहरे पर पंच मार कर उसे भी घायल कर दिया गया था। फायरिंग होने से मोहल्ले में दहशत फैल गई थी। पुलिस ने घटना के मुख्य आरोपी रिहान को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने रिहान के कब्जे से तमंचा व जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। रिहान का चालान करने के बाद पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश दिया। वहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि जल्द अन्य नामजद आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जायेगा।



























# स्वयं सेवकों ने बढ़ाया स्वस्थ जीवन का संकल्प



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** नगर के वाईएमएस पीजी कॉलेज में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन गुरुवार को स्वास्थ्य दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत सचिवालय धनौरी खुर्द में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती मां की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्प अर्पित कर तथा एनएसएस के लक्ष्य गीत के साथ हुई। इस मौके पर अतिथि प्रवक्ता संजय सिंह और दीपिका चौधरी ने स्वास्थ्य विषय पर अपने विचार रखे और युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। स्वयंसेवी आयुषी आर्य ने सभी स्वयंसेवियों को योगाभ्यास कराया। डॉ. सीमा शर्मा ने कहा कि योग मानव ऊर्जा का सही उपयोग करने का माध्यम है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवी मौजूद रहे।

खेल विशेष

## बाहरी दबाव और फिटनेस की दिक्कतें जिम्मेदार: दासुन

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 से टीम के निराशाजनक रूप से सुपर आठ से बाहर होने के लिए बाहरी दबाव को जिम्मेदार ठहराया, जिसका कोलंबो में न्यूजीलैंड से 61 रन से हार में बुरा असर पड़ा और फिटनेस का स्टैंडर्ड भी खराब रहा। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, शनाका ने कहा कि टीम के आस-पास लगातार नेगेटिविटी खिलाड़ियों पर मेंटली असर डाल रही थी। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के तौर पर, हमारे लिए बाहर के शोर को कंट्रोल करना बहुत मुश्किल है। ज्यादातर समय, हम ज्यादातर नेगेटिव बातें सुनते हैं, इसलिए खिलाड़ी के तौर पर हम कितने भी पॉजिटिव क्यों न हों, बाहर से एक नेगेटिव माहौल बन ही जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसा माहौल देश में क्रिकेट के भविष्य के लिए नुकसानदायक है और अधिकारियों से दखल देने की अपील की। उन्होंने आगे कहा कि तो यह श्रीलंका में क्रिकेट के लिए नुकसानदायक है। हमारे पास सिर्फ़ यही गेम है, और मुझे नहीं लगता कि इसे बचाया जा सकता है। हम खेलेंगे और आगे बढ़ेंगे, लेकिन कम से कम आगे आने वाले खिलाड़ियों के लिए, अगर सरकार दखल देकर उन्हें रोक सके, तो मेरा मानना है कि यह बेहतर मेंटल हेल्थ के लिए बहुत मददगार होगा। शनाका ने टीम के खराब परफॉर्मेंस के लिए फैंस से भी माफी मांगी, यह मानते हुए कि वे रिजल्ट देने में फेल रहे। उन्होंने कहा कि हमें इस बात का बहुत दुख है। इंग्लैंड का मैच भी ऐसा था जिसे हम जीत सकते थे अगर हम थोड़ी समझदारी दिखाते। यह मैच एकतरफा था। दर्शकों के लिए, मेरे पास बताने के लिए कुछ नहीं है, हमने उन्हें कोई ऐसी जीत नहीं दी जिससे वे खुश हो सकें। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी कभी भी फेल होने का इरादा लेकर नहीं उतरते, लेकिन कभी-कभी रिजल्ट उनके हिंसाब से नहीं होते।

# भारत ने जिम्बाब्वे को दिया 257 का लक्ष्य

### भारतीय टीम ने विश्वकप का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया, अभिषेक और हार्दिक पांड्या की फिफ्टी, तिलक वर्मा ने 44 रन बनाए

**चेन्नई, वार्ता।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप के 8वें सुपर-8 मैच में जिम्बाब्वे को 257 रन का टारगेट दिया है। टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 256 रन बना डाले। यह टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। हाईएस्ट स्कोर 260 रन का है, जो श्रीलंका ने 2007 में केन्या के खिलाफ बनाया था।

चेन्नई के चेपाक स्टेडियम में जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारत ने अभिषेक शर्मा के 55, हार्दिक पंड्या के नाबाद 50 और तिलक वर्मा के नाबाद 44 रन के सहारे 256 रन का स्कोर बनाया। यह टीम इंडिया का टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे बड़ा स्कोर भी है। पिछला रिकॉर्ड 218 रन का था। जोकि इंग्लैंड के खिलाफ 2007 में बना था। डरबन में खेले गए उस मैच में युवराज सिंह ने स्टुअर्ट ब्राड के ओवर में लगातार 6 छक्के लगाए थे। जिम्बाब्वे के 4 गेंदबाजों को एक-एक विकेट मिला। भारतीय पारी के आखिरी ओवर में हार्दिक पंड्या ने छक्के से फिफ्टी पूरी की। ब्रैड इवांस की आखिरी बाल पर पंडडा ने डीप स्क्वैयर लेग की



दिशा में छक्का लगाया। पंडडा ने 23 बाल पर फिफ्टी लगाई। इसी के साथ भारत ने टी-20 वर्ल्डकप के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बना दिया। सबसे बड़ा स्कोर 260 रन है, जो श्रीलंका ने 2007 में केन्या के खिलाफ बनाया था। 19वें ओवर में तिलक वर्मा और हार्दिक पंड्या ने फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली। पंड्या ने रिचर्ड नगारवा की पहली बाल पर चौका लगाया। इसी चौके से उन्होंने तिलक के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप भी की। तिलक वर्मा ने ओवर की चौथी और पांचवीं बाल पर छक्के लगाए। इस ओवर से 21 रन आए। 19वें ओवर में इंडिया ने टी-20 वर्ल्डकप के इतिहास में अपना सबसे बड़ा स्कोर बना लिया। पिछला रिकॉर्ड 218 रन का था। जोकि इंग्लैंड के खिलाफ 2007 में बना था। 17वें ओवर में भारत ने 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया था। तिलक वर्मा ने ब्रैड इवांस की चौथी बाल पर एक्स्ट्रा कवर्स के ऊपर छक्का लगाया। इसी के साथ टीम इंडिया 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया। 15वें ओवर की 5वीं बाल पर भारत ने चौथा विकेट गंवाया। यहां पर कप्तान सूर्यकुमार यादव 13 बाल पर 33 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें रिचर्ड नगारवा ने ताशिंगा मुसेर्.कवा के हाथों कैच कराया। 13वें ओवर में भारत ने तीसरा विकेट गंवा दिया। अभिषेक शर्मा 30 गेंद पर 55 रन बनाकर कैच हो गए। उन्हें तिनोतेंदा मपोसा ने कप्तान सिकंदर रजा के हाथों कैच कराया। अभिषेक शर्मा ने ईशान किशन के साथ पार्टनरशिप कर भारत को संभाला। 12वें ओवर की 5वीं बाल पर भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव को जीवनदान मिला। ब्रैड इवांस की बाल पर ब्लेसिंग मुजरबानी से डीप बैकवर्ड स्क्वैयर लेग में कैच छूट गया। यहां सूर्या 12 रन पर खेल रहे थे। 11वें ओवर की पहली बाल पर अभिषेक शर्मा ने फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने 26 बाल पर हाफ सेंचुरी पूरी की। अभिषेक ने टी-20 वर्ल्डकप में पहला अर्धशतक लगाया।

## जेके ने बनाए 584 रन प्रसिद्ध को मिले पांच विकेट

**हुबली, वार्ता।** जम्मू-कश्मीर ने बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रणजी ट्रॉफी फाइनल के तीसरे दिन गुरुवार को कर्नाटक के खिलाफ पहली पारी में 584 रन का विशाल स्कोर बनाया। आज यहां जम्मू-कश्मीर ने कल के छह विकेट पर 527 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में अभी जम्मू-कश्मीर के स्कोर में 12 रन का इजाफा हुआ था कि प्रसिद्ध कृष्ण ने आबिद मुश्ताक (28) को आउट कर कर्नाटक को सातवीं सफलता दिलाई। इसके बाद उन्होंने 163वें ओवर में आकिब नबी (दो) का भी शिकार कर लिया। साहिल लूथरा ने कुछ समय तक संघर्ष दिखाया। अंततः विजयकुमार वैशक ने 173वें ओवर में साहिल लूथरा को विद्याधर पाटिल के हाथों कैच आउट करा दिया। साहिल लूथरा ने 138 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 72 रन बनाए। अगले ही ओवर में देवदत्त पड्डिक्कल ने तेज



● प्रसिद्ध कृष्णा ने आबिद मुश्ताक को आउट कर कर्नाटक को सातवीं सफलता दिलाई

बल्लेबाजी कर रहे यु(वीर सिंह चरक को रनआउट कर 584 के स्कोर जम्मू-कश्मीर की पारी का अंत कर दिया। यु(वीर सिंह चरक ने 28 गेंदों में तीन चौके और दो छक्कों की मदद से 30 रन बनाए। कर्नाटक की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा ने पांच विकेट लिए। विद्याधर पाटिल, श्रेयस गोपाल, विजयकुमार वैशक और शिखर शेट्टी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# किदांबी श्रीकांत का शानदार प्रदर्शन अन्य भारतीय जल्द बाहर



● श्रीकांत ने पोलैंड के मिकोलज को 21-12, 21-11 से हराया, उनका अगला मुकाबला चीनी ताइपे के लिन चुन ई से होगा

**मुल्हेन, वार्ता।** किदांबी श्रीकांत भारतीय दल के लिए अकेले उम्मीद बनकर उभरे, क्योंकि मालविका बंसोड़, तन्वी शर्मा और किरण जॉर्ज समेत कई शटलर बुधवार को जर्मन ओपन 2026 के सिगल्स इवेंट में जल्दी बाहर हो गए।

पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 श्रीकांत ने मेंस सिगल्स के पहले राउंड में पोलैंड के मिकोलज शिमानोव्स्की पर 21-12, 21-11 से शानदार जीत दर्ज की और टूर्नामेंट में आगे बढ़े। उनका अगला मुकाबला चीनी ताइपे के चौथी सीड लिन चुन-ई से होगा। हालांकि, भारतीय शटलरों के लिए यह दिन निराशा. जनक रहा, खासकर महिला सिगल्स कैटेगरी में, जहां कई खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन के बावजूद बाहर हो गईं। वर्ल्ड नंबर 40 तन्वी शर्मा, जो जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप की सिल्वर मेडलिस्ट हैं, ने पहले राउंड में मलेशिया की वोंग लिग चिग से तीन गेम के मुकाबले में 21-19, 17-21, 21-16 से हारने से पहले कड़ी टक्कर दी। वर्ल्ड में 52वें नंबर की मालविका बंसोड़ ने भी अपनी से ऊंची रैंक वाली अपोनेंट, यूनाइटेड स्टेट्स की बेइवेन झांग को तीन गेम तक खींचा, लेकिन 19-21, 21-9, 21-19 से हार गईं। रक्षिता श्री संतोष रामराज ने डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन के खिलाफ कड़ी टक्कर दी, लेकिन एक घंटे से ज्यादा चले मैच में 18-21, 23-21, 16-21 के स्कोर के साथ हार गईं। तस्नीम मीर को चीन की टॉप सीड वांग जी ई से सीधे गेम में 21-9, 21-14 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि इशारानी बरुआ को थाईलैंड की वर्ल्ड नंबर 8 पोर्नपावी चोचुवोंग से 21-15, 21-18 से हार का सामना करना पड़ा।

# भारतीय बधिर क्रिकेट टीम ने जीता एशिया कप

### एडीसीए टी-20 आई एशिया कप 2026 के पहले संस्करण में श्रीलंका को 6 विकेट से हराकर समापन किया

**भुवनेश्वर, वार्ता।** कटक के बाराबती स्टेडियम में आयोजित एडीसीए टी-20आई एशिया कप 2026 के पहले संस्करण का समापन हुआ, जिसमें भारत की बधिर क्रिकेट टीम ने श्रीलंका बधिर टीम को 6 विकेट से हराकर पहला एशिया कप खिताब अपने नाम किया। फाइनल के बाद आयोजित भव्य समापन समारोह में मुख्य अतिथि दत्तात्रेय भाऊसाहेब शिंदे (जिलाधिकारी एवं कलेक्टर, कटक) और विशिष्ट अतिथि संजय राउल (पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर) ने विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। यह श्रृंखला ओडीसीए और ओसीए के सहयोग से इंडियन डीफ क्रिकेट एसोसिएशन (आईडीसीए) द्वारा आयोजित की गई थी। टीम के कोच देव दत्त (मुख्य कोच), रविकांत भट्ट (सहायक कोच) की अगुवाई में भारत ने अपने पहले मैच में श्रीलंका को 4 विकेट से हराया, इसके बाद दूसरे मैच में नेपाल को 10 विकेट से पराजित किया। तीसरे मैच में श्रीलंका ने नेपाल को 6 विकेट से हराया। रिवर्स मुक. ाबलों में श्रीलंका ने नेपाल को 157 रन से हराया, जबकि भारत ने श्रीलंका के खिलाफ 1 रन से रोमांचक जीत दर्ज की और नेपाल पर 9 विकेट की शानदार जीत हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। जीत के बाद डीसीसीआई के महासचिव रवि कांत चौहान ने कहा कि पहले एडीसीए टी-20आई एशिया कप में भारत की बधिर टीम की जीत देश में दिव्यांग क्रिकेट के लिए गर्व का क्षण है। यह जीत खिलाड़ियों के धैर्य, अनुशासन और अटूट प्रतिब(ता को दर्शाती है। ऐसे मील के पत्थर यह साबित करते हैं कि हमारे दिव्यांग खिलाड़ियों को उचित पहचान और मंच देने के लिए संरचित अवसर और निरंतर समर्थन कितना आवश्यक है। एडीसीए के अध्यक्ष एवं डीसीसीआई के उपाध्यक्ष सुमित जैन ने कहा कि बाराबाती स्टेडियम में एडीसीए टी-20आई एशिया कप 2026 के पहले संस्करण की मेजबानी करना हमारे लिए सम्मान की बात है। यह एशिया भर के श्रवण बाधित खिलाड़ियों के बीच क्रिकेट को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा रहे सभी प्रतिभागियों को मैं बधाई देता हूं और आशा करता हूं कि भविष्य में भी हम एशिया में ऐसे और अंतर्राष्ट्रीय मुकाबलों की मेजबानी करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों का हम आभार व्यक्त करते हैं। साथ ही कटक में इस सफल आयोजन के लिए ओडीसीए और ओसीए के सभी अधिकारियों का विशेष धन्यवाद। फाइनल मुकाबले में भारत के साई आकाश (14 गेंदों में 27 रन और 2 विकेट) को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। श्रीलंका के गिमाडु एल- मल्कम (196 रन) को श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज घोषित किया गया। श्रीलंका के गिहान लसीदु (10 विकेट) को श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चुना गया। श्रीलंका के ही गिमाडु (196 रन और 7 विकेट) को प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला।

# सुजीत ने जीता 65 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में सोना



● इस महीने की शुरुआत में अंडर-23 विश्व चैंपियन सुजीत ने क्रोएशिया में जाग्रेब ओपन में जीतने के बाद दूसरा पदक जीता

**अल्बानिया, वार्ता।** सुजीत कलकल ने मुहामेत मालो 2026 कुश्ती टूर्नामेंट में पुरुषों के 65 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारतीय अभियान की शानदार शुरुआत की। बुधवार को खेले गए मुकाबले में अंडर-23 विश्व चैंपियन सुजीत कलकल ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर लगातार चार जीत दर्ज करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

इस महीने की शुरुआत में 2026 अंडर-23 वर्ल्ड चैंपियन सुजीत कलकल ने क्रोएशिया में जाग्रेब ओपन में जीत दर्ज करने के बाद 2026 अंडर-23 रैंकिंग सीरीज में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने सेमीफाइनल में अमेरिका के दो बार के पैन अमे. रिकन चैंपियन जोसेफ मैककेना को 11-0 से हराने के बाद फाइनल में अजरबैजान के राशिद बाबाजादे को 10-0 से मात दी। तीन सप्ताह में अमेरिकी पहलवान पर सुजीत की यह दूसरी जीत थी। दोनों पहलवानों का सामना जाग्रेब ओपन के सेमीफाइनल में हुआ था। इससे पहले भी सुजीत ने इसी स्कोर से मुकाबला जीता था। 23 वर्षीय भारतीय पहलवान, जो अपने आयु वर्ग में एशियन चैंपियन भी हैं। उन्होंने अपने अभियान की शुरुआत अल्बानिया के एंड्रियो अवडिली पर 16-4 जीत हासिल करने के साथ की। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में जॉर्जिया के निका जाकाशविली को 10-0 से हराया। यह सुजीत का अंडरवेट कैटेगरी में चौथा स्वर्ण पदक था। इससे पहले उन्होंने 2022 जुहैर सघायर और 2025 पॉलीक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल में शीर्ष स्थान हासिल किया था। इसी वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे भारत के मोहित कुमार क्वालीफाइंग राउंड से आगे नहीं बढ़ सके। अंकुश और आतिश तोडकर ने 57 किलोग्राम वर्ग में रेपेचेज के माध्यम से कांस्य पदक के मुकाबलों तक पहुंचने के लिए काफी संघर्ष किया, लेकिन आखिर में अपने-अपने मैचों में हार का सामना करना पड़ा सुमित (57 किलोग्राम), राहुल (61 किलोग्राम), सिद्धार्थ (70 किला. ग्राम), परविंदर (74 किलोग्राम) और आर्यन (86 किलोग्राम) अपने-अपने भार वर्गों में पदक राउंड तक पहुंचने में असफल रहे।

# मियोमिर ने ज्वेरेव को चौंकाया



● इस जीत के साथ ही मियोमिर केकमानोविच क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए

**मेक्सिको, वार्ता।** मियोमिर केकमानोविच ने दुनिया के नंबर 4 अलेक्जेंडर ज्वेरेव को तीन सेट के रोमांचक मुकाबले में चौंका दिया और अपनी पहली टॉप 5 जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही वह मेक्सिको के अकापुल्को में एबिएर्तो मेक्सिकनो टेलसेल के क्वार्टर-फ़ाइनल में पहुंच गए। दुनिया में 84वें नंबर पर काबिज 26 साल के सर्बियाई खिलाड़ी ने ढाई घंटे से ज्यादा चले कड़े मुक. ाबले में 2021 के चैंपियन को 6-3, 6-7(3), 7-6(4) से हराया।

केमानोविच, जो टॉप 5 विरोधियों के खिलाफ अपने पिछले सभी 11 मैच हार चुके थे, ने अपने करियर के सबसे बेहत. रीन प्रदर्शनों में से एक दिया, और यादगार जीत पक्की करने के लिए निर्णायक टाई-ब्रेक में अपना धैर्य बनाए रखा। मैच के बाद केकमानोविच ने कहा कि यह बहुत अच्छा लग रहा है, खासकर इसलिए क्योंकि पिछले कुछ साल मुश्किल रहे हैं।इसलिए मैं खुश हूं कि आखिरकार कुछ चीजें मेरे हिंसाब से हो रही हैं।

उन्होंने खास मौकों पर अग्रे. सिव तरीके से खेला और असरदार सर्व किया, जबकि ज्वेरेव अपने बैकहैंड पर कंसिस्टेंसी के लिए जूझते रहे, उन्होंने 17 अनफोर्स्ड गलतियां कीं, जबकि केकमानो. विच ने छह गलतियां कीं। इस जीत के साथ, केकमानोविच ने जर्मन खिलाड़ी के खिलाफ अपना हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 2-2 से बराबर कर लिया और एटीपी 500 इवेंट के आखिरी आठ में पहुंच गए, जहां उनका सामना फ्रांस के टेरेंस एटमाने से होगा, जिन्होंने राफेल जोडार को 6-2, 4-6, 6-1 से हराया। दूसरे मैचों में, पांचवीं सीड फ्लेवियो कोबोली ने डालिबोर स्वर्सिना को 6-4, 6-4 से हराया और अब उनका अगला मैच चीन के वू यिबिग से होगा, जिन्होंने जापान के शो शिमाबुकुरो को 6-3, 7-6(4) से हराया।

## कलबुर्गी अगले हफ्ते अपना सबसे बड़ा महिला इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट होस्ट करेगा

**बेंगलुरु, वार्ता।** कलबुर्गी 1 से 8 मार्च 2026 तक चंद्रशेखर पाटिल स्टेडियम में आईटीएफ डब्ल्यू35 कलबुर्गी का स्वागत करते हुए अपना सबसे बड़ा इंटरनेशनल महिला टेनिस टूर्नामेंट होस्ट करने के लिए तैयार है।

यह 30,000 डॉलर का टूर्नामेंट, इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन द्वारा चलाए जाने वाले आईटीएफ महिला वर्ल्ड टेनिस टूर का हिस्सा है, और यह शहर का पहला आईटीएफ डब्ल्यू35-लेवल का महिला प्रोफेशनल इवेंट है। इस टूर्नामेंट में 32 खिलाड़ियों का सिंगल्स मेन ड्रॉ होगा, जिसके पहले 1 मार्च से 32 खिलाड़ियों का क्वालिफाइंग ड्रॉ होगा, साथ ही 16 टीमों का डबल्स ड्रॉ भी होगा। मेन ड्रॉ मैच 3 मार्च से शुरू होंगे। आईटीएफ डब्ल्यू35-कैटेगरी का इवेंट होने के नाते, यह कीमती रैंकिंग पॉइंट्स देता है।

# ब्लैक कैप्स की नजर सेमीफाइनल बर्थ पर

### इंग्लैंड इस मैच में ऐसे स्वैग के साथ उतरेगा जैसे उसे पहले से ही सेमीफाइनल की महक आ रही हो

### न्यूजीलैंड की क्वालिफिकेशन का समीकरण नतीजों और नेट रन रेट मैथेमेटिक्स पर नाजुक रूप से बैलेंस्ड है

**कोलंबो, वार्ता।** इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच सुपर आठ स्टेज का मुकाबला नर्वसनेस बनाम नैचुरल लय की एक क्लासिक लड़ाई होने का वादा करता है, एक ऐसा मुकाबला जिसे देखने वालों को शुक्रवार रात यहां आर प्रेमदासा स्टेडियम में अपने स्कोरकार्ड को कसकर पकड़े रहना चाहिए। इंग्लैंड इस मैच में ऐसे स्वैग के साथ उतरेगा जैसे उसे पहले से ही सेमीफ़ाइनल की महक आ रही हो। उन्होंने कड़ी मेहनत की है, आगे का टिकट बुक किया है, और अब थोड़ी आजादी से खेल सकते हैं। बिल्कुल वैसे ही जैसे कोई बैट्समैन अपना शतक पूरा कर चुका हो और शानदार, बेफिक्र स्ट्रोक खेलना शुरू कर दे। इंग्लिश कैंप उम्मीद कर रहा होगा कि सीरियस मामला शुरू होने से पहले वह इस मैच को एक आखिरी शार्पनिंग एक्सरसाइज के तौर पर इस्तेमाल करेगा, साथ ही अपने सीनियर बैटिंग स्टार्स से कुछ कंसिस्टेंसी भी निकलवाएगा। हालांकि, न्यूजीलैंड इस मैच को एक ऐसी टीम की तरह खेलेगा जिसकी कमर थोड़ी दीवार से टिकी हो लेकिन दिल अभी भी लड़ाई में पूरी तरह से लगा हो। उनके क्वालिफिकेशन का समीकरण नतीजों और नेट रन रेट मैथेमेटिक्स पर नाजुक रूप से बैलेंस्ड है। एक जीत उन्हें कॉन्फिडेंस के साथ सेमीफ़ाइनल में पहुंचा देगी( लेकिन, हार उन्हें कोलंबो पर धीरे-धीरे बारिश के बादलों की तरह दूसरे नतीजों को धीरे-धीरे आते देखने के लिए बेचैन कर सकती है। इंग्लैंड की बैटिग का मैदान एक बार फिर कप्तान हैरी ब्रूक के इर्द-गिर्द घूमने वाला है। ब्रूक पहले ही दिखा चुके हैं कि वह पलक झपकते ही सतर्क आर्किटेक्ट से विस्फोटक विध्वंसक बन सकते हैं, खासकर टूर्नामेंट की शुरुआत में जब इंग्लैंड का टॉप ऑर्डर लड़खड़ा रहा था, तब उन्होंने 50 गेंदों में शतक लगाया था। इंग्लैंड के लिए एकमात्र चिंता टॉप पर कंसिस्टेंसी है - वे ऐसी शुरुआत चाहते हैं जो सिर्फ़ शानदार न हो, बल्कि सॉलिड हो। इंग्लैंड से उम्मीद है कि वह हमेशा की तरह व्हाइट-बॉल क्रिकेट खेलेगा, पावरप्ले में एग्रेसिव, बीच के ओवरों में क्लिनिकल, और फिर आखिरी पांच में धमाका करने की कोशिश करेगा। बॉलिग डिपार्टमेंट में भी कुछ रोटेशन हो सकता है क्योंकि मैनेजमेंट की एक नजर नॉकआउट पर है। रचिन रवींद्र के ऑलराउंड प्रदर्शन से न्यूजीलैंड की उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं। वह उन खिलाड़ियों में से एक दिखे हैं जिनका हर बार प्रेशर बढ़ने पर कॉन्फिडेंस बढ़ता जाता है। जब विकेट गिरे, तो रवींद्र ने बल्ले से स्थिरता दी और फिर गेंद को असरदार तरीके से घुमाकर जरूरी ब्रेकथ्रू दिलाए। ब्लैक कैप्स अपने मिडिल-ऑर्डर की मजबूती से खास तौर पर शानदार रहे हैं। जब वे मुश्किल में पड़े, तो वे घबराए नहीं, उन्होंने बस पार्टनरशिप बनाई, स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया, और मोमेंटम के अपने पक्ष में आने का इंतजार किया। प्रेमदासा के हालात में एक अच्छा क्रिकेट मुक. ाबला होना चाहिए। पहले भी, इस जगह पर हुए 55 से ज्यादा टी-20 इंटरनेशनल मैचों में से, पीछा करने वाली टीमों ने 29 मैच जीते हैं, जबकि पहले बैटिंग करने वाली टीमों ने 24 जीते हैं। पहली पारी का औसत स्कोर लगभग 144 है, जिससे पता चलता है कि 160 से ऊपर का कोई भी स्कोर बहुत मुश्किल होगा। मौसम के अनुमान के मुताबिक, क्रिकेट के लिए यह एक खूबसूरत शाम होगी, जिसमें तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा, ह्यूमिडिटी लगभग 75 प्रतिशत होगी, और बारिश का खतरा बहुत कम होगा। ऐसे हालात में, बैट्समैन अपने शॉट खेल सकते हैं, लेकिन जो बॉलर लगातार अपनी लेंथ पर हिट करते हैं, वे फिर भी अपनी बात रख सकते हैं। टैक्टिकली, गेम में तीन जाने-पहचाने टी-20 चैप्टर होने चाहिए, जबरदस्त पावरप्ले बैटिग, बीच के ओवरों में डिसिप्लिन्ड स्पिन बॉलिग, और डेथ ओवरों में जबरदस्त हिटिंग। इंग्लैंड अटैकिग क्रिकेट पसंद करता है, लगभग वैसे ही जैसे

# वेस्टइंडीज ने श्रीलंका को हराया

● कप्तान हेली मैथ्यूज 100 रन/दो विकेट के शानदार प्रदर्शन की बदौलत विंडीज ने तीसरे वनडे में श्रीलंका को 6 विकेट से हराया

**सेंट जॉर्ज, वार्ता।** कप्तान हेली मैथ्यूज (100रन/ दो विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत वेस्टइंडीज ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में श्रीलंका पर 24 गेंदे शेष रहते छह विकेट से सांत्वना जीत दर्ज की। हेली को उनके शानदार खेल के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' पुरस्कार से नवाजा गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की टीम हर्षिता समरविक्रमा के 70 रनों की बदौलत 50 ओवर में सात विकेट पर 217 रन ही बना सकी। मैथ्यूज ने टीम का नेतृत्व किया, 12/2 की खराब स्थिति से उबरने में मदद की, और अब वह सबसे ज्यादा एकदिवसीय शतक बनाने वालों की सूची में संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर पहुंच गई हैं। श्रीलंका की शुरुआत खराब




रही जब कप्तान चामरी अटापट्टू पहले ही ओवर में हेली मैथ्यूज की गेंद पर बिना खाता खोले आउट हो गईं। हालांकि, समरविक्रमा ने 112 गेंदों पर 70 रन बनाकर पारी को संभाला, जो इस दौरान उन्होंने अपना दूसरा अर्धशतक बनाया। उन्होंने हसिनी परेरा (34 गेंदों पर 27) और विशमी गुणरत्ने (46 गेंदों पर 26) के साथ मिलकर मजबूत साझेदारी की। इसके अलावा, कविशा दिलहारी, जो 58 गेंदों पर 45 रन बनाकर नाबाद रहीं। आखिरी ओवरों में किए गए योगदान ने मेहमान टीम को सात विकेट पर 217 के स्कोर तक पहुंचाया। मेजबान टीम के लिए, मैथ्यूज और करिश्मा रामहरक ने से दो-दो विकेट लिए। एफी फ्लेचर, अश्मिनी मुनिसर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत भी खराब रही। मल्की मदारा ने शुरुआती ओवरों में दो विकेट कियाना जोसेफ (दो) और शर्मेन(शून्य) को सस्ते में आउट कर दिया।

शाह टाइम्स

## सम्पादकीय

शुक्रवार, 27 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# पीएम का इज़रायल दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नौ साल बाद फिर से इजरायल के दो दिवसीय दौरे पर हैं। मंगलवार को जिस तरह उनका इजरायल की राजधानी तेल अवीव के एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत हुआ, वह यह बताता है कि भारत और इजरायल के रिश्ते पहले की अपेक्षा बेहद मधुर दौर में हैं। इजरायल की यात्रा से पहले पीएम मोदी ने आशा व्यक्त की थी कि यह यात्रा भारत इजरायल के बीच स्थायी संबंधों को सुदृढ़ करेगी। रणनीतिक साझेदारी के लिए नए लक्ष्य निर्धारित करेगी। पीएम मोदी ने यह भी कहा था कि वह इजरायल के पीएम नेतन्याहू के साथ होने वाली चर्चा को लेकर आशान्वित हैं और उनका फोकस विज्ञान और प्रौद्योगिकी, नवाचार, कृषि, जल प्रबंधन, रक्षा एवं सुरक्षा व्यापार, निवेश के लोगों के बीच आपसी संबंधों समेत विभिन्न क्षेत्रों में हमारे सहयोग को और मजबूत करेगा। पिछले कुछ वर्षों में देखने में आया है कि भारत-इजरायल संबंध मजबूत हुए हैं, जिनमें रक्षा, वैज्ञानिक, अनुसंधान और नवाचार जैसे क्षेत्र शामिल हैं। विशेष रूप से रक्षा सहयोग दोनों पक्षों के बीच साझेदारी का महत्वपूर्ण स्तंभ बनकर आ रहा है। जिसमें इजरायल भारत को सैन्य प्लेटफॉर्म और हथियार प्रणालियां मुहैया करा रहा है। पीएम मोदी पहली बार 2017 में इजरायल के दौरे पर गए थे। दूसरी बार जाने पर नेतन्याहू ने मोदी का गले लगाकर अभिवादन किया। नेतन्याहू अपनी पत्नी सारा के साथ एयरपोर्ट पर स्वयं पीएम मोदी का स्वागत करने पहुंचे थे। निसंदेह पिछले दस वर्षों में भारत ने इजरायल के साथ अभूतपूर्व नजदीकी बढ़ाई है। हालांकि इजरायल को लेकर देश में मोदी सरकार की आलोचना भी कम नहीं हो रही है। तमाम विपक्षी दल जिसमें कांग्रेस और वामपंथी दल आगे हैं, वो इस यात्रा का विरोध भी कर रहे हैं। कांग्रेस ने तो स्पष्ट कह दिया है कि पीएम मोदी का इस समय इजरायल का दौरा करना ना राजनीतिक रूप से और न ही कूटनीतिक रूप से तर्कसंगत कदम कहा जा सकता है। यूं भी यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब फलस्तीन में उसके द्वारा नरसंहार कराए जाने को लेकर इजरायल के मित्र देश भी उससे छिटक रहे हैं और दूरी बनाकर चल रहे हैं। ऐसे में पीएम मोदी का इजरायल दौरा खाड़ी के देशों को भी विचलित कर सकता है जिनसे भारत के बेहतर संबंध रहे हैं। इस तरह का तर्क देने वालों को पूरी तरह खारिज भी नहीं किया जा सकता, क्योंकि इजरायल वह देश है जिसके साथ निकटता अन्य देशों के संबंधों पर प्रभाव डाल सकती है और भारत के हितों को प्रभावित कर सकती है। ऐसे में इजरायल के साथ आगे बढ़ते हुए भारत को बेहद सतर्कता की आवश्यकता है। इसमें कोई दोराय नहीं कि इजरायल हमारा सैन्य स्तर पर काफी सहयोग कर रहा है और काफी रक्षा प्रणाली हमें दे रहा है। लेकिन साथ ही हम अन्य देशों पर भी तेल, गैस, ऊर्जा को लेकर काफी निर्भर हैं।

## सपा की शुद्ध राजनीतिक नाटकबाजी



सपा का चाल, चरित्र और चेहरा हमेशा से ही दलितों, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और बहुजन समाज विरोधी रहा है, कांशीराम की जयंती पर पीडीए दिवस मनाने की घोषणा सपा की शुद्ध राजनीतिक नाटकबाजी है और यह बहुजन समाज के लोगों को भ्रमित करने का प्रयास मात्र है, सपा का इतिहास दलितों और कमजोर वर्गों के साथ अन्याय-अत्याचार से भरा रहा है, 1993 के सपा-बसपा गठबंधन और 2 जून 1995 के लखनऊ स्टेट गेस्ट हाउस कांड बहुजन समाज के सम्मान पर सीधा हमला थी, जो इतिहास में दर्ज है और जिसे भुलाया नहीं जा सकता, सपा सरकारों ने कांशीराम और बहुजन महापुरुषों के सम्मान में किए कई कार्यों को बदलने, समाप्त करने का काम किया।

**-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

# वंदे मातरम की गूंज और आजाद का अद्वितीय बलिदान



श्वेता गोयल

भारतीय इतिहास के आकाश में 27 फरवरी का दिन उस नक्षत्र की याद दिलाता है, जिसकी चमक से ब्रिटिश साम्राज्यवाद की आंखें चौंधिया गई थी। यह दिन उस महामानव के बलिदान का साक्षी है, जिसने अपनी प्रतिज्ञा को अपने प्राणों से भी ऊंचा स्थान दिया। चंद्रशेखर आजाद, एक ऐसा नाम, जिसके स्मरण मात्र से धमनियों में रक्त का संचार तीव्र हो जाता है और हृदय में राष्ट्रभक्ति का ज्वार उमड़ पड़ता है। आजाद केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचार थे, एक ऐसी जलती हुई मशाल थे, जिसने गुलामी के घोर अंधकार में करोड़ों भारतीयों को स्वतंत्रता का मार्ग दिखाया। उनका संपूर्ण जीवन एक ऐसी महागाथा है, जिसका प्रत्येक अध्याय साहस, त्याग और स्वाभिमान की स्याही से लिखा गया है।

**शैशव की दहलीज पर क्रांति का अंकुर**

मध्य प्रदेश के भाबरा गांव की मिट्टी में 23 जुलाई 1906 को जन्मे चंद्रशेखर सीताराम तिवारी का बचपन अभावों की गोद में बीता। उनके पिता एक साधारण किसान थे, जो कड़ी मेहनत से परिवार का भरण-पोषण करते थे, लेकिन उस बालक की आंखों में नियति ने कुछ और ही स्वप्न सजो रखे थे। वे बचपन से ही निडर और साहसी थे, अन्याय को सहना उनके स्वभाव में नहीं था। जब 1921 में महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन की पुकार काशी की गलियों में गूंजी तो 14 वर्ष का यह बालक अपनी पढ़ाई छोड़कर राष्ट्र की वेदी पर आ खड़ा हुआ। काशी की तंग गलियों में हाथ में तिरंगा लिए जब वह बालक अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध गर्जना कर रहा था, तब किसी ने नहीं सोचा था कि यह छोटा सा किशोर आगे चलकर ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिला देगा। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया और मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। उस कचहरी का दृश्य आज भी रोंगटे खड़े कर देता है। मजिस्ट्रेट ने जब रौब से नाम पूछा तो बालक ने निर्भय होकर उत्तर दिया, 'आजाद'। पिता का नाम पूछने पर कहा, 'स्वतंत्रता' और निवास का पता बताया, 'जेलखाना'। मजिस्ट्रेट इस धृष्टता पर तिलमिला उठा और उसने 14 साल के उस कोमल शरीर को 15 कोड़ों की सजा सुनाई।

**रक्त से लिखा गया स्वाभिमान का इतिहास**

सरेआम उस बच्चे को निर्वस्त्र कर टिकटी से बांध दिया गया। भारी और मोटे बेंत का हर प्रहार उसकी खाल उधेड़ रहा था, पीठ से खून के फव्वारे छूट रहे थे लेकिन उस बालक की आंखों में दर्द नहीं बल्कि एक अलौकिक गर्व था। हर कोड़े की मार पर वह पूरी ताकत से चिल्लाता था, 'वंदे मातरम!', 'भारत माता की जय!' 15 कोड़े पूरे होने तक उसका शरीर मांस का एक लोथड़ा बन चुका था, हड्डियां दिखाई देने लगी थी लेकिन उस वीर ने एक भी आंसू नहीं गिराया। जेल के डॉक्टर जब घावों पर दवा लगाते तो वह बच्चा दर्द से तड़पता जरूर था पर उसके होंठों पर मुस्कान और हृदय में प्रतिशोध की ज्वाला थी। इसी दिन से वह दुनिया के लिए 'आजाद' बन गए और उन्होंने संकल्प लिया कि वे कभी जीवित अंग्रेजों के हाथ नहीं आएंगे।

**काकोरी और क्रांतिकारी संगठन का पुनर्गठन**

असहयोग आंदोलन के अचानक वापस लिए जाने से आजाद का मोहभंग हुआ और वे सशस्त्र क्रांति की ओर मुड़ गए। उनकी क्रांतिकारी यात्रा का एक स्वर्णिम पड़ाव 'काकोरी कांड' था। 9 अगस्त 1925 को लखनऊ के पास सरकारी खजाने से भरी ट्रेन को लूटकर क्रांतिकारियों ने फिरंगियों को सीधी चुनौती दी।

इस कांड के बाद कई साथी पकड़े गए लेकिन अपनी चतुराई और वेश बदलने की कला में माहिर आजाद पुलिस की आंखों में धूल झोंक. कर बच निकले। संगठन बिखर चुका था पर आजाद का हौसला नहीं। 1928 में उन्होंने भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु जैसे युवा मेधावियों के साथ मिलकर 'हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन' की नींव रखी। आजाद इस संगठन के सेनापति थे। वे अनुशासन और निष्ठा के प्रति इतने कठोर थे कि संगठन के भीतर किसी को नियम तोड़ने की अनुमति नहीं थी। भगत सिंह जैसे प्रखर बुद्धिजीवी भी उन्हें अपना मार्गदर्शक मानते थे।

**छद्मवेश और निशानेबाजी की अद्भुत कला**

आजाद केवल एक योद्धा नहीं बल्कि एक कुशल रणनीतिकार भी थे। वे अक्सर साइकिल से मीलों की यात्रा करते थे, जो उनकी सादगी और संकल्प को दर्शाता है। ब्रिटिश पुलिस से बचने के लिए उन्होंने कई बार ऐसे भेष धरे कि पास खड़ा जासूस भी उन्हें पहचान नहीं पाता था। कभी वे अपनी मूंछें मुंडवाकर साधु बन जाते, तो कभी बनारस के घाटों पर नाविक बनकर अंग्रेजों के बीच से सुरक्षित निकल जाते थे। एक बार तो वे एक मंदिर में साधु बनकर रुके और अंग्रेज पुलिसकर्मी उन्हें पहचान तक नहीं सके। वे एक अद्वितीय निशानेबाज थे, जंगल के भीतर पेड़ों पर घंटों अभ्यास करना उनकी दिनचर्या थी। उनकी पिस्तौल 'बमतुल बुखारा' सदैव उनके पास रहती थी और उनकी अचूक निशानेबाजी का खौफ अंग्रेज अफसरों में ऐसा था कि वे आजाद का नाम सुनते ही कांपने लगते थे।

**लाहौर से दिल्ली तक प्रतिशोध की गूंज**

1928 में जब लाला लाजपत राय की लाठीचार्ज में हुई मृत्यु का बदला लेने की बात आई तो आजाद ने ही योजना बनाई। जे.पी. सांडर्स की हत्या के बाद उन्होंने अपने साथियों को सुरक्षित निकालने में अपनी पूरी शक्ति लगा दी। 8 अप्रैल 1929 को जब भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने केंद्रीय असेंबली में बम फैंका तो उसके पीछे भी आजाद की संगठनात्मक शक्ति काम कर रही थी। उन्होंने अपने साथियों को बचाने की हरसंभव कोशिश की लेकिन जब वे असफल रहे तो उन्होंने अकेले ही संगठन की कमान संभाली।

**अंतिम संघर्ष: अल्फ्रेड पार्क की अमर गाथा**

27 फरवरी 1931 की वह दुपहरी इतिहास के पन्नों में सदा के लिए दर्ज हो गई। इलाहाबाद द्धप्रयागराजत्र के अल्फेड पार्क में आजाद अपने एक साथी के साथ किसी भावी रणनीति पर विचार कर रहे थे, तभी गद्दारी की सूचना पर पुलिस ने पार्क को चारों ओर से घेर लिया। भारी मात्रा में पुलिस बल और अत्याधुनिक हथियारों के सामने आजाद अकेले थे, हाथ में वही विश्वसनीय पिस्तौल और जेब में सीमित गोलियां। मुठभेड़ शुरू हुई। आजाद ने अपने साथी को सुरक्षित निकाल दिया और स्वयं पुलिस का सामना करने लगे। उन्होंने अपनी चतुराई और निशानेबाजी से अंग्रेज अफसरों को पेड़ के पीछे दुबकने पर मजबूर कर दिया। गोलियां खत्म हो रही थी। अंतत: जब पिस्तौल में केवल एक गोली बची तो उन्हें अपनी वह प्रतिज्ञा याद आई, 'मैं कभी जीवित अंग्रेजों के हाथ नहीं आऊंगा'। उन्होंने तनिक भी संकोच नहीं किया और वह अंतिम गोली अपनी कनपटी पर दाग ली। इस प्रकार वह शेर अपनी ही मांद में शान से सो गया। उनकी मृत्यु के बाद भी पुलिस उनके पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही थी, डर था कि कहीं यह भी 'आजाद' की कोई चाल न हो।

**आजाद के जीवन का संदेश और प्रासंगिकता**

चंद्रशेखर आजाद का बलिदान केवल एक क्रांतिकारी का अंत नहीं था बल्कि वह एक जलती हुई मशाल थी, जिसने आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रभक्ति का अर्थ सिखाया। 24 वर्ष की अल्पायु में उन्होंने जो कीर्तिमान स्थापित किए, वे आज के युवाओं के लिए एक महाकाव्य के समान हैं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि देशभक्ति केवल नारों या सोशल मीडिया पोस्ट तक सीमित नहीं होनी चाहिए बल्कि वह हमारे आचरण, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा में दिखनी चाहिए। आजाद का नारा, 'हम जिएंगे आजाद, मरेंगे आजाद!' आज भी भारतीय हवाओं में गूं. जता है और हमें प्रेरणा देता है कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी विकट क्यों न हों, यदि संकल्प दृढ़ है तो दुनिया की कोई भी शक्ति आपको गुलाम नहीं बना सकती। आजाद का जीवन त्याग और अनुशासन की पराकाष्ठा था। उन्होंने कभी अपने निजी सुख के बारे में नहीं सोचा। उनकी वह प्रतिमा, जिसमें वे अपनी मूंछों पर ताव देते हुए दिखते हैं, केवल वीरता का प्रदर्शन नहीं है बल्कि वह भारतीय स्वाभिमान की वह चुनौती है, जो हर युग के अत्याचारी शासक को दी जाती रहेगी। भारत की आत्मा में चंद्रशेखर आजाद सदा जीवित रहेंगे क्योंकि जो राष्ट्र के लिए मरते हैं, वे कभी नहीं मरतेय अमर हो जाते हैं।


(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# वायरसों का अड्डा है आपका टूथब्रश

**ये वायरस संभवत: हमारे घरों में रसोई के सिंक या रेफ्रिजरेटर जैसी अन्य नम सतहों पर भी मौजूद होते हैं। यह अध्ययन इस बात पर प्रकाश डालता है कि बैक्टीरियोफेज रोजमर्रा के वातावरण में कैसे काम करते हैं, जिससे शोधकर्ताओं को आसपास छिपी हुई सूक्ष्मजीवी दुनिया को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलती है। सैन डिएगो स्थित कैलिफोर्निया विश्व. विद्यालय के जैक गिल्बर्ट इसे एक आकर्षक संसाधन के रूप में देखते हैं जो हमारे घरों के अंदर फेज गति. विधि के बारे में मूल्यवान जानकारी प्रदान करता है।**

क्या आप जानते हैं कि आपके टूथब्रश और शॉवरहेड में सैकड़ों वायरस हो सकते हैं। लेकिन घबराने की कोई जरूरत नहीं। बैक्टीरियोफेज नामक यह वायरस सिर्फ बैक्टीरिया को संक्रमित करते हैं, इंसानों को इससे कोई खतरा नहीं हैं। उल्टा यह वायरस हमें खतरनाक, दवा-प्रतिरोधी बैक्टीरिया से लड़ने के नए तरीके खोजने में मदद कर सकते हैं। नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी की एरिका हार्टमैन के नेतृत्व में शोधकर्ताओं ने आम घरेलू सतहों पर वायरस की अदृश्य दुनिया की अधिक जानकारी के लिए अमेरिकी घरों से 92 शॉवरहेड और 36 टूथब्रश का अध्ययन किया। उन्नत डीएनए अनुक्रमण तकनीकों का उपयोग करके, इन नमूनों में उन्होंने 600 से अधिक विभिन्न प्रकार के बैक्टीरियोफेज पाए। इनमें से ज्यादातर वायरस, टूथब्रश में पाए गए और वहां मिले कई वायरस तो विज्ञान के लिए सर्वथा नए थे।

बैक्टीरियोफेज आम तौर पर दो में से किसी एक तरीके से कार्य करते हैं, वे या तो बैक्टीरिया की मशीनरी को हाईजैक कर लेते हैं और अपनी प्रतियां बनाकर अंतत: मेजबान बैक्टीरिया को नष्ट कर देते हैं या वे बैक्टीरिया के जीनोम में एकीकृत हो जाते हैं और बैक्टीरिया के व्यवहार को बदल देते हैं। ये वायरस संभवत: हमारे घरों में रसोई के सिंक या रेफ्रिजरेटर जैसी अन्य नम सतहों पर भी मौजूद होते हैं। यह अध्ययन इस बात पर प्रकाश डालता है कि बैक्टीरियोफेज रोजमर्रा के वातावरण में कैसे काम करते हैं, जिससे शोधकर्ताओं को आसपास छिपी हुई सूक्ष्मजीवी दुनिया को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलती है। सैन डिएगो स्थित



कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के जैक गिल्बर्ट इसे एक आकर्षक संसाधन के रूप में देखते हैं जो हमारे घरों के अंदर फेज गतिविधि के बारे में मूल्यवान जानकारी प्रदान करता है। इस शोध की एक दिलचस्प संभावना यह भी है कि दवा-प्रतिरोधी बैक्टीरिया से निपटने के लिए नए खोजे गए बैक्टीरियोफेज का उपयोग किया जा सकता है। जब एंटीबायोटिक्स विफल हो जाते हैं, तो इंजीनियर्ड बैक्टीरियोफेज का उपयोग कभी-कभी इन सुपरबग्स को मारने के लिए किया जा सकता है। यह उपचार के लिए एक आशाजनक विकल्प प्रदान करता है। सारत:, साधारण-सा दिखने वाला टूथब्रश अदृश्य वायरसों से भरा और चिकित्सा में उपयोगी हो सकता है।

**-स्रोत फीचर्स**

# अनोखी प्रणयलीला अपनाता है यह पक्षी

वैसे तो कई सारे नर मादा को रिझाने के लिए तरह-तरह के तरीके अपनाते हैं। कई अपने रंग-रूप से लुभाते हैं, कुछ अपनी शक्ति से, कुछ गाकर, तो कुछ नाच कर, लेकिन बॉवरबर्ड कुल ptilonorhynchidae के सदस्यों के नर की प्रणयलीला का अंदाज निराला है। अपनी मादाओं को नर बॉवरबर्ड रिझाते तो नाच-गाकर ही हैं, लेकिन इसके लिए वे पहले पूरा मंच (स्टेज) बनाते हैं, उसे सजाते हैं। और तो और, हालिया अध्ययन बताता है कि वे अपने मंच में ऐसा इंतजाम करते हैं कि उनका गाना मादाओं को मोहित करने के लिए एकदम सही सुरों में सुनाई दे। इतना ही नहीं, वे अपने दर्शकों (मादाओं) के लिए परफॉर्मेंस देखते-देखते खानपान की व्यवस्था भी करते हैं। यानी मूवी के साथ पॉपकॉर्न भी। वास्तव में, अनूठी प्रणयलीला के चलते बॉवरबर्ड के प्रदर्शन पर काफी अध्ययन हुए हैं। लेकिन यह सभी अध्ययन दृश्य इंतजामों और प्रदर्शन तक सीमित थे। पता चला था कि बॉवरबर्ड टहनियां वगैरह इकठी करके मेहराबदार सुंरगनुमा, बॉवर या ऊंची कुटिया बनाते हैं। इसके द्वार से सटे आंगन की सजावट वे कंकड़-पत्थर, शंख, हड्डियों और कांच या प्लास्टिक के रंगीन टुकड़ों से करते हैं। जब यह कुटिया बनकर तैयार हो जाती है तो नर तेज, कर्कश आवाजें निकालकर इसके बारे में मादाओं को सूचना देते हैं। अगर कोई मादा इस पुकार को सुनकर चली आती है, और कुटिया की बनावट और सजावट उसे भा जाती है तो वह अंदर प्रवेश करती है। बस फिर क्या, नर उड़कर (पीछे की ओर बने) आंगन में आ जाता है और अपनी कलाकारी का प्रदर्शन शुरू कर देता है। मादा सुरंगनुमा कुटिया के दरवाजे से आंगन में खड़े नर बॉवरबर्ड का केवल सिर ही देख पाती है। नर का प्रदर्शन भी उसी के अनुरूप होता है। नर बॉवरबर्ड तेज, कर्कश, हिस्स्सकारती हुई आवाज में गाना गाता है। गाने के साथ वह मादा को लुभाने के लिए संटियां, फल जैसी विभिन्न वस्तुएं चोंच से उछाल-उछाल कर दिखाता है, और गर्दन घुमाकर अपने सिर के पीछे बने गुलाबी पंखों का मुकुट भी दिखाता है, लेकिन जैसा कि ऊपर भी कहा गया है कि ये सारे अवलो. कन बॉवरबर्ड की दृश्य गतिविधियों पर केंद्रित थे। डीकिन युनिवर्सिटी के प्रकृति-इतिहासकार जॉन एंडलर जानना चाहते थे कि क्या कुटिया की बनावट और आंगन की सजावट 'गाने' को मादा के लिए रुचिकर बनाने कोई भूमिका निभाते हैं? अपने अध्ययन के लिए उन्होंने उत्तरी ऑस्ट्रेलिया के निवासी ग्रेट बॉवरबर्ड (Chlamy der-anuchalis) को चुना। पहले तो उनकी टीम ने उत्तरी क्वींसलैंड के वनों में नर बॉवरबर्ड्स के 'प्रेमालाप' की रिकॉर्डिंग की। इसके बाद, उन्होंने कुटिया के प्रवेश द्वार (जहां नर होता है) पर स्पीकर को रखकर इस रिकॉर्डिंग को चलाया, और जहां आम तौर पर मादा का सिर होता है वहां माइक्रोफोन लगाकर ध्वनियों को रिकॉर्ड किया ताकि यह समझा जा सके कि कुटिया के आकार के कारण नर का प्रेमगीत मादा को कैसा सुनाई देता है। फिर, टीम ने व्यवस्थित रूप से कुटिया के आंगन में सजाई गई विभिन्न सजावटी वस्तुओं को हटाया और पता किया कि प्रत्एक सामग्री से कुटिया के अंदर सुनाई पड़ने वाली ध्वनि पर कैसा प्रभाव पड़ता है। बिहेवियोरल इकोलॉजी में प्रकाशित नतीजे बताते हैं कि नर ग्रेट बॉवरबर्ड बेहतरीन साउंड इंजीनियर होते हैं। कुटिया का आकार नर के गीत को ऊंचा कर देता है, जिससे अंदर मौजूद मादा को यह ज्यादा तेज सुनाई देता है। आंगन की सजावट भी आवाज को प्रभावित करती हैय शंख जैसी सख्त सतह भी टकराने वाली आवाज को तेज कर देती हैं। नर ग्रेट बॉवरबर्ड मादा के लिए न सिर्फ आकर्षक भवन, गीत और नृत्य प्रदर्शन का इंतजाम करते हैं बल्कि वे शो के दौरान खाने की चीजों का इंतजाम भी करते हैं। वे कुटिया की दीवारों को लार और वनस्पतियों से रंगते हैं, और उनके प्रदर्शन को देखते हुए मादा इसे चबाती हैं। रिझाने के लिए एक और पैंतरा! देखा जाए तो यह अध्ययन अपने-आप में काफी दिलचस्प है लेकिन इस संदर्भ में कई और चीजें समझना बाकी हैं। जैसे मादा कर्कश या मृदु आवाजों या मोटी-पतली आवाजों में गाए गए प्रेमगीतों पर कैसी प्रतिक्रिया देती हैं।

**-स्रोत फीचर्स**



# भूमध्य सागर सूखने पर जीवन उथल-पुथल हुआ था

अपने सुंदर समुद्र तटों के लिए लोकप्रिय भूमध्य सागर लगभग 60 लाख वर्ष पूर्व पूरी तरह से सूख गया था। भूमध्यसागर लवणीयता संकट के रूप मशहूर इस घटना ने इस क्षेत्र में लगभग सभी समुद्री जीवन को मिटा दिया और नमक की एक मोटी परत छोड़ दी। इसके परिणामस्वरूप क्षेत्र की जैव विविधता गंभीर रूप से प्रभावित हुई। इस घटना के साक्ष्य पहली बार 1970 के दशक में उजागर हुए जब भूवैज्ञानिकों ने समुद्र तल की खुदाई में बड़े पैमाने पर नमक जमा पाया। विशेषज्ञों के अनुसार 60 लाख वर्ष पूर्व पृथ्वी की महाद्वीपीय प्लेटें खिसकने के कारण भूमध्य सागर अटलांटिक महासागर से अलग हो गया, जिसके बाद लगभग 6 लाख वर्षों में समुद्र सूख गया। नतीजतन कोरल रीफ और मछली प्रजातियों से संपन्न पारिस्थितिकी तंत्र लगभग नमक का बंजर रेगिस्तान बन गया। इस संकट ने समुद्री जीवन को काफी प्रभावित किया, भूमध्य सागर की जैव विविधता को हमेशा के लिए बदल डाला। भूविज्ञानी कॉन्स्टेन्टिना अगियादी और उनकी टीम द्वारा हाल ही में किए गए अध्ययन ने इस विलुप्ति की घटना और उसके बाद की बहाली के बारे में नई जानकारी प्रदान की है। उन्होंने संग्रहालयों में उपलब्ध 1।2 करोड़ से 35 लाख वर्ष पुराने 23,000 से अधिक जीवाश्मों का विश्लेषण किया, जिससे 1755 वंशों (जेनेरा) की 4903 प्रजातियों का पता चला जो कभी भूमध्य सागर में निवास करती थीं। इस शोध से एक गंभीर तस्वीर सामने आई हैरू जीवंत कोरल रीफ सहित लगभग 800 प्रजातियां पूरी तरह से विलुप्त हो गईं। केवल सार्डीन और मैनेटी से सम्बंधित समुद्री स्तनधारियों जैसी केवल 86 प्रजातियां इस आपदा से बच पाईं।

लगभग 50,000 वर्षों के बाद, टेक्टोनिक प्लेटों के विचरण ने भूमध्य सागर को अटलांटिक से फिर से जोड़ दिया और समुद्र का पानी सूखे हुए बेसिन में वापस बहने लगा। लगभग 2700 प्रजातियां इस क्षेत्र में पुनरू आबाद हो गईं। हालांकि, वे सभी प्रजातियां वापस नहीं पनप सकीं जो पहले यहां रहा करती थीं। आजकल की प्रजातियों में नई प्रजातियां अधिक हैं। जैसे, ग्रेट व्हाइट शार्क, डॉल्फिन वगैरह।



पटना। होली उत्सव के दौरान पटना महिला कॉलेज की छात्राएं।

## एपस्टीन फाइल्स में बिकिनी पहनी महिला के साथ दिखे वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग

**वाशिंगटन।** जेफ्री एपस्टीन से जुड़े हाल में सामने आए दस्तावेजों में एक पुरानी तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें दिवंगत ब्रिटिश वैज्ञानिक स्टीफन हाकिंग दो बिकिनी पहनी महिलाओं के साथ नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर 2006 की बताई जा रही है। परिवार ने साफ किया है कि फोटो में दिख रही महिलाएं उनकी लंबे समय से देखभाल करने वाली केयरगिवर थीं और किसी भी तरह के अनुचित व्यवहार के आरोप निराधार हैं। तस्वीर कथित तौर पर कैरेबियाई द्वीप सेंट थामस के रिट्ज-कार्लटन होटल में ली गई थी। यहां मार्च 2006 में एपस्टीन ने एक वैज्ञानिक सम्मेलन का आयोजन कराया था। उस कार्यक्रम में 21 अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक शामिल हुए थे।

# यह इंडिया है, नॉर्थ कोरिया नहीं: राहुल गांधी

■ कहा: शांतिपूर्ण प्रोटेस्ट डेमोक्रेसी की आत्मा, यूथ कांग्रेस मेंबर्स के खिलाफ एक्शन पर पीएम मोदी की आलोचना की

**नई दिल्ली।** नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने गुरुवार को यूथ कांग्रेस मेंबर्स के खिलाफ एक्शन पर राहुल ने पीएम मोदी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की सरकार और नार्थ कोरिया के तानाशाही शासन एक जैसा है। ये इंडिया है, नार्थ कोरिया नहीं।

राहुल ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रोटेस्ट डेमोक्रेसी की आत्मा है। यह कोई अपराध नहीं है। उन्होंने पूछा जब आदिवासी अपने जल, जंगल, जमीन के हक के लिए खड़े हुए, तो उन पर भी शक की नजर डाली गई। यह कैसा लोकतंत्र है, जहां पीएम सवालों से डरते है? जहां असहमति को कुचलना शासन का स्वभाव बनता जा रहा है? दरअसल, दिल्ली में आयोजित एआई समिट के दौरान यूथ कांग्रेस मेंबर्स ने शर्ट उतार कर प्रोटेस्ट किया था। इस संबंध में दिल्ली पुलिस 3 सदस्यों को गिरफ्तार करने शिमला पहुंची थी। इसके बाद हिमाचल पुलिस ने दिल्ली पुलिस को उन्हें ले जाने से रोक लिया था। राहुल ने ये बातें गिरफ्तार तीन यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दिल्ली वापस लाने की इजाजत मिलने के बाद कही। राहुल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा किसोचिए मुद्दा कोई भी हो, अगर आप सत्ता के खिलाफ संवैधानिक तरीके से आवाज उठाते हैं, तो लाठी, मुक. दमा और जेल, यह लगभग तय है।

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति बोले: ईरान आतंकवाद का सबसे बड़ा गढ़

## कहा: सनकी और क्रूर शासन को परमाणु हथियार रखने की अनुमति नहीं दे सकते



■ बातचीत कितने समय तक जारी रखनी है, इसका अंतिम फैसला राष्ट्रपति ट्रम्प करेंगे: वेंस

**वाशिंगटन।** मिडिल ईस्ट में अमेरिकी वारशिप और सैनिकों की तैनाती के बीच उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान को सख्त संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की कूटनीति को कमजोरी न समझा जाए और जरूरत पड़ी तो सैन्य विकल्प भी इस्तेमाल होगा।

वेंस ने कहा कि सैन्य कार्रवाई की धमकियों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। फाक्स न्यूज से बात. चीत में वेंस ने कहा- हमें ऐसी स्थिति में पहुंचना होगा जहां ईरान, जो दुनिया में आतंकवाद का सबसे बड़ा गढ़ है, परमाणु आतंकवाद से दुनिया को धमकी न दे सके। सनकी, क्रूर और दुनिया के सबसे खतरनाक शासन को परमाणु हथियार रखने की इजाजत नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प कूटनीतिक समाधान चाहते हैं, लेकिन उनके पास अन्य विकल्प भी मौजूद हैं और वे उनका इस्तेमाल करने की इच्छा दिखा चुके हैं। ट्रम्प ने बुधवार को संसद में अपने संबोधन के दौरान आरोप लगाया था कि ईरान अमे. रिका तक मार करने में सक्षम मिसाइलें विकसित कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान पिछले साल अमेरिकी हमलों के बाद अपने परमाणु कार्यक्रम को दोबारा खड़ा करने की कोशिश कर रहा है। जब वेंस से पूछा गया कि क्या ईरान के सर्वोच्च नेता को हटाना भी अमेरिका का लक्ष्य है, तो उन्होंने कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए अंतिम फैसला राष्ट्रपति ट्रम्प करेंगे। वेंस ने कहा कि बातचीत कितने समय तक जारी रखनी है, इसका अंतिम फैसला राष्ट्रपति ट्रम्प करेंगे। उन्होंने कहा हम कोशिश जारी रखेंगे। लेकिन राष्ट्रपति के पास यह अधिकार है कि वे तय करें कि कूटनीति अपनी सीमा तक पहुंच गई है या नहीं।

## पीओके पर भारत की पाक को फटकार, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 61वें सत्र में सुनवाई खरी-खरी

# जबरन कब्जे वाले इलाके खाली करो

■ पाकिस्तान का लगातार दुष्प्रचार ईर्ष्या से भरा हुआ है: अनुपमा सिंह

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 61वें सत्र में पाकिस्तान को करारा जवाब देते हुए तगड़ी फटकार लगाई है। भारत ने इस्लामाबाद पर दुष्प्रचार फैलाने का आरोप लगाया और जोर देकर कहा कि जम्मू और कश्मीर का विकास पथ पाकिस्तान की आर्थिक समस्याओं के बिल्कुल विपरीत है।

23 फरवरी से 31 मार्च तक आयोजित हो रहे सत्र में 25 फरवरी को आयोजित उच्चस्तरीय सत्र के दौरान भारत के जवाब देने के अधिकार का प्रयोग करते हुए भारत की प्रतिनिधि अनुपमा सिंह ने पाकिस्तान और इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) द्वारा लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि इस समूह ने खुद को एक सदस्य देश के लिए 'प्रतिबिंब कक्ष' के रूप में इस्तेमाल होने दिया है।

अनुपमा सिंह ने कहा कि हम इन आरा. पों को सिरे से खारिज करते हैं। साथ ही यह भी जोड़ा कि पाकिस्तान का लगातार दुष्प्रचार ईर्ष्या से भरा हुआ है। सिंह ने भारत के उस चिरस्थाई रुख को दोहराया कि जम्मू और कश्मीर 'भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा।' उन्होंने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता अधि. नियम और अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार, 1947 में इस क्षेत्र का भारत में विलय पूरी तरह से कानूनी और अपरिवर्तनीय था। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र से संबंधित एकमात्र लंबित विवाद पाकिस्तान द्वारा भारतीय क्षेत्रों पर अवैध कब्जा है और उन्होंने इस्लामाबाद से अपने नियंत्रण वाले क्षेत्रों को खाली करने को कहा। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के नियमित सत्र के उच्च स्तरीय खंड में, जिनेवा में प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने कहा कि पाकिस्तान और ओआईसी द्वारा उच्च स्तरीय खंड के दौरान उठाए गए मुद्दों के जवाब में भारत को अपने उत्तर देने के अधिकार का प्रयोग करने के लिए विवश होना पड़ा है। हम इन आरोपों को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के दुष्प्रचार को दो. हराकर, ओआईसी यह प्रकट करता है कि वह किस हद तक एक सदस्य देश के प्रभाव में आ गया है, और उस देश की राजनीतिक बाध्यताओं के लिए एक प्रतिध्वनि कक्ष बनकर रह गया है। पाकिस्तान का निरंतर दुष्प्रचार ईर्ष्या से भरा है। हम इसे महत्व नहीं देना चाहते, लेकिन तथ्यों के आधार पर इसका खंडन करने के लिए हम कुछ बिंदु उठाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा। पाकिस्तान की किसी भी प्रकार की मनगढ़ंत बयानबा. जी या दुस्साहसी दुष्प्रचार इस अटल तथ्य को नहीं बदल सकता कि जम्मू और कश्मीर का भारत में विलय 1947 के भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम और अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार पूरी तरह से कानूनी और अपरिवर्तनीय था। वास्तव में, एकमात्र लंबित मुद्दा यह पाकिस्तान द्वारा भारतीय क्षेत्रों पर अवैध कब्जा है। हम पाकिस्तान से जबरन कब्जे वाले क्षेत्रों को खाली करने का आह्वान करते हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू और कश्मीर में आम चुनाव और विधानसभा चुनावों में रिकॉर्ड मतदान इस बात का प्रमाण है कि वहां की जनता ने पाकिस्तान द्वारा प्रचारित आतंकवाद और हिंसा की विचारधारा को खारिज कर दिया है और विकास और लोकतंत्र के पथ पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि अगर पिछले साल जम्मू और कश्मीर में उद्घाटन किया गया दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल, चेनाब रेल पुल, फर्जी माना जाता है, तो पाकिस्तान को हकीकत की दुनिया में रहना चाहिए या शायद उसे यह अविश्वसनीय लगता है कि जम्मू और कश्मीर का विकास बजट आईएमएफ से मांगे गए हालिया राहत पैकेज से दोगुने से भी अधिक है।

## भारत-इजरायल की दोस्ती से पाक चिंतित



■ पीएम मोदी की यात्रा के दौरान भारत और इजरायल के बीच संबंध और मजबूत हुए

**इस्लामाबाद।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर इजरायलमें हैं। पीएम मोदी को इस दौरे पर इजरायल का सर्वोच्च सम्मान दिया गया है। पीएम मोदी की यात्रा के दौरान भारत और इजरायल के बीच संबंध और मजबूत हुआ है। वहीं भारत इजरायल के बीच इस दोस्ती को देखकर पाकिस्तान को झटका लगा है।

पाकिस्तान की घबराहट उसके हालिया प्रस्ताव में साफ दिखाई दे रही है। दरअसल, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पीएम मोदी के इस दौरे पर भारत और दूसरे देशों के साथ क्षेत्रीय गठबंधन बनाने के बारे में बताया, जिसका नाम हेक्सागन अलायंस होगा। पाकिस्तान को पीएम नेतन्याहू की ये बात चुभ रही है। तभी तो पाकिस्तान ने इजरायली प्रधानमंत्री के खिलाफ प्रस्ताव पास कर दिया है। भारत और इजरायल रक्षा, व्यापार और सुरक्षा क्षेत्रों में संबंध मजबूत करने पर फोकस कर रहे हैं। भारत और इजरायलने एक सुरक्षा एमओयू पर भी हस्ताक्षर किया है जो भारत में हथियार की व्यवस्था को एक साथ विकसित करने पर फोकस है। यह समझौता आयरन डोम को भारत में इजरायलके सहयोग से विकसित करने पर हुआ है।

## अमेरिका उत्तर कोरिया के परमाणु राष्ट्र संपन्न दर्जा स्वीकार करे: किम जोंग उन

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने कहा है कि यदि अमेरिका अपनी शत्रुतापूर्ण नीति छोड़कर उत्तर कोरिया के परमाणु संपन्न राष्ट्र के संवैधानिक दर्जे को स्वीकार करता है, तो उत्तरी कोरिया अमे. रिका के साथ संबंधों को सुधारने के लिए तैयार होगा। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया की नौवीं कांग्रेस के अवसर पर आयोजित एक परमाणु सैन्य परेड में किम ने यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि यदि अमेरिका उत्तर कोरिया के संविधान में परिभाषित परमाणु राष्ट्र की वर्तमान स्थिति का सम्मान करता है और उत्तर कोरिया के प्रति अपनी शत्रुतापूर्ण नीति वापस लेता है, तो ऐसा कोई कारण नहीं है कि हम अमेरिका के साथ अच्छे संबंध स्थापित न कर सकें। किम ने कहा कि अमेरिका और उत्तर कोरिया साथ चल सकते हैं, लेकिन केवल तभी जब अमेरिका यह स्वीकार कर ले कि उत्तर कोरिया के परमाणु हथियार स्थाई रूप से रहेंगे। उत्तरी कोरिया के सुप्रीम लीडर की टिप्पणियों को अप्रैल में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की चीन यात्रा से पहले अमेरिका के साथ बातचीत का रास्ता खोलने के रूप में देखा गया।

# चीन के वैश्विक जासूसी नेटवर्क का खुलासा



■ हैकिंग समूह ने दुनिया भर के 42 देशों के कम से कम 53 प्रमुख संगठनों के डेटा में सेंध लगाई थी

**न्यूयार्क।** तकनीकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी गूगल ने एक बेहद संगठित और खतरनाक अंतर्राष्ट्रीय साइबर जासूसी नेटवर्क को ध्वस्त करने का दावा किया है।

गूगल ने बताया कि चीन से जुड़े एक हैकिंग समूह यूएनसी2814 (जिसे गैलियम भी कहा जाता है) ने दुनिया भर के 42 देशों के कम से कम 53 प्रमुख संगठनों के डेटा में सेंध लगाई थी। गूगल थ्रेट इंटेलिजेंस ग्रुप के मुख्य विश्लेषक जान हल्टक्विस्ट ने कहा कि यह एक विशाल जासूसी तंत्र था, जिसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर व्यक्तियों और विशिष्ट संस्थानों की निगरानी करना था। यह समूह लगभग एक दशक से सक्रिय है। वैसे, गूगल ने स्पष्ट किया कि यह किसी उत्पाद की तकनीकी खामी नहीं, बल्कि प्लेटफार्म का दुरुपयोग था। हैकरों ने ग्रिडटाइड नामक एक गुप्त बैकडोर स्थापित किया था, जिससे उन्हें लोगों के नाम, फोन नंबर, जन्म तिथि, मतदाता पहचान पत्र और नेशनल आईडी जैसे बेहद निजी डेटा तक पहुंच मिल गई थी। हल्टक्विस्ट ने कहा कि जासूसी नेटवर्क विशेष रूप से सरकारी संस्थाओं और दूरसंचार कंपनियों को अपना निशाना बनाता रहा है। हालांकि, गूगल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए हैकिंग समूह की ओर से नियंत्रित क्लाउड प्रोजेक्ट को बंद कर दिया है और उनके इंटरनेट बुनियादी ढांचे को निष्क्रिय कर दिया है। हमलों का उद्देश्य काल डाटा रिकॉर्ड और एसएमएस संदेशों की चोरी करना था।

## ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु वार्ता का तीसरा दौर शुरू

■ पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य जमावड़े के कारण दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर

**जिनेवा।** स्विट्जरलैंड के जिनेवा में ओमान की मध्यस्थता के तहत ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता का तीसरा दौर गुरुवार को शुरू हो गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, यह वार्ता ऐसे समय में हो रही है जब पश्चिम एशिया में अमे. रिकी सैन्य जमावड़े के कारण दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है। इससे पहले वार्ता के पहले और दूसरे दौर इस महीने की शुरुआत में मस्कट और जिनेवा में आयोजित किए गए थे।

इससे पहले ओमान के विदेश मंत्रालय ने बताया कि विदेश मंत्री बद्र अल्बुसैदी ने बुधवार शाम जिनेवा में ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से मुलाकात की। इस बैठक में दोनों मंत्रियों ने हाल के घटनाक्रमों की समीक्षा की। इस बीच, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि उनका देश परमाणु हथियार विकसित नहीं करेगा क्योंकि सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने ऐसे हथियारों के विकास प्रतिबंध लगा रखा है। पेजेशकियन ने कहा कि किसी समाज का धार्मिक नेता राजनेताओं की तरह झूठ नहीं बोल सकता और जब उन्होंने घोषणा कर दी है कि हमारे पास परमाणु हथियार नहीं होंगे, तो इसका मतलब है कि हम इसे नहीं बनाएंगे।

## मार्च की शुरुआत मे हो सकती है अमेरिका, यूक्रेन रूस के बीच बैठक

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि यूक्रेन, अमेरिका और रूस के प्रतिनिधिमंडलों के बीच अगले दौर की बातचीत मार्च की शुरुआत में होने की उम्मीद है। स्थानीय मीडिया ने जेलेंस्की के हवाले से कहा कि बातचीत से पहले यूक्रेन के मुख्य वार्ताकार एवं राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रक्षा परिषद सचिव रुस्तम उमरोव गुरुवार को अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और जैरेड कुशनर से मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इस द्विपक्षीय बैठक में आगामी तीन-तरफा बातचीत की तैयारियों, यूक्रेन की पुनर्निर्माण निधि और यूक्रेन तथा रूस दोनों देशों के बीच कैदियों की संभावित अदला-बदली पर ध्यान दिया जाएगा।

# पुलिस थानों में सीसीटीवी की कमी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## अदालत ने दिए केंद्र सरकार को बैठक में शामिल होने के निर्देश, 14 मार्च को अहम मीटिंग

■ 21 फरवरी को हुई बैठक में केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार और कुछ राज्य शामिल नहीं हुए, जिससे रिपोर्ट दाखिल नहीं हो सकी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी को लेकर केंद्र सरकार और अन्य पक्षों को निर्देश दिया है कि वे एक केंद्रीयकृत डेशबोर्ड और सीसीटीवी मानकीकरण से जुड़ी बैठक में अनिवार्य रूप से भाग लें।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे द्वारा दी गई दलीलों के बाद यह आदेश पारित किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने यह आदेश एमिकस क्यूरी द्धन्यायालय का मित्रऋ वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे की दलील पर दिया। दवे ने बताया कि 21 फरवरी को हुई बैठक में केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार और कुछ राज्य शामिल नहीं हुए, जिससे रिपोर्ट दाखिल नहीं हो सकी। इस दलील पर ध्यान देते हुए कोर्ट ने आदेश दिया कि भारत सरकार के वकील ने पहले ही क्षमा मांग ली है कि संचार में कुछ गड़बड़ी के कारण वे बैठक में शामिल नहीं हो सके। हालांकि, उन्होंने हमें आश्वासन दिया है कि अगली बैठक में वे पूरा सहयोग देंगे। पीठ ने कहा कि अतिरिक्त मित्र ने बैठक के लिए 14 मार्च, 2026 की तारीख सुझाई है। बैठक पहले दिए गए निर्देशानुसार 14 मार्च, 2026 को आयोजित की जाए। कोर्ट ने कहा कि अगली बैठक 14 मार्च 2026 को होगी और सभी पक्षों को सहयोग करना होगा। मामले की अगली सुनवाई 23 मार्च को तय की गई है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में पुलिस थानों में मानवाधिकार उल्लंघन रोकने के लिए सीसीटीवी लगाने का आदेश दिया था। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने एक मीडिया रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए पुलिस स्टेशनों में कार्यात्मक सीसीटीवी कैमरों की कमी को लेकर स्वत: संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका दर्ज करने का निर्देश दिया था। सर्वोच्च न्यायालय ने 2018 में मानवाधिकारों के हनन की जांच के लिए पुलिस स्टेशनों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का आदेश दिया था। दिसम्बर 2020 में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को सीबीआई, ईडी और राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्धएनआईएऋ सहित जांच एजेंसियों के कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरे और रिकार्डिंग उपकरण लगाने का निर्देश दिया था। इसमें कहा गया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रत्येक पुलिस स्टेशन में, सभी प्रवेश और निकास बिंदुओं पर, मुख्य द्वार पर, लाक-अप में, गलियारों में, लाबी और रिसेप्शन में, साथ ही लाक-अप कमरों के बाहर के क्षेत्रों में भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं ताकि कोई भी हिस्सा बिना सुरक्षा के न रह जाए।

## ब्राजील में भारी बारिश से मरने वालों की संख्या बढ़कर 46 हुई

**रियो डी जनेरियो।** ब्राजील के दक्षिण-पूर्वी मिनास गेरैस राज्य में भारी बारिश से मरने वालों की संख्या बढ़कर 46 हो गई है, जबकि 21 लोग अभी भी लापता हैं। प्रशासन की ओर से बुधवार को आए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, सबसे ज्यादा प्रभावित शहर जुइज डे फोरा में 40 मौतें हुई हैं, जबकि पास की उबा नगरपालिका में छह मौतों की खबर है। अधिकारियों ने बताया कि जुइज डे फोरा में 19 और उबा में दो लोग लापता हैं। जुइज डे फोरा में लगभग 3000 लोग और उबा में 26 लोग बेघर हो गए हैं, जबकि भूस्खलन और बाढ़ के खतरे के कारण क्रमश: 400 और 178 लोगों को निकाला गया है।

# कनाडाई धरती पर अपराधों से नहीं जुड़ा भारत: कनाडा

## पीएम कार्नी के भारत दौरे से पहले दोनों देशों के बीच तनाव खत्म होने की संभावनाओं का संकेत दिए

■ भारत में मुंबई और नई दिल्ली का दौरा करने के बाद कार्नी ऑस्ट्रेलिया और जापान भी जाएंगे



**ओटावा।** प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के भारत दौरे से पहले कनाडा ने दोनों देशों के बीच तनाव खत्म होने की संभावनाओं का संकेत देते हुए कहा है कि भारत अब उसकी सरजमीन पर हिसक अपराधों में शामिल नहीं है। टोरोंटो स्टार की ओर से प्रकाशित एक खबर के अनुसार, एक वरिष्ठ कनाडाई अधिकारी ने बुधवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि कनाडा सरकार को विश्वास है कि अब इस तरह की घटनाएं नहीं हो रहीं।

रिपोर्ट में अधिकारी के हवाले से कहा गया कि हमारा कूटनीतिक आदान-प्रदान बहुत मजबूत है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के बीच भी है। मुझे लगता है कि अब यह कह सकते हैं कि उस तरह की कोई गतिविधि जारी नहीं है। अप्रैल 2025 में कनाडा की कमान संभालने वाले कार्नी गुरुवार को भारत के लिए रवाना होंगे। यह उनके हिंद-प्रशांत दौरे का पहला पड़ाव होगा। भारत में मुंबई और नई दिल्ली का दौरा करने के बाद कार्नी ऑस्ट्रेलिया और जापान भी जाएंगे। इस दौरे का लक्ष्य द्विपक्षीय संबंधों को फिर से कायम करना और व्यापार, ऊर्जा, तकनीक, रक्षा एवं कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) में सहयोग का विस्तार करना है। उल्लेखनीय है कि कनाडा ने 2023 में खालिस्तान-समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप भारत पर लगाया था, जिसके बाद दोनों देशों के बीच कूटनीतिक रिश्ते कटु हो गए थे। इस विवाद के कारण दोनों देशों ने अक्टूबर 2024 में उच्चायुक्तों और राजनयिकों को वापस बुला लिया गया। कार्नी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से दोनों देशों ने अपने-अपने उच्चायुक्तों को काम पर लौटा दिया है। अधिकारियों का कहना है कि वरिष्ठ स्तर पर व्यवस्थित बातचीत ने संवाद के लिए रास्ता बनाया है। अपने भारत दौरे पर कार्नी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं अन्य उद्यमियों से मिलकर दोनों देशों के बीच आर्थिक और निवेश संबंध मजबूत करेंगे। साल 2024 में भारत कनाडा का सातवां सबसे बड़ा व्यापार-साथी था। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार करीब 30.8 अरब डॉलर था। नों ही देश फिलहाल एक विस्तृत आर्थिक साझेदारी समझौते पर बातचीत कर रहे हैं जिससे व्यापार 2030 तक 70 अरब डॉलर तक बढ़ सकता है।

# यूक्रेन संकट के राजनीतिक समाधान की मांग

■ चीन ने कहा: देशों की प्रादे. शिक अखंडता का सम्मान जरूरी

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र स्थित चीनी स्थाई मिशन के राजनयिक थंग फेइ ने एक आपात विशेष यूएन महासभा में यूक्रेन संकट के राजनीतिक समाधान की मांग की। शांति के समर्थन पर फैसले का मसौदा पारित होने के बाद अपने भाषण में थंग फेइ ने कहा कि वर्तमान नाजुक वक्त में चीन को इंतजार है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय संकट के राजनीतिक समाधान के लिए लाभकारी वातावरण तैयार करेगा।

उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि यूएन महासभा शांति के लिए रचनात्मक भूमिका निभाएगी। चीन इस संकट के राजनीतिक समाधान के लिए सकारात्मक कोशिश जारी रखेगा। थंग फेइ ने कहा कि चीन अभी यूएन महासभा के फैसले मसौदे पर मतदान से अलग हुआ है। चीन का हमेशा से विचार है कि विभिन्न देशों की प्रभुसत्ता और प्रादे. शिक अखंडता का सम्मान करना जरूरी है, और साथ ही यूएन चार्टर के सिद्धांतों का पालन करना है। विभिन्न पक्षों की सुरक्षा चिंताओं को महत्व देना है और संकट के शांतिपूर्ण समाधान के लिए लाभदायक सभी कोशिशों का समर्थन करना चाहिए। थंग फेइ ने कहा कि समस्या का जड़ से समाधान करना चाहिए ताकि अधिक संतु. लित, प्रभावी और सतत् यूरोपीय सुरक्षा ढांचा बन जाए। जिनेवा में होने वाली महत्वपूर्ण बैठक से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने फोन पर विस्तार से चर्चा की। इस बातचीत का मुख्य उद्देश्य रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को समाप्त करने का रास्ता खोजना है। यूक्रेनी राष्ट्रपति का मानना है कि इन बैठकों के माध्यम से बातचीत को शीर्ष नेताओं के स्तर तक ले जाने का मौका मिलेगा।

